e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 10, अंक 227

रविवार

20.08.2023

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**

जैसे हमारे विचार होते हैं हमारी जिन्दगी भी वैसी ही होती है

ताजा खबरों के लिए देखें

नयनश्री नेत्रालय

आंखों का संपूर्ण इलाज

O.P.D सोमवार से शनिवार सुबह 9 से शाम 4 तक

Dr. Gurcharan Singh

MBBS ,MS(Senior, Eye Consultant )

Fellow LV Prasad Eye Institute , Hyderabad

(Neuro Opthalmology & Pediatric Ophthalmology )

Call: 7707013096

असर्फी हॉस्पिटल, बारामुडी, बिशुनपुर, धनबाद -828130

## रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 26⁰ |
| न्युनतम | 12⁰ |

## क्विक न्यूज

### रूसी मिसाइल अटैक में पांच लोगों की मौत

**कीव :** उत्तरी यूक्रेन के शहर चेर्निहाइव में एक केंद्रीय चौराहे पर रूसी मिसाइल के हमले में पांच लोग मारे गए और 37 घायल हो गए। इस बात की जानकारी आंतरिक मंत्रालय ने शनिवार को दी।मंत्रालय ने कहा कि जब हमला हुआ, तब लोग धार्मिक अवकाश मनाने के लिए चर्च जा रहे थे। जानकारी के मुताबिक, घायलों में 11 बच्चे भी शामिल हैं। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने सोशल मीडिया टेलीग्राम पर एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा, एक रूसी मिसाइल शहर के ठीक मध्य में, हमारे चेर्निहाइव में गिरी। यहां एक चौराहा, पॉलिटेक्निक विश्वविद्यालय और एक थिएटर है।

### एटीएम मशीन उखाड़ते हुए शातिर युवक गिरफ्तार

**कानपुर :** नवाबगंज थाने की पुलिस टीम ने शुक्रवार रात गश्त के दौरान एटीएम में चोरी कर रहे एक युवक को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम ने उसके कब्जे से एक लोहे की राड और एक मोटर साइकिल बरामद किया। यह जानकारी शनिवार को थाना प्रभारी निरीक्षक रोहित कुमार तिवारी ने दी।बीपकड़ा गया एटीएम चोर हरदोई जनपद के राधे रामपुर महनेपुर मल्लावां गांव निवासी शुभम कुमार पुत्र राजेन्द्र प्रसाद है। पुलिस टीम को शुक्रवार रात कंट्रोल रूम के माध्यम से यह सूचना प्राप्त हुई कि एटीएम के पास एक संदिग्ध युवक खड़ा हुआ है। इस सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो वह एक लोहे की राड से एटीएम मशीन उखाड़ रहा था। पुलिस टीम ने उसे हिरासत में लेकर तत्काल थाने पहुंची और पूछताछ की। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम व पता बताया। आज उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया।

### पंजाब के शिक्षा मंत्री को सांप ने डसा

**चंडीगढ़ :** पंजाब में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करते हुए शिक्षा मंत्री हरजोत बैंस को सांप ने काट लिया। घटना 15 अगस्त की है। शनिवार को तबियत ठीक होने के बाद उन्होंने खुद ट्वीट करके इस बारे में जानकारी दी। डाक्टरों ने बैंस को अभी दो से तीन दिन और आराम करने की सलाह दी है। हरजोत बैंस ने ट्वीट करके लिखा कि परमात्मा की कृपा से उनके हलके आनंदपुर साहिब में बाढ़ से पैदा हुए हालात अब काफी हद तक ठीक हैं। 15 अगस्त को जब वह हलके के गांवों में पानी भरने का जायजा लेने के गावों का दौरा कर रहे थे तो अचानक जहरीले सांप ने पैर पर काट लिया। हरजोत बैंस ने लिखा कि आप सभी की दुआओं से वह अब ठीक हैं। बैंस के अनुसार डाक्टरों ने उनके टेस्ट किए हैं अब सभी टेस्ट रिपोर्ट भी नार्मल आई हैं। अपने हलका निवासियों को संबोधित करते हुए बैंस ने लिखा है कि आप सभी के प्यार एवं आशीर्वाद ने हमेशा हौंसला दिया है।

### आरएल ज्वेलर्स पर ईडी का छापा, 50 किलो सोना और 87 लाख रुपये जब्त

**मुंबई :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने पूर्व सांसद और राकांपा अध्यक्ष शरद पवार के नजदीकी ईश्वरलाल जैन के प्रतिष्ठान आरएल ज्वेलर्स पर छापा मारकर 50 किलो सोना और 87 लाख रुपये जब्त किया है। पूर्व सांसद ईश्वरलाल जैन ने ईडी की ओर से की गई जब्ती की कार्रवाई को गैरकानूनी बताया है। जैन ने शनिवार को पत्रकारों को बताया कि वे ईडी की कार्रवाई को कोर्ट में चुनौती देंगे। जानकारी के अनुसार ईडी की टीम ने ईश्वरलाल जैन के जलगांव, नागपुर और नासिक में स्थित आर एल ज्वेलर्स के प्रतिष्ठानों पर गुरुवार को सुबह से एक साथ छापेमारी शुरू की थी। इस छापेमारी में ईडी के 60 से अधिक अधिकारी और कर्मचारी शामिल थे। यह कार्रवाई शुक्रवार शाम तक लगभग 40 घंटे से अधिक समय तक चली।

टाटा संस के पूर्व चेयरमैन रतन टाटा को महाराष्ट्र सरकार ने उद्योग रत्न पुरस्कार से किया सम्मानित

# विश्वास का प्रतीक है टाटा : सीएम

**पुरस्कार पाने के बाद 85 वर्षीय रतन टाटा ने सभी को धन्यवाद दिया**

एजेंसी

**मुंबई :** देश के दिग्गज उद्योगपति और टाटा संस के पूर्व चेयरमैन रतन टाटा को महाराष्ट्र सरकार ने उद्योग रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया है. महाराष्ट्र सरकार ने पहला उद्योग रत्न पुरस्कार 85 वर्षीय रतन टाटा को दक्षिण मुंबई के कोलाबा स्थित उनके आवास पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस और अजीत पवार ने प्रदान किया. इस सम्मान में महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम की ओर से एक शॉल, एक प्रशस्ति पत्र और एक स्मृति चिन्ह शामिल था.

रतन टाटा को सम्मानित करने के बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि रतन टाटा को उद्योग रत्न के रूप में सम्मानित करने से पुरस्कार की प्रतिष्ठा बढ़ गई है. उन्होंने कहा कि सभी क्षेत्रों में टाटा समूह का योगदान बहुत बड़ा है और टाटा विश्वास का प्रतीक है. पुरस्कार पाने के बाद 85 वर्षीय रतन टाटा ने सभी को धन्यवाद दिया. महाराष्ट्र सरकार ने पिछले 28 जुलाई को महाराष्ट्र उद्योग रत्न पुरस्कार रतन टाटा को देने का ऐलान किया था.



### ऑस्ट्रेलिया के सर्वोच्च नागरिक सम्मान

इसी साल अप्रैल में रतन टाटा को ऑस्ट्रेलिया के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ऑर्डर ऑफ ऑस्ट्रेलिया से सम्मानित किया गया था. कंपनी को आसमान की बुलंदियों पर पहुंचाने वाले रतन टाटा देश के अमीरों में शामिल हैं और उनकी संपत्ति करीब 4,000 करोड़ रुपये है. मार्च 2023 मे आईआईएफएल वेल्थ हरण इंडिया रिच 2022 में रतन टाटा भारतीय अमीरों की लिस्ट में 421वें नंबर पर थे. वहीं इससे पिछले साल यानी 2021 की रिपोर्ट में उन्हें 3,500 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ 433 पायदान पर रखा गया था.

### 1991 में संभाला था कारोबार

बड़े कारोबारी ग्रुप की कमान संभालने से पहले रतन टाटा ने एक कर्मचारी की तरह 70 के दशक में टाटा स्टील जमशेदपुर में काम किया. बारीकियां समझीं और फिर अपनी मेहनत और काबिलियत की दम पर टाटा के कारोबार को बुलंदियों पर पहुंचाया. रतन टाटा ने 1991 में पूरे ग्रुप की कमान अपने हाथों में ली थी.

### बड़े दानदाताओं में शामिल रतन टाटा

रतन टाटा की गिनती देश के सबसे परोपकारी लोगों में की जाती है. इसका कारण ये है कि टाटा ट्रस्ट के माध्यम से वे बड़े पैमाने पर परोपकारी कार्यों से जुड़े रहते हैं और वे अपनी कमाई का एक बड़ा हिस्सा परोपकार में दान या खर्च कर देते हैं. रिपोर्ट्स की मानें तो रतन टाटा अपनी कमाई का 60 से 70 फीसदी तक दान कर देते हैं, उन्होंने ने कोरोना महामारी के समय करीब 1500 करोड़ रुपये दान किए थे.

# पलामू के आठ लाख लाभुक खाद्यान से होंगे वंचितः राधाकृष्ण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पलामू :** छतरपुर के पूर्व विधायक राधाकृष्ण किशोर ने शनिवार को कहा कि अगस्त माह में जनवितरण प्रणाली के खाद्यान्न में कटौती से पलामू जिले के आठ लाख लाभुक अनाज से वंचित हो जायेंगे। मामले को लेकर पूर्व मंत्री व छतरपुर विस के पूर्व विधायक राधा कृष्ण किशोर ने झारखंड के खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले के मंत्री को पत्र भी लिखा है। किशोर ने कहा है कि लगातार दो वर्षों से सुखाड़ का दंश झेल रहे पलामू जिले के राशन कार्डधारियों को अगस्त माह का राशन नहीं मिल पाया है। खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के 'ट्रांजेक्सन स्टेटस' से स्पष्ट है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के अंतर्गत जिले के लिए 9870.385 मैट्रिक टन अनाज का आवंटन उपलब्ध करा दिया गया है, जबकि 18 अगस्त तक करीब 8233 मैट्रिक टन अनाज का वितरण नहीं किया गया है। दूसरी ओर आपूर्ति, विभाग पलामू के द्वारा यह सार्वजनिक किया गया है कि भारत सरकार द्वारा अगस्त माह के खाद्यान्न में कटौती कर 9870 मैट्रिक टन के विरूद्ध मात्र लगभग 6600 मैट्रिक टन अनाज ही जिले को उपलब्ध कराया गया। कटौती का कारण बताते हुए जिला आपूर्ति विभाग द्वारा यह बताया गया कि सितंबर से दिसंबर 2022 तक प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत पलामू को उपलब्ध कराये गए सम्पूर्ण खाद्य़ान्न का वितरण नहीं किया गया था। अतः शेष बचे हुए खाद्यान्न के समायोजन के लिए अगस्त माह के आवंटन में कटौती की गई।



उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के अंतर्गत पलामू जिले में कुल लाभुकों की संख्या 18,28,926 है। भारत सरकार द्वारा अगस्त माह में पलामू जिले के लिए लगभग 3200 मैट्रिक टन खाद्यान्न की कटौती की गई है। कटौती के कारण लगभग 8 लाख लाभुक अगस्त माह के राशन से वंचित हो जायेंगे। किशोर ने मंत्री से अनुरोध किया सितंबर से दिसंबर तक प्रधानमंत्री अन्न योजना के अंतर्गत पलामू जिले को उपलब्ध खाद्यान्न का सम्पूर्ण वितरण नहीं किए जाने की सजा लाभुकों को न देकर उन्हें अगस्त माह का खाद्यान्न उपलब्ध कराएं। इसके अतिरिक्त मुख्यालय स्तर से इस विषय की भी जांच कराई जाए कि सितंबर से दिसंबर 2022 तक का प्रधानमंत्री अन्न योजना का अनाज क्यों नहीं वितरित हुआ? शेष बचा हुआ राशन वर्तमान में कहां है?

**किशोर ने कहा है कि लगातार दो वर्षों से सुखाड़ का दंश झेल रहे पलामू जिले के राशन कार्डधारियों को अगस्त माह का राशन नहीं मिल पाया है। खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के 'ट्रांजेक्सन स्टेटस' से स्पष्ट है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के अंतर्गत जिले के लिए 9870.385 मैट्रिक टन अनाज का आवंटन उपलब्ध करा दिया गया है, जबकि 18 अगस्त तक करीब 8233 मैट्रिक टन अनाज का वितरण नहीं किया गया है।**

# लद्दाख दौरे पर राहुल गांधी पैंगोंग झील पर लिया आनंद



एजेंसी

**नई दिल्ली :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी लंबे अरसे बाद राजनीतिक गहमागहमी से दूर लद्दाख की वादियों में नजर आए. इस दौरान उन्होंने खूबसूरत पैंगोंग झील का नजारा देखा और अपने पिता को याद किया.

उन्होंने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर कर कहा, मेरे पिता कहा करते थे कि यह दुनिया की सबसे खूबसूरत जगहों में से एक है.कांग्रेस सांसद राहुल गांधी लद्दाख के दौरे पर हैं. पैंगोंग झील के रास्ते से वह गुजरे. इस दौरान उन्होंने खूबसूरत नजारों का आनंद लिया.

शेयर किए गए वीडियों में उन्हें बाइक से यात्रा करते हुए देखा गया. वह स्वयं बाइक चलाते नजर आए. कांग्रेस नेता राहुल गांधी शुक्रवार को लद्दाख के लिए दो दिवसीय दौरे पर निकले. इससे पहले उन्होंने जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर और जम्मू का दो बार दौरा किया. हाल में पदयात्रा के दौरान भी उन्होंने घाटी के कई इलाकों से होकर गुजरे. हालांकि, इस दौरान वह लद्दाख नहीं जा पाए थे. इसके बाद भी फरवरी में उन्होंने जम्मू-कश्मीर का दौरा किया था. बताया गया कि वह उनका निजी दौरा था. इस बार भी वह लद्दाख नहीं जा सके थे. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार राहुल गांधी सितंबर के दूसरे सप्ताह में यूरोप दौरे पर जा सकते हैं. इस दौरान वह बेल्जियम, नॉर्वे और फ्रांस की यात्रा करेंगे.

# भाजपा नेता राजेंद्र साहू हत्याकांड में चार अपराधी गिरफ्तार

संजय प्रजापति @ प्रभात मंत्र

**लातेहारः** भाजपा नेता राजेंद्र साहू के हत्या करने वाले चार अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने बताया कि 12 अगस्त की संध्या लातेहार जिला परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष सह बीजेपी नेता राजेन्द्र प्रसाद साहु,पे0-स्व. जगदीश प्रसाद साहु, सा0- तेली मुहल्ला, थाना-बालूमाथ, जिला- लातेहार की रेकी टीएसपीएस के रिजनल कमिटी मेंबर आक्रमण गंझू जो 15 लाख रुपये का ईनामी है, के कहने पर दो अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा की जा रही थी। इसकी भनक राजेन्द्र प्रसाद साहु को लग गई और वे स्थानीय लड़कों के साथ उन दोनों रेकी कर रहे अपराधकर्मियों का पीछा किया और झरिया टोला स्थित दून सेन्ट्रल स्कूल के पास इनका झड़प उन अपराधियों से हो गया। इसी क्रम में उन अपराधकर्मियों द्वारा इन्हें चार गोली मारी गई। जिससे वे गंभीर रुप से जख्मी हो गये। इस संबंध में



बालूमाथ थाना काण्ड संख्या-109/2023 में मामला दर्ज किया गया। जख्मी राजेन्द्र प्रसाद साहु का ईलाज राँची स्थित मेडिका अस्पताल में हो रहा था। इलाज के दौरान ही 14 अगस्त की सुबह में अस्पताल में ही उनकी मृत्यु हो गई। पूर्व में भी टीएसपीएस के आक्रमण गंझू द्वारा राजेन्द्र प्रसाद पर हमला करने का प्रयास किया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, बालूमाथ अजीत कुमार के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया गया। गठित एसआईटी द्वारा तकनिकी एवं मनवीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए गुप्त रूप से घटना में भाामिल चार अपराधकर्मियों को गिरफ्तार किया गया है। घटना में प्रयुक्त पिस्टल 4 ,मैग्जीनन 4, गोली 30, टी-शर्ट 2, ट्राउजर 1, गमछा 1, मोबाईल फोन 4, राउटर 1 व अपाची मोटर साईकिल बरामद किया गया है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम एवं पताः** गिरफ्तार अभियुक्तों में जितेन्द्र विश्वकर्मा, उम्र 26 वर्ष, पे-बसंत विश्वकर्मा, सा- बरडीहा, थाना-बरडीहा, जिला-गढ़वा, शिवपूजन सिंह उर्फ मोटका, उम्र 27 वर्ष, पे सुदामा सिंह, सा- गनियारी खुर्द, थाना-धुर्की, जिला-गढ़वा,अश्विनी कुमार सिंह उर्फ बच्चन, उम्र 27 वर्ष, पे. श्रीराज कुमार सिंह, सा. बोदरा, थाना-मंझियांव जिला-गढ़वा,कुलदीप गंझू, उम्र 38 वर्ष, पे. मंगर गंझू,सा. -सेमरसोत, थाना-बालूमाथ, जिला-लातेहार हैं।

**छापामारी दल में शमिल पुलिस पदाधिकारियों का नामः** अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी बालूमाथ,अजीत कुमार, पुनि शशि रंजन कुमार, बालुमाथ अंचल, पुअनि प्रशांत प्रसाद थाना प्रभारी, बालूमाथ,पुअनि शुभम कुमार, थाना प्रभारी, हेरहंज,पुअनि राणा भानू प्रताप सिंह, थाना प्रभारी, मनिका,पुअनि श्रीनिवास सिंह, थाना प्रभारी बरवाडीह,पुअनि नितीश कुमार, बालूमाथ,पुअनि कुबेर कुमार बालूमाथ,पुअनि धीरज कुमार बालूमाथ,पुअनि कैलाश बाड़ा, बालूमाथ। पुअनि धर्मेन्द्र कुमार महतो, चंदवा थाना पुअनि राजकुमार तिग्गा व मनिका थाना के सशस्त्र बल।

# पैराशूट से सीमा पर पहुंचेगा राशन और लड़ाकू हथियार

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारतीय वायु सेना अब सीमाओं पर तैनात जवानों को पैराशूट के जरिए राशन और लड़ाकू हथियार पहुंचाने की तैयारी कर रही है। सैन्य रसद क्षमताओं को बढ़ावा देने के लिए वायु सेना ने शनिवार को कार्गो विमान से स्वदेशी हेवी ड्रॉप सिस्टम का परीक्षण किया, जो पूरी तरह सफल रहा। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन के अनुसार इस हेवी ड्रॉप सिस्टम को एरियल डिलीवरी रिसर्च एंड डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट ने डिजाइन और विकसित किया है। यह एक विशेष सैन्य तकनीक है, जिसका उपयोग विभिन्न सैन्य आपूर्ति, उपकरण और वाहनों की सटीक पैरा-ड्रॉपिंग के लिए किया जाता है। इसे विकसित करने में उन पैराड्रॉप तकनीकों का इस्तेमाल किया गया है, जिसे कुछ चुनिंदा देशों ने आजमाया है। एडीआरडीई ने एएन-32, आईएल-76 और सी-17 जैसे परिवहन विमानों के लिए हेवी ड्रॉप सिस्टम के विभिन्न वेरिएंट तैयार किए हैं, जो क्रमशः तीन टन, सात टन और 16 टन सैन्य कार्गो के अलग-अलग वजन वर्गों को पूरा करते हैं। अधिकारियों के अनुसार तीन टन और सात टन क्षमता वाले सिस्टम को भारतीय सेना और भारतीय नौसेना के लिए किया गया है। आईएल-76 विमान के लिए हेवी ड्रॉप सिस्टम-पी7 में एक प्लेटफॉर्म और पैराशूट असेंबली शामिल है। इस पैराशूट प्रणाली में पांच प्राथमिक कैनोपी, पांच ब्रेक शूट, दो सहायक शूट और एक एक्सट्रैक्टर पैराशूट शामिल हैं। यह प्लेटफॉर्म एल्यूमीनियम और स्टील के धातुओं से निर्मित एक मजबूत धातु संरचना है, जिसका



वजन लगभग 1,110 किलोग्राम है। लगभग 500 किलोग्राम वजनी पैराशूट प्रणाली भारी माल की सुरक्षित डिलीवरी सुनिश्चित करती है। डीआरडीओ के अनुसार यह सिस्टम 7 हजार किलो रसद लेकर 260-400 किलोमीटर प्रति घंटे की ड्रॉप गति पर काम करता है। आयुध फैक्टरी के पैराशूट का उपयोग करने वाली यह प्रणाली मेक इन इंडिया कार्यक्रम के अनुरूप है। हेवी ड्रॉप सिस्टम-16टी को आईएल-76 हेवी लिफ्ट विमान के लिए बनाया गया है। यह 16 टन तक वजन वाले सैन्य कार्गो को सुरक्षित और सटीक पैराड्रॉप करने में सक्षम बनाता है। इसमें बीएमपी वाहन, आपूर्ति और गोला-बारूद शामिल हैं। इस स्वदेशी प्रणाली ने पिछले परीक्षणों में भी सभी इलाकों में अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया है। यह मैदानी इलाकों, रेगिस्तानों और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में उतर सकता है। यह प्रणाली अधिकतम 15 हजार किलोग्राम का पेलोड रख सकती है।इससे पहले एडीआरडीई ने खुद भारत के 75वें स्वतंत्रता समारोह के हिस्से के रूप में 500 किलोग्राम क्षमता की नियंत्रित हवाई डिलीवरी प्रणाली का प्रदर्शन किया था। यह प्रणाली पूर्व निर्धारित स्थानों पर 500 किलोग्राम तक के पेलोड की सटीक डिलीवरी के लिए राम एयर पैराशूट (आरएपी) का उपयोग करती है। जीपीएस का उपयोग करते हुए सीएडीएस-500 ने स्वायत्त रूप से अपने उड़ान पथ को संचालित किया और मालपुरा जोन में सिस्टम को 5000 मीटर की ऊंचाई पर एएन-32 विमान से पैरा-ड्रॉप किया गया था।

### सीआरपीएफ के जवान ने खुद को मारी गोली, मौत

**लोहरदगा :** जिले के केकरांग पिकेट में तैनात सीआरपीएफ 158 बटालियन के जवान 38 वर्षीय जगदीश प्रसाद मीना ने सर्विस इंसास रायफल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। वह केकरांग पिकेट में संतरी ड्यूटी में तैनात था। सीआरपीएफ के अधिकारियों ने बताया कि वह एक माह पहले ही 15 दिन की छुट्टी बिताकर गांव से लौटा था। मृतक जगदीश प्रसाद मीणा मूल रूप से राजस्थान के टोंक का निवासी था। बटालियन के कमांडेंट राहुल कुमार ने मृतक जवान को सलामी के साथ दी श्रद्धांजलि दी।

## उपायुक्त ने पीएम आवास योजना व अंबेडकर आवास योजना की समीक्षा की




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त शशि रंजन ने शनिवार को जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण व भीमराव अंबेडकर आवास योजना के तहत निर्माणाधीन आवासों व अपूर्ण आवासों की समीक्षा की.एनआईसी के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत कार्यों की प्रखंडवार समीक्षा के क्रम में उपायुक्त श्री रंजन ने सभी बीडीओ को नियमित रूप से कार्यों का निरीक्षण कर समय पर कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया. प्रखंडवार समीक्षा के दौरान पाया गया कि पाटन में सबसे अधिक आवास लंबित है। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को उनके प्रखंडों में आवास योजनाओं के लंबित लक्ष्य के अनुरूप समय का आकलन करते हुए योजना बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया। भीमराव अंबेडकर आवास योजना के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने कार्यों में तेजी लाने सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिए.उपायुक्त ने सभी तरह के लंबित आवासों को सितंबर माह के अंतिम सप्ताह तक पूर्ण करने की बात कही.उपायुक्त श्री रंजन ने सभी ब्लॉक कोऑर्डिनेटर को सक्रिय होकर सभी आवास को पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि कार्य में शिथिलता बरतने वाले प्रखंड समन्वयकों के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी.मौके पर उप विकास आयुक्त रवि आंनद, प्रशिक्षु आईएएस रवि कुमार, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत आवास के सभी प्रखंड समन्वयक उपस्थित रहे।

## केतार में दो माह से आधार पंजीकरण सेंटर है बंद ग्रामीण हैं परेशान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** प्रखंड में करीब दो माह से आधार पंजीकरण, आधार अपडेट, मोबाइल लिंक,का कार्य बंद रहने के कारण हर दिन प्रखंड क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीण पंजीकरण और शुद्धिकरण को लेकर परेशान हैं। ज्ञात हो कि उक्त प्रखंड मुख्यालय में एकलौता आधार पंजीकरण का कार्य केतार पंचायत सचिवालय में हुआ करता था जो पिछले दो माह से बंद है। पंजीकरण संचालक सुशील कुमार ने बताया कि आईडी इन एक्टिव होने के कारण पंजीकरण, शुद्धिकरण,एवं अपडेट का समुचित कार्य दो माह से बंद है मैं इस संबंध में आवेदन दे चुका हूं परंतु अभी तक आईडी एक्टिव नहीं किया गया जिससे विभिन्न सरकारी काम प्रभावित हैं। आधार पंजीकरण पॉइंट बन्द के कारण यह हो रहे हैं प्रभावित केंद्र सरकार के महत्वपूर्ण स्कीम आधार से मोबाइल लिंक न होने के कारण, पीएम किसान, सहारा रिलीफ फंड, बैंकिंग कार्य,फिंगर अपडेट के कारण पेंशन सहित शुद्धीकरण न होने के कारण कई मामले प्रभावित हो रहे हैं।

## पत्नी के आत्महत्या के मामले में आरोपी पति को पुलिस ने भेजा जेल



**चैनपुर (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ प्रखंड क्षेत्र के नावाडीह पंचायत के तुरिया टोला गांव में महिला की मौत के मामले में पुलिस ने उसके पति को घर से गिरफ्तार कर लिया है। नावाडीह पंचायत के तुरिया टोला गांव में बीते 29.07.2023 को सुबह 6 बजे अचानक महिला की आत्महत्या की सूचना उसके भाई को दी गई। जब सुबह में मृतक के माताङ्कपिता गांव पहुंचे तो मृतक महिला का शव पेड़ के फंदे से लटका देखे। लेकिन उसे अपनी बेटी की मौत को लेकर हत्या का शक था। इसके चलते मृतक के माता पिता ने अपने दामाद के खिलाफ थाना में शिकायत दर्ज करवाई थी। उसने मृतक की मौत के लिए उसके पति को जिम्मेदार ठहराया और बेटी को दहेज प्रताड़ित करने के आरोप भी लगाए। पुलिस ने मृतिका के पिता के लिखित आवेदन के आधार पर महिला के पति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। इस संदर्भ में रामगढ़ थाना प्रभारी प्रभात रंजन रॉय ने बताया की इसके उपरांत उसे गिरफ्तार करके उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## गढ़वा को मिला 12 नया 108 एंबुलेंस, मंत्री ने किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** जिला को 12 और 108 एंबुलेंस प्राप्त हुआ है। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने विधिवत पूजा अर्चना कर नारियल फोड़कर यह एंबुलेंस जनता के लिए समर्पित किया। साथ ही हरी झंडी दिखाकर एंबुलेंस को भ्रमण के लिए मंत्री ने रवाना किया। इस अवसर पर मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि गढ़वा जिला वासियों को तत्काल एंबुलेंस की इमरजेंसी सेवा आसानी से उपलब्ध हो जाएगी। पहले से जिले में 14 एंबुलेंस उपलब्ध है। आज 12 और नया एंबुलेंस आ गया है। साथ ही यथाशीघ्र दो और नया एंबुलेंस गढ़वा को मिल जाएगा। जिले में अब 108 एंबुलेंस की संख्या 28 हो गया है। उन्होंने कहा कि गढ़वा वासियों को जिले के हर कोने से तत्काल एंबुलेंस की सेवा उपलब्ध हो जाएगी। पहले एंबुलेंस की संख्या कम होने से उपलब्धता में परेशानी होती थी। परंतु अब यह समस्या नहीं रहेगी। इमरजेंसी की स्थिति में मरीजों की जान बचायी जा सकती है। उन्होंने कहा कि जिले में स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार बेहतर कार्य हो रहा है। सदर हॉस्पिटल की कार्य क्षमता एवं अत्याधुनिकिकरण में काफी विकास हो चुका है। अब भी बहुत सारे कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि गढ़वा सभी मामलों में पहले जितना अधिक पिछड़ा था, अब हर क्षेत्र में सारी सुविधाएं तेजी से उपलब्ध करायी जा रही है। मंत्री ने कहा कि वे गढ़वा को चिकित्सा, शिक्षा, बिजली, पानी, सड़क सभी क्षेत्रों में बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। इस कार्य में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का भरपूर सहयोग मिल रहा है। आने वाले समय में स्थिति और बेहतर होगी। मौके पर मुख्य रूप से उपायुक्त शेखर जमुआर, सिविल सर्जन डा. अवधेश सिंह, सुबोध सिंह सहित कई चिकित्सक व चिकित्सा पदाधिकारी आदि लोग उपस्थित थे।

## रेहला में शोक सभा का हुआ आयोजन, जांबाज सब इंस्पेक्टर अमित तिवारी को दी गई श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर :** शनिवार के दिन चाईबासा में शहीद हुए सब इंस्पेक्टर अमित तिवारी की याद में सिद्ध पीठ स्थान योगीवीर देवस्थल पर दो मिनट का मौन रखा गया. कार्यक्रम का आयोजन युवा समाजसेवी ज्वाला प्रसाद गुप्ता के द्वारा योगीबीर देवस्थान पर किया गया था। देश सेवा में अपने कर्तव्य की राह पर जांबाज दरोगा अमित तिवारी शहिद हो गए। 14 जनवरी की रात को नक्सलियों ने कायराना हरकत करते हुए ड्यूटी पर तैनात अपने साथी जवानों के लिए बाइक से खाना पहुंचाने जा रहे जगुआर के सब इंस्पेक्टर अमित तिवारी व जवान गौतम राणा को गोलियों से भून डाला 15 अगस्त की सुबह जश्न की तैयारी के बीच जैसे ही अमित तिवारी की शहादत की खबर मिली पूरा राज्य शोक में डूब गया हर चेहरे पर उदासी छा गई। माहौल गमगीन हो उठा। हर कोई अमित तिवारी को याद कर भाउक हो रहा था। हर जगह बस अमित तिवारी की हीं चर्चा होने लगी।ज्वाला गुप्ता ने बताया की अमित तिवारी काफी मृदु भाषी थे विश्रामपुर प्रखंड में भी लोकप्रिय थें। जब भी छुट्टी में आते थे लोगों से मिलना जुलना हंस के बात करना उनकी एक अलग ही अंदाज था। उनकी शहादत से लोगों की आंखों में आंसू है तो वहीं नक्सलियों के प्रति लोगों में गुस्सा है। इस मौन श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मुख्य रूप से ज्वाला गुप्ता, साइमन मैथ्यू एस्ले, श्याम किशोर चंद्रवंशी, पिंटू केसरी, चंदन कुमार, मोहित केसरी, संतोष पाण्डेय, विनोद सिंह, सुमित गुप्ता, गोपाल प्रसाद गुप्ता, इत्यादि लोग शामिल थे।

## चोरी किया मोबाइल के साथ दो चोर गिरफ्तार भेजे गए न्यायिक रियासत में



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू एसपी रिशमा रमेश्म के आदेश पर शहर थाना की पुलिस ने दो मोबाइल चोर को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस संबंध में शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा ने बताया कि कुछ दिन पहले सरधना क्षेत्र के माली मोहल्ला में एक घर से चोरों द्वारा मोबाइल फोन की चोरी की गई थी। इसके बाद मोबाइल चोरी होने से संबंधित मामला भुक्तभोगी के द्वारा शहर थाना में दर्ज कराया गया था। मामला दर्ज होने के बाद से पुलिस मोबाइल चोर की खोजबीन में जुट गई थी।इसी बीच शहर थाना के एएसआई जमाल अहमद और टिओपी वन टाइगर मोबाइल के जवान शारीक इरशाद और संतन कुमार के द्वारा दोनों मोबाइल चोर को उनके घर चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पनेरी बांध से पकड़ कर थाना लाया गया। पकड़े गए चोरों पुलिस के सामने अपना जुर्म कबूल कर दिया। इसके बाद दोनों चोरों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## मुखिया ने किया सोना सोबरन धोती साड़ी का वितरण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पंडवा (पलामू) :** प्रखंड के कजरी पंचायत स्थित बटसारा में संचालित जनवितरण प्रणाली दुकानदार हरेंद्र राम के नेतृत्व में साड़ी धोती का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि मुखिया श्रीमती रंजना कुमारी सिंह ने साड़ी धोती वितरण किया। मुखिया ने कहा कि झारखंड सरकार की ओर से गरीब लोगों बीच वितरण किया जा रहा है। प्रोपराइटर हरेंद्र राम ने बताया कि 10 में एक धोती और एक साड़ी दिया जा रहा है मौके पर युवा समाजसेवी महाराणा प्रताप सिंह वार्ड सदस्य सहित लाभुक शीला देवी, संगीता देवी, मूर्ति देवी, सुमित्रा देवी, सिमी देवी, मिथलेश राम, अनिता देवी, गंगा देवी सहित ग्रामीण गिरेंद्र राम, विजेन्द्र राम मुन्ना कुमार साहित दर्जनों उपस्थित थे।

## अधर्मी भी चाहता है धर्म की व्यापकता का लाभ : जीयर स्वामी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड के पाल्हे जतपुरा ग्राम में चल रहे प्रवचन के क्रम में श्री श्री जीयर स्वामी जी ने कहा कि धर्म सिर्फ आस्था की चीज नहीं, बल्कि एक मानक भी है. धर्म की सर्व व्यापकता का समयोचित लाभ सभी प्राप्त करना चाहते हैं.जिस व्यक्ति के जीवन में धैर्य, क्षमा, दम, अस्तेय, शौच, निग्रह, धी, सत्य का भाव एवं क्रोध पर नियंत्रण हो तो वह अपने को धार्मिक समझे. मनुस्मृति में धर्म के दस लक्षण दिए गये हैं. ये लक्षण जिस व्यक्ति में विद्यमान हो उसे अपने को धार्मिक समझना चाहिये.जिन नियमों पर व्यक्ति से लेकर विश्व की व्यवस्था टिकी हुई है, उनका निस्वार्थ पालन करना सामान्य धर्म है.सृष्टिकर्ता के प्रति कृतज्ञता, भक्ति अर्पित करना मानव का परम धर्म है. श्री जीयर स्वामी जी ने कहा कि नैमिषारण्य में व्यास गद्दी पर बैठे सूत जी, श्री सुकदेव जी द्वारा राजा परीक्षित को भागवत कथा सुनाकर मुक्त किए जाने की बात कहीं गयी है.सूत जी ने मंगलाचरण करते हुए कहा कि जैसे कीमती वस्तु की सुरक्षा हेतु एक गांठ से विश्वास नहीं होता,इसलिए दूसरा गांठ बाँध दिया जाता है.उसी भाव से सूत जी ने दोबारा मंगलाचरण किया. जन्म, पालन, संहार और मोक्ष प्रदान करने वाले सर्व शक्तिमान, जिसके प्रकाश से संसार प्रकाशित है, वैसे सत्य स्वरुप का वंदन किया सत्य स्वरुप की सत्ता से अलग दुनिया के अस्तित्व की कामना संभव नहीं, वैसे भगवान वामन, नृसिंह, राम और श्रीकृष्ण के रुप में जाने जाने वाले परमात्मा का मैं वंदन करता हूँ.श्री जीयर स्वामी जी ने कहा कि धर्म की व्यापकता की परिधि का समयोचित लाभ बालक, युवा, वृद्ध, चोर, अपराधी, जुआड़ी और शराबी भी उठाना चाहते हैं. बालक जब कोई खेल खेलता है, तो दोस्तों को ईमानदारी से खेलने की नसीहत देता है. जुआ खेलने वाला भी बेईमानी नहीं करने की हिदायत देता है. शराबी भी दुकानदार को दो नम्बर का शराब नहीं देने और कीमत अधिक नहीं लेने के व्यवसाय धर्म की सीख देता है. अपराधी कभी भी अपने परिजनों को अपराधी नहीं बनाना चाहता.यानी बुरा व्यक्ति भी धर्म की दुहाई और सीख देता है. वह नहीं चाहता कि परिजन उसके मार्ग का अनुशरण करें.कैकई ने धर्म की आड़ में दशरथ जी को भगवान राम का वनगमन के लिए बाध्य कर दिया. श्री स्वामी जी ने कहा कि एक धर्म और एक परमधर्म होता है.खेती व्यापार नौकरी, मकान और दुकान बनाना-चलाना धर्म है. जिसके द्वारा संसाधन व्यवस्था मिले है, उनके प्रति प्रेम एवं आदर की भावना करना परमधर्म है. यक्ष प्रश्न की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि मनुष्य घर-परिवार, पुत्र पुत्री, घन-वैभव और पद-प्रतिष्ठा को अपना मानते हैं, लेकिन उन सबको देने वाले, जिनके कारण वे इस दुनिया में हैं, उनको नहीं मानना ही आश्चर्य है. जो दैहिक, दैविक और भौतिक तापों का उन्मूलन करने वाले हैं, उन्हें भूलना नहीं चाहिए. सत्य शांति है और धर्म आनन्द है. ऐसे सत्य एवं धर्म स्वरुप परमात्मा का नित्य वंदन करना चाहिये. परमात्मा धर्म के विग्रह ( मूर्त्त रूप) हैं।

## भाकपा माले अनुमंडल कमिटी की बैठक जिला सचिव की अध्यक्षता में हुई सम्पन्न

**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाकपा माले अनुमंडल कमिटी की बैठक जंगीपुर ग्राम में राजू विश्वकर्मा के आवास पर जिला सचिव कालीचरण मेहता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में भूमि समस्या पर विचार किया गया। अनुमंडल में भूमि माफिया सरकारी कर्मचारी व पदाधिकारी के साथ मिलकर धड़ल्ले के साथ आदिवासियों की भूमि लूटकर भूमि माफियाओं के खिलाफ ऑन लाइन कराया जा रहा है। इसका प्रतिवाद करने के लिये जन गोलबन्दी कर आगामी 24 अगस्त को अनुमंडल कार्यालय के समक्ष चेतावनी मार्च व सभा करने का निर्णय लिया गया.धुरकी प्रखंड के बीडीओ द्वारा जनता पर झूठा केस किया गया है, जबकि सरकारी जमीन बचाने की जबाबदेही सरकारी कर्मचारी व पदाधिकारियों की है। बैठक में लालमुनि गुप्ता, रामचन्द्र उरांव, वरुण बिहारी यादव, त्रिभुवन सिंह, सुरेश सिंह, रामचन्द्र सिंह, राजू विश्वकर्मा, कामेश्वर सिंह, कोदू राम उपस्थित थे। उक्त आशय की जानकारी कामेश्वर विश्वकर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दिया है।

## नदी पार कर बच्चे और शिक्षक स्कूल जाने को मजबूर जल्द से जल्द पुल बनाने की कर रहे मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** रामगढ़ प्रखंड के कोकड़ो गांव के उत्क्रमित मध्य विद्यालय के बाहर नदी का पानी भर गया है। बच्चे और शिक्षक दोनों अपनी जान को जोखिम में डालकर स्कूल आना जाना कर रहे हैं। बता दें कि स्कूल के ठीक पहले कटदाह नदी पड़ता है।बरसात के मौसम में यह नदी अब लोगों के लिए आफत बन गया है। भारी बारिश में इस नदी का पानी ग्रामीण इलाके और स्कूल के परिसर तक पहुंच जाता है। ऐसे में गांव की स्थिति जनप्रतिनिधियों के विकास की पोल खोलता नजर आ रहा है। शिक्षक बच्चों को गोद में उठाकर कराते हैं नदी पार इस नदी के पानी से ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सबसे मुसीबत की बात तो यह है कि इस गांव में जाने के लिए कोई दूसरा रास्ता नहीं है। मजबूरन छात्र-छात्राएं और शिक्षकों को नदी पार कर स्कूल जाना पड़ता है. यहां पर शिक्षक खुद बच्चो को गोद में उठाकर नदी पार कराते हैं। वहीं बारिश अगर ज्यादा हो जाती है तो बच्चे स्कूल नहीं जा पाते हैं। जल्द से जल्द पुल बनाने की मांग यहां की स्थिति काफी दयनीय है। विद्यालय के छात्रों का कहना है कि उन्हें इस नदी में डूब कर पार करना पड़ता है ऐसे में उनके कपड़े भी गीले हो जाते हैं। यदि ऐसी ही स्थिति बनी रही तो गंदे पानी से बार-बार गुजरने पर लोगों की सेहत पर इसका बुरा असर पड़ सकता है. खासकर जो बच्चे स्कूल जा रहे हैं उन पर इसका बुरा प्रभाव हो सकता है। ऐसे में ग्रामीणों का कहना है कि वह चाहते हैं कि यहां जल्द से जल्द पुल बन जाए पुल नहीं होने से उन्हें काफी परेशानी हो रही है।

## आत्मा के तत्वाधान में संचालित योजनाओं की जानकारी नुक्कड़ नाटक गीत व संगीत के माध्यम से किसानों को किया गया जागरूक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड के नरही पंचायत के जासा ग्राम व कुम्बा खुर्द पंचायत भवन पर दलित विकास मंच द्वारा आत्मा के तत्वाधान में संचालित योजनाओं की जानकारी नुक्कड़ नाटक,गीत व संगीत के माध्यम से देकर किसानों को जागरूक किया गया। प्रखंड तकनीकी प्रबन्धक विजय कुमार यादव ने किसानों को मृदा जांच, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, केसीसी, ऋ ण माफी योजना, उद्यान विभाग, श्री अन्न की जानकारी विस्तार से दिया गया। उन्होंने श्री अन्न को बढ़ावा पर बल देते हुये धान, गेहूं के अलावा किसानों को दलहन, तिलहन, सब्जी उत्पादन को बढ़ावा देने पर भी बल दिया। कार्यक्रम में नरही के किसान मित्र परशु राम, कुम्बा खुर्द के किसान मित्र दिलीप पटेल, एग्री क्लिनिक सेंटर के क्षेत्र समन्वयक बलदेव खलखो, पंचायत समिति सदस्य राजेन्द्र राम, सुरेन्द्र उरांव, राजकुमार, दारा सिंह, अनुज पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। नुक्कड़ नाटक का संचालन दलित विकास मंच के अरुण पांडेय ने किया।

## मतदाता सूची हाउस टू हाउस वेरिफिकेशन में पहुंचे जिला परिवहन पदाधिकारी



**केतार (गढ़वा) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** परिवहन पदाधिकारी गढ़वा सह मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य के प्रखंड नोडल पदाधिकारी धीरज प्रकाश व बीडीओ मुकेश मछुआ ने परती कुशवाणी पंचायत के पांच बूथों का दौरा कर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का भौतिक सत्यापन किया। इस दौरान उन्होंने 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र के युवा व युवतियों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने मृत व - पलायन कर चुके लोगों का नाम विलोपित करने की कार्रवाई करने को कहा। साथ ही मतदाता सूची पुनरीक्षण का प्रचार प्रसार विधिवत ढंग से कराने को लेकर निर्देश सभी कार्यरत बीएलओ को दिया। उन्होंने विद्यालय में अध्यनरत 18 वर्ष की उम्र पूरी करने वाले छात्र व छात्राओं को अविलंब मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के अलावा स्कूली बच्चों को अपने गांव टोलों में लोगों को जागरूक करते हुए किसी भी मतदाता में नाम नहीं छूटे उसके लिए बच्चों को प्रेरित किया गया। मौके पर मुखिया मुन्नी देवी, पंचायती राज समन्वयक राकेश कुमार गुप्ता, संतोष कुमार प्रजापति, सहित कई अन्य प्रखंड कर्मी एवं बीएलओ कर्मी मौजूद रहे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## संक्षिप्त खबरें

### नाबालिग युवती का रेस्क्यू किया गया

**रांची ।** रांची रेलवे स्टेशन पर नन्हे फरिश्ते टीम और आरपीएफ पोस्ट/रांची के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा संयुक्त चेकिंग के दौरान, लगभग 17:15 बजे एफओबी हटिया छोर पर एक नाबालिग युवती को अकेले घूमते हुए देखा गया। पूछने पर उसने बताया कि वह घर से भाग गई है। इसलिए मामले की सूचना सीडब्ल्यूसी रांची को दी गई और सीडब्ल्यूसी रांची के मौखिक आदेश के अनुसार उसकी सुरक्षा के लिए सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद उसे प्रेमाश्रय बालिका आश्रय गृह को सौंप दिया गया।

### झारखंड खेल विभाग 178 खिलाड़ियों को देगा नगद पुरस्कार

**रांची :** राष्ट्रीय खेल दिवस पर झारखंड खेल विभाग 178 खिलाड़ियों को सम्मानित करेगा। इसकी तैयारी शुरू हो गयी है। विभाग द्वारा मोमेंटो और टी शर्ट के लिए टेंडर निकाला गया है। टेंडर में 178 खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार के साथ मोमेंटो देकर सम्मानित करने की बात कही गई है। निदेशालय ने खिलाड़ियों और उनको मिलनेवाली रकम की सूची तैयार कर ली है। इसमें 36वें राष्ट्रीय खेल, राष्ट्रमंडल खेल, विश्व कप, एशियन चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। खिलाड़ियों को टी-शर्ट देने के लिए भी टेंडर निकाला गया है। कुल 200 टी-शर्ट की आपूर्ति की जायेगी।

### नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाला देवघर से गिरफ्तार

**रांची :** डोरंडा पुलिस ने बीएसएनएल में नौकरी लगाने के नाम पर अभियान सिंह राठौर उर्फ चंदन गुप्ता उर्फ सरफराज खां को देवघर जिले के रिखिया थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित का नाम अभियान सिंह राठौर उर्फ चंदन गुप्ता उर्फ सरफराज खां बताया गया है।

# ठेला खोमचा लगाने की वर्चस्व में दो की हत्या करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** 11 अगस्त के रात्रि करीब पौने 10:00 बजे बरियातू थाना क्षेत्र के साइंस सिटी रविंद्र नगर के पास जूस सेंटर चलाने वाले मुकेश साव और उसके स्टाफ रोहन कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने एक सप्ताह के अंदर तीन आरोपियों को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया है । गिरफ्तार किए गए युवकों में अशोक कुमार, धर्मेंद्र कुमार और विजय उरांव शामिल है। मृतक मुकेश साव और रोहन जूस सेंटर चलाते थे। मोराबादी मैदान के पास उसके दो जूस सेंटर था और तीसरा जूस सेंटर रजिस्ट्री ऑफिस के पास खोलने वाला था । इसके प्रतिद्वंदी के रूप में अशोक और धर्मेंद्र भी जूस सेंटर चलाते थे। लेकिन आशोक को लगा कि वह बहुत पैसे नहीं कमा पा रहा है। वहीं इसके साथ आइसक्रीम बेचने वाला विजय उरांव भी धर्मेंद्र के साथ शामिल हो गया।

**एसएसपी किशोर कौशल ने बताया:** एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि मृतक मुकेश साव उसके भाई दिनेश साहू करीब सन् 2000 में छोटा सा गुपचुप बेचने का काम शुरू किया था । 2013 में मैट्रिक के पढ़ाई पूरी की और इसी के साथ जूस सेंटर भी खोला । सबसे पहले रांची बिजली ऑफिस के पास मृतक मुकेश और उसके भाई दिनेश ने जूस सेंटर खोला था । यहीं पर धर्मेंद्र का भी जूस सेंटर था। धर्मेन्द्र मोरहाबादी मैदान में जूस सेंटर खोला तो दिनेश, मुकेश दोनों वहां आकर जूस सेंटर खोल दिया। रोजाना दस से पंद्रह हजार की आमदनी होने से मुकेश ने दुसरा जूस सेंटर मोरहाबादी में ही खोल दिया और तीसरा जूस सेंटर खोलने की तैयारी में था। बढ़ते व्यापार से धर्मेंद्र को जलन होने लगी और हत्या की साजिश रचने लगा। जिसकी शिकायत मुकेश ने लालपुर थाना में हत्या की आशंका जताते हुए आवेदन दिया था ।



**हत्या का कारण:** फुटपाथ पर ठेला , खोमचा लगाकर प्रतिदिन कितना पैसा कमा सकते हैं इसका अंदाजा लगा पाना फिलहाल मुश्किल है। और यही कारण है कि दो व्यक्ति की गोली मारकर हत्या सिर्फ इसलिए कर दी गई कि एक व्यक्ति फुटपाथ पर जूस सेंटर चलकर प्रत्येक दिन 10 से 15000 रुपए कमा रहा था। उसी के पास वाले जूस सेंटर संचालक इससे परेशान था और यही कारण से हत्या की घटना को अंजाम दिया गया। मृतक मूल रूप से चतरा जिला के सिमलिया थाना क्षेत्र के सबानो का रहने वाला था। बता दें कि जब नगर निगम, जिला प्रशासन द्वारा किसी अवैध फुटपाथ दुकानदारों को सड़क से हटाते हैं तो थोड़ा देखने वाले को अफसोस होता है कि इन गरीबों को क्यों हटाया जा रहा है, लेकिन शहर के कई ऐसी जगह है जहां पर फुटपाथ ठेला,खोमचा लगाकर चाय, लीट्टी, ढुस्का , चना भटूरा , इडली डोसा,समोसा,चिट, जूस,नारियल पानी आदि की दुकानदार लगाकर बेचकर रोजाना पांच हजार से अधिक रुपए कमा रहे हैं। ये लोग गुंडे और कुछ गिने चुने पुलिस को हफ्ता वसूली दे सकते हैं लेकिन सरकार को टैक्स नहीं।

**पुलिस ने हथियार बरामद किया:** आरोपियों के पास 7.65 एमएम का एक लोडेड देशी पिस्तौल , 7.65 एमएम का कुल 7 जिंदा गली , पेंदे पर के एफ 7.65 अंकित एक लोडेड देशी कट्टा, कुल 7 जिंदा गली, दो मोबाइल बरामद किया गया। ब्लू रंग का बुलेट मोटरसाइकिल जेएच01 सीवाई 5011 , तीनों पास एक घटना के दौरान पहने वस्त्र बरामद किया गया।

**छापेमारी अभियान:** इस छापेमारी अभियान में सदर पुलिस उपाधीक्षक प्रभात रंजन, सदर थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो, बरियातू थाना प्रभारी ज्ञानरंजन , एदलहातू टीओपी प्रभारी वाहिद अंसारी, पुलिस अवर निरीक्षक सतीश कुमार, हेमंत सिंह भोक्ता , लक्ष्मण, अनुराग हसनैन, सुजीत एवं तकनीकी शाखा से सहायक अवर निरीक्षक शाह फैसल प्रभारी तकनीकी शाखा , प्रवेश कुमार पासवान ,अजमत अंसारी और एसएसपी की क्यूआरटी टीम शामिल थी।

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपित बरी

**रांची :** पोक्सो की विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने शनिवार को नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के आरोपित संतोष कुमार साहू को बरी कर दिया है। कोर्ट ने संतोष कुमार साहू को सभी आरोपों से मुक्त करते हुए निर्दोष करार दिया है। संतोष कुमार साहू के खिलाफ एक नाबालिग से दुष्कर्म करने के आरोप में कांके थाना में कांड संख्या 155/2019 दर्ज किया गया था। लड़की के लगाए गए आरोप को साबित करने के लिए छह गवाह कोर्ट में प्रस्तुत किये गए, लेकिन यह दुष्कर्म का आरोप साबित नहीं हो सका। जबकि बचाव पक्ष ने एक भी गवाह पेश नहीं किया। आरोपित संतोष साहू की ओर से अधिवक्ता प्रीतांशु सिंह ने बहस की।



## रांची में दो लाख रुपये की छिनैती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** कोतवाली थाना क्षेत्र के चडरी स्थित लाइन टैंक तालाब के समीप शनिवार को बाइक सवार दो अपराधियों ने अरुण कुमार से दो लाख रुपये छीनकर फरार हो गये। थाना प्रभारी शैलेश कुमार ने बताया कि अरुण कुमार थड़पकना के एक्सिस बैंक से रुपये निकाल कर जा रहे थे।

इसी दौरान बाइक सवार अपराधियों ने रुपये से भरा बैग झपट्टा मारकर छीन लिया। वारदात की जांच-पड़ताल की जा रही है ।

## विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर रांची फोटो जर्नलिस्ट एक जुट हुए

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर शनिवार को पुराना विधानसभा में फोटो जर्नलिस्ट एसोसिएशन के द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । मुख्य अतिथि खिजरी विधायक राजेश कच्छप थे।कार्यक्रम में मुख्य रूप से कुलदीप सिंह दीपक,अशोक कारण,एसएम समीम, सय्यद जावेद,मानिक बोस, दिवाकर प्रसाद,सुबोध कुमार और फोटो जर्नलिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष रतनलाल,सचिव सैयद रमीज जावेद एवं प्रेस क्लब के पदाधिकारी पिंटू दुबे व जावेद मौजूद रहे। इस अवसर पर उपस्थित सेवानिवृत्ति फोटो



जर्नलिस्ट ने अपने-अपने सुझाव और अनुभव को साझा किया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक राजेश कश्यप ने संबोधित किया । कार्यक्रम का संचालन छायाकार संदीप नाग और धन्यवाद ज्ञापन पिंटू दुबे ने किया। इस कार्यक्रम के सफल संचालन के रूप में दिनेश शुक्ला, संजय सुमन, रतनलाल सहित फोटो जर्नलिस्ट एसोसिएशन के तमाम सदस्य व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## जमीन घोटाला मामले में तल्हा खान की जमानत पर फैसला 25 को




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** जमीन घोटाले मामले के आरोपित तल्हा खान की जमानत याचिका पर शनिवार को ईडी कोर्ट में सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। अदालत ने फैसले की तिथि 25 अगस्त निर्धारित की है। तल्हा खान की ओर से अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा ने बहस की। जबकि ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार ने बहस की। इसपर सेना के कब्जे वाली जमीन सहित रांची के अलग-अलग इलाकों में विवादित भूमि की फर्जी दस्तावेजों के आधार पर खरीद-बिक्री में शामिल होने का आरोप है। पूर्व में तलहा खान को ईडी ने अप्रैल में गिरफ्तार किया था।

## रिसालदार बाबा दरगाह कमेटी के चुनाव अध्यक्ष पद के लिए तीन ने भरे पर्चे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड सबसे प्रसिद्ध हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार बाबा दरगाह कमेटी के चुनाव की प्रक्रिया तेजी के साथ चल रहा है। इसके तहत डोरंडा स्थित रिसालदार बाबा मुसाफिरखाना में तीन दिनों तक चले नामाकंन दाखिल करने की अंतिम दिन शनिवार को विभिन्न पदों और कार्यकारणी सदस्यों के लिए कुल 41 प्रत्याशियों ने पर्चा भरा।अध्यक्ष पद के लिए सुहैल अख्तर, अय्यूब गद्दी और मो अतिकुर रहमान ने पर्चा दाखिल किया। उपाध्यक्ष पद के लिए हाजी मोख्तार, जाकिर हुसैन, रिजवान हुसैन, बेलाल कुरैशी, महासचिव के पद पर मो फारूक व जावेद अनवर, उप सचिव के पद पर मो इमामुद्दीन, मो



सरवर, सुवेब अंसारी, अली अहमद, जुल्फिकार अली भुट्टो, मो सादिक कोषाध्यक्ष पद पर कफिल गद्दी व जुनैल आबेदीन ने पर्चा दाखिल किया है। इसके अलावा कार्यकारणी सदस्य में शमी अख्तर, शमसुल होदा, मो आसिफ अली, मुस्ताक अली गद्दी, मो रिजवान, नसीमुल हक, मुमताज, मोजीबुल हक, मो अकबर, जावेद अहमद खान, साजिद उमर, महबूब हुसैन, आसिफ नईम, मो सज्जाद बब्लू, शादाब अहमद, नज्जू अंसारी, अनीस गद्दी, सरफराज गद्दी, मो फारूक, एजाज गद्दी, मो आफताब आलम, अब्दुल खालिक, शाहीद आलम, गुलाम ख्वाजा ने नामाकंन दाखिल किया है।

**स्क्रूटनी कल नाम वापसी:** मुख्य चुनाव कनवेनर मो इरफान ने बताया कि रविवार को नामाकंन दाखिल हुए आवेदनों की स्क्रूटनी की जाएगी। सोमवार को नाम वापसी की तिथि निर्धारित की गई है। दिन के ग्यारह से दोपहर तीन बजे के बीच प्रत्याशी अपना नाम वापस ले सकते हैं। 22 अगस्त को दिन के दो से शाम चार बजे के बीच प्रत्याशियों के बीच चुनाव चिन्ह का वितरण किया जाएगा।

## सांसद ने सन्मार्गम फाऊंडेशन सिलाई प्रशिक्षण केंद्र पर महिलाओ से किया संवाद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** सन्मार्गम फाऊंडेशन रांची के द्वारा संचालित सेंट्रल कोल्ड फील्ड्स लिमिटेड की सीएसआर योजना स्वरोजगार से महिलाओं की आजीविका सृजन को लेकर सिलाई, रेडीमेड वस्त्र निर्माण संबंधी प्रशिक्षण केंद्र पर प्रशिक्षण ले रही महिलाओं से संजय सेठ ने संवाद कर उन्हे आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सब आप हूनरबंद बन गई है, 10-10 महिला मिलकर रोजगार करिए रांची के थोक मंडी में उन कपड़ों बेचिये। और अपनी जिंदगी का जीवन यापन अच्छे से करिए उन्होंने कहा कि महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए सन्मार्गम फाऊंडेशन की यह पहल सराहनीय



है।जिस तरह से सिलाई सीखने के बाद कपड़ा महिलाएं सिल रही है इसके लिए मैं संस्था के पूरी टीम को धन्यवाद देता हूं।महिलाएं एक सक्सेसफुल बिजनेस वूमेन बन सकती हैं। उन्होंने कहा की मैं सीसीएल के अधिकारियों को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने सामाजिक दायित्व के तहत यह परियोजना उपलब्ध करायी है. और उन्होंने अपना दायित्व निभाया है। कार्यक्रम में सन्मार्गम फाऊंडेशन के सचिव सिद्धार्थ त्रिपाठी ने कहा कि सांसद संजय सेठ ने आश्वासन दिया है की कुछ बड़े बिजनेसमैन से बात कर महिलाओं का टाइअप उनसे करवा देंगे जिससे कि महिलाएं बिजनेस क्षेत्र में बहुत आगे तक बढ़ सकेंगी, और एक मिसाल कायम करेंगी। फाउंडेशन के अध्यक्ष रौशन कुमार ने कहा कि महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर अपना रोजगार खोल सकती हैं ओर आर्थिक रूप से सशक्त बन सकती हैं. मौके पर फाउंडेशन के ट्रेनर रेणु पॉल ,रश्मि कुमारी,दिवांशी त्रिपाठी, कंचन लाल गुप्ता तथा प्रशिक्षण ले रही सभी महिलाएं उपस्थित थी।

## झारखंड हाई कोर्ट में होने वाले खर्च का विधि विभाग ने किया निर्धारण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** झारखंड हाई कोर्ट में राज्य सरकार की ओर से दायर किए जाने वाले वाद, शपथ पत्र, प्रति शपथ पत्र, पूरक-प्रतिशपत्र, कारण-पृच्छा इत्यादि में होने वाले व्यय का निर्धारण विधि विभाग ने किया है। पिछली बार यह निर्धारण 10 जुलाई, 2006 की तिथि से किया था। ऐसे में काफी लंबे समय के बाद नये सिरे से निर्धारण किया गया है। नयी दर निर्धारण संबंधी जानकारी विधि विभाग के प्रधान सचिव सह विधि परामर्शी नलिन कुमार ने शनिवार को पत्र लिखकर सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव इत्यादि को दिया है। यह स्पष्ट किया गया कि सरकार के भी विभाग, कार्यालय निदेशालय, क्षेत्रीय कार्यालय इत्यादि झारखंड हाई कोर्ट में व्यय होने वाले राशि की विवरणी विधि विभाग के स्टेट लिटिगेशन पॉलिसी संबंधी होने वाली हर बुधवार की बैठक में जानकारी देंगे। इसमें वाद संख्या, ओथ संख्या, वादी-प्रतिवादी का नाम, व्यय राशि की पूरी जानकारी देनी होगी।

**मद स्वीकृत दर**

- डिस्टेशन शुल्क 20.00 रुपये (कंप्यूटर से एक प्रति ही निकालने के लिए अन्य प्रतियों की छायाप्रति होगी)।
- याचिका के लिए स्टांप संबंधित अधिनियम, नियम से निर्धारित होगा।
- शपथ पत्र के लिए स्टांप संबंधित अधिनियम, नियम से निर्धारित होगा।
- आईडेंटिफिकेशन-50.00 रुपये।
- कोर्ट फीस, आईए इत्यादि में संबंधित अधिनियम, नियम से निर्धारित होगा।
- शपथ, ओथ-40.00 रुपये।
- मिशलेनियस-250.00 रुपये।
- फोटो स्टेट कॉफी, प्रति पृष्ठ-2.00 रुपये।

### निशिकांत दुबे के ट्वीट ने एक बार फिर मचाई हलचल

**रांची :** गोड्डा से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने शनिवार को ईडी को लेकर एक बार फिर से ट्वीट किया है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा है कि 24 अगस्त को राजा साहब को ईडी ने फिर से चाय पर बुलाया है। माना जा रहा है कि ये ट्वीट उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लिए किया है। इससे पहले जमीन घोटाला मामले में ईडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को समन भेजकर 14 अगस्त को पेश होने के लिए तलब किया था। हालांकि, तब सीएम ईडी के सामने पेश नहीं हुए थे।

## हेमंत सोरेन के नेतृत्व में रांची शहर मेट्रो सीटी में शामिल होगा : डॉ महुआ माजी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** झारखण्ड मुक्ति मोर्चा राँची जिला समिति द्वारा जिला उपाध्यक्ष एवं महानगर प्रभारी अश्विनी शर्मा की अध्यक्षता में सदस्यता अभियान कार्यक्रम का आयोजन बुटी मोड़ स्थित हनुमान नगर में किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव डॉ हेमलाल कुमार मेहता हेमू ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी, जिलाध्यक्ष मुशताक आलम, केन्द्रीय सदस्य समनुर मंसुरी, जिला उपाध्यक्ष कलाम आजाद, संगठन सचिव आदिल इमाम, मन्टु लाला, गोपाल पाण्डेय, साहिल यादव, परवेज आलम गुड्डू, वसीम राबिया खान, मन्टु पांडेय, बिहारी गोप, शान्ति तिर्की, राजेश



सिंह, कयुम अन्सारी, सुषमा उराँव, ओंकार कुमार, राधा बाउरी आदि शामिल थे। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी नें कहा कि जिस तरह से मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन काम कर रही हैं काबिले-तारीफ है। राँची शहर उपेक्षा का शिकार था। आज लोग तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। कुछ ही दिनों बाद राँची शहर को दो दो फ्लाई ओवर मिलने वाला है जो शहर के लिए संजीवनी का काम करेगा। अगले तीन वर्षों में राँची शहर में फ्लाई ओवर का जाल बिछ जाएगा और अगले दस साल में राँची मेट्रो सीटी में शामिल होगा। सदस्यता ग्रहण करने वालों में अजय कुमार, राहुल कुमार सिंह, दीपक मिश्रा, राजीव कुमार, नितेश कुमार, कुमार कुंदन, गंगा सागर यादव, मुकेश कुमार, मन्टु सिंह, गौतम कुमार, दीपक भगत, ब्रजेश चौधरी, नवीन कुमार, राकेश कुमार, बेन्कटेश कुमार, राजेश कुमार, उदय शंकर गुप्ता, सुरज सिंह सोलंकी, आकाश कुमार, सोनु कुमार, अखिलेश कुमार, सिनायक मिश्रा, भोला कुमार, विकास कुमार, योगेश्वर कुमार, ईन्द्रेश कुमार यादव,नरेश सिह, मुन्ना कुमार, धनंजय कुमार, पिन्टु सिंह, विक्की पाण्डेय, नीरज यादव, कुंदन कुमार, उपेन्द्र यादव, गुड्डु पासवान, राहुल कुमार, राहुल चावड़ा, अमरजीत कुमार, रौशन कुमार, अमन कुमार, भोला यादव, सोना यादव, मंजय यादव, मोहन यादव, अमरजीत कुमार यादव के अलावा विभिन्न राजनीतिक दलों के 200 कार्यकर्ताओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

## बाबूलाल मरांडी पहुंचे पथरगामा, हुआ भव्य स्वागत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी संकल्प यात्रा के तीसरे दिन पथरगामा पहुंचे। गोड्डा विधानसभा क्षेत्र की संकल्प सभा को संबोधित करते हुए मरांडी ने फिर एकबार झारखंड सरकार पर बड़ा हमला बोला।मरांडी ने कहा कि मुख्यमंत्री को मोरहाबादी मैदान में सभा आयोजित कर बताना चाहिए कि जालसाजी करके,नाम बदलकर गरीब आदिवासी की जमीन हड़पने वाले ये शिव सोरेन कौन हैं,हेमंत कुमार सोरेन कौन हैं,बसंत कुमार सोरेन कौन हैं,और दुर्गा प्रसाद सोरेन कौन हैं? उन्होंने कहा अपने आप को आदिवासियों का मसीहा बताने वाले राज्य में सत्तासीन सोरेन परिवार ने राज्य में घूम घूम कर आदिवासियों की जमीन लूटी है। ऐसे में गरीबों आदिवासियों की जमीन कैसे बचेगी जब रखवाला ही लूटने में जुटा है। उन्होंने कहा कि अब इन्हें दंडित करने का समय आ चुका है।उन्होंने कहा कि ये तो कुछ नमूना है पता नहीं ईडी,सीबीआई जांच में और कितना उजागर



होगा।कहा कि यदि मुख्यमंत्री बेदाग हैं तो ईडी की पूछताछ से क्यों भाग रहे उन्हे तो डटकर मुकाबला करना चाहिए।उन्होंने कहा जिसदिन सत्ता के शीर्ष पर बैठे लोग पैसा लेना बंद कर देंगे किसी पदाधिकारी में हिम्मत नही जो जनता से काम के बदले पैसे मांगे।उन्होंने कहा कि यह सरकार गरीबों का अनाज भी लुटावा दे रही। मुख्यमंत्री के विधानसभा क्षेत्र बरहेट में आदिम जनजाति परिवार के बीच बांटने केलिए केंद्र से मिले चावल को दलालों ने बेच दिया लेकिन मुख्यमंत्री ने कोई कार्रवाई नहीं की क्योंकि मुख्यमंत्री इस प्रकार की लूट में शामिल हैं। जनसभा में सांसद निशिकांत दुबे,विधायक अनंत ओझा,अमित मंडल,प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय जिलाध्यक्ष राजीव मेहता सहित हजारों की संख्या में जनता उपस्थित थी।

## दोहरे हत्याकांड मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** बरियातू थाना क्षेत्र के चिरौंदी के साइंस सिटी के समीप हुई दोहरे हत्याकांड मामले में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। एसएसपी किशोर कौशल के निर्देश पर गठित टीम ने मुख्य आरोपित अशोक और धर्मेंद्र को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार दोनों अपराधी के पास से पुलिस ने दो पिस्टल, जिंदा गोली, मोबाइल और बाइक जब्त किया है। हालांकि गिरफ्तार आरोपितों से पुलिस पूछताछ कर रही है। उल्लेखनीय है कि बीते 11 अगस्त को रांची के चिरौंदी में चतरा के रहने वाले जूस संचालक



मुकेश साव अपने कर्मचारी रोहन साव के साथ शुक्रवार की देर रात बरियातू थाना क्षेत्र के साइंस सिटी स्थित घर लौट रहे थे।इसी दौरान बुलेट बाइक पर सवार दो अपराधियों ने मुकेश और रोहन दोनों को निशाना बनाते हुए गोली मार दी, जिससे दोनों की मौत हो गयी थी।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## मृतक किसान के दशकर्म मे शामिल हुए अब्दुल्ला अंसारी, खाद्य सामग्री देकर की मदद

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी शनिवार को खलारी प्रखंड के बमने पंचायत के मृतक किसान के घर दशकर्म में शामिल हुए. इस दौरान उन्होंने पीड़ित परिवार को खाद्य सामग्री देकर मदद की. कुछ दिन पूर्व गांव के किसान नंद किशोर महतो की मौत हो गई थी. मृतक किसान के परिवार की माली हालत ठीक नहीं होने की जानकारी मिलने पर अब्दुल्ला अंसारी उनके घर पहुंच कर दशकर्म में शामिल हुए. पीड़ित परिवार को खाद्य सामाग्री सहयोग करते हुए भरोसा दिलाया कि आगे भी मदद की जाएगी. इस मौके पर सुनील सिंह, सोनू पांडे समेत कई ग्रामीण मौजूद थे.

## सोमवार को रांची उप विकास आयुक्त आएंगे खलारी, डीएमएफटी संबंधित होगी बैठक

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी प्रखंड कार्यालय में 21 अगस्त सोमवार को डीएमएफटी संबंधित बैठक का आयोजन किया गया है. इस बैठक में रांची के उप विकास आयुक्त शामिल होंगे. बैठक में योजनाओं का चयन किया जायेगा. बैठक 11 बजे शुरू होगा, जिसमें खलारी प्रखंड के जनप्रतिनिधि के साथ-साथ राजनैतिक दलों के लोग और सामाजिक कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया है.

## मोमिन कॉन्फ्रेंस की बैठक में शामिल होंगे पिपरवार के लोग

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड प्रदेश मोमिन कॉन्फ्रेंस की एक महत्वपूर्ण बैठक 20 अगस्त को टंडवा के कमता गांव मे आयोजित किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए मोमिन कॉन्फ्रेंस के प्रदेश सचिव इस्लाम अंसारी ने बताया कि इस बैठक में पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र से कई लोग शामिल होंगे।बैठक में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महासचिव हाजी इदरीस अंसारी,विशिष्ट अतिथि मे प्रधान महासचिव अब्दुल्लाह अंसारी,प्रदेश सचिव इस्लाम अंसारी,चतरा जिला अध्यक्ष हाजी जैनुल आबेदीन, महासचिव असलम अंसारी, यूथ मोमिन कॉन्फ्रेंस के जिला अध्यक्ष मोहम्मद निसार अंसारी सहित कई लोग शामिल होगें।

## बेंती पंचायत के मुखिया पति गणेश भुईयां के पिता का हुआ निधन, शोक की लहर

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बेंती पंचायत के समाजसेवी सह मुखिया पति गणेश भुईया के पिता 78 वर्षीय जीतन भुईयां का शनिवार की अहले सुबह निधन हो गया।जानकारी के अनुसार वह पिछले कुछ महीनो से बीमार चल रहे थे और रांची के आर्किड अस्पताल मे उनका ईलाज चल रहा था।इस दौरान शनिवार की सुबह 3 बजे ईलाज के दौरान अस्पताल मे उनका निधन हो गया।शनिवार की दोपहर बेंती के दामोदर नदी शमशान घाट मे उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।इधर उनके निधन पर कोयलांचल क्षेत्र मे शोक की लहर है।वही कई लोगो ने उनके निधन पर दुःख प्रकट किया है।दुःख प्रकट करने वालो मे जिला परिषद सदस्य नेहा उरांव,प्रमुख रीना कुमारी,बचरा दक्षिणी मुखिया रीना देवी,बहेरा मुखिया रेखा देवी,किचटो मुखिया संगीता देवी,पंसस कुमारी अनुप्रिया, उप मुखिया किरण कुमारी, समाजसेवी रोहण गंझु,प्रेम ठाकुर,बैजनाथ प्रजापति, संतोष केशरी,सिकेन्द्र प्रजापति,भाजपा मंडल अध्यक्ष संजीव मिश्रा,करण महतो,संजय भोगता,हदीश अली,सफीक अंसारी सहित कई लोगो का नाम शामिल है।

## पति ने पत्नी की हत्या करने के बाद कीटनाशक दवा खाकर किया आत्महत्या

**चान्हो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चान्हो प्रखंड के सोपारम नेवारटोली निवासी सूरज उरांव (33) ने शराब के नशे में धुत होकर अपनी गर्भवती पत्नी कुंवारी देवी की पीट-पीटकर हत्या कर दी। इसके बाद खुद कीटनाशक पीकर जान दे दी। बताया जाता है कि सूरज गुरुवार की देर रात किसी बात को लेकर नाराज होकर पत्नी की हत्या कर दी और घटना को आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया। आरोपी ने पत्नी को उसकी साड़ी के फंदे से घर में लटका दिया था। परंतु लोगों को पता चल गया कि सूरज ने ही वारदात की है। घटना की जानकारी मिलने पर लड़की के परिजन मांडर थाना क्षेत्र के बिसहाखटंगा गांव से नेवारटोली पहुंचे और आरोपी की जमकर पिटाई की। इधर,शुक्रवार की दोपहर सूरज ने कीटनाशक पीकर जान देने की कोशिश की। घरवाले सूरज की बिगड़ती हालत देखकर उसे लेकर रेफरल अस्पताल मांडर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूरज और कुंवारी की एक साल पहले शादी हुई थी। सूरज के माता-पिता की मौत हो चुकी है,सूरज राज्य से बाहर रहकर काम करता था और अभी कुछ सप्ताह पहले गांव आया था। वहीं उसके तीन भाई हैं इनमें दो झारखण्ड से बाहर काम करते हैं और एक भाई गांव में अलग घर बनाकर रहता है।पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।

## चान्हो के हुटार गांव से कांवरियों का जत्था बाबा धाम के लिए रवाना

**चान्हो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चान्हो प्रखंड के अंतर्गत टांगर पंचायत के हुटार ग्राम से कांवरियो का जत्था को भाजपा के यूवा नेता सन्नी टोप्पो ने बाबा वैधनाथ धाम के लिए रवाना किया। उन्होंने सभी कांवरियों से कहा की आप सभी अच्छे से जा के बाबा के दरबार मे क्षेत्र की सुख शांति समृद्धि की कामना करे। मौके पर ताराकांत सिंह, रमेश साहू, सूरज साहू,पप्पू तिवारी समेत और भी लोग मौजूद थे।

## एक साथ गांव पहुंचे 6 शवों को देख पसरा मौत का सन्नाटा

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली के पिस्का गांव शुक्रवार को पुलिस की छावनी में तब्दील रहा। पूरे दिन अधिकारियों और राजनीतिक दलों के नुमाइंदों का आना-जाना लगा रहा। पूरा गांव शोक में था। इसी माहौल के बीच छ ̄ शवों का उनके परिजनों ने गांव के ही समीप उरांग गड़ा बजरंग मेरा श्मशान स्थल पर दाह संस्कार किया। जिसमे स्व रमेश मांझी, स्व गुरुपद मांझी स्व बहादुर मांझी तीन चिताएं को जलाया गया। वही स्व धनंजय मांझी स्व बिष्णु माझी स्व मंटू माझी तीन चिताएं को दफना दिया गया । दिन शुक्रवार पोस्टमार्टम के बाद गांव में शवों का पहुंचना देर रात से ही शुरू हो गया। छ शवों को उनके घरों में लाया गया। पूरे गांव की महिलाएं, पुरुष यहां शोक जताने को मौजूद रहे। बच्चों और महिलाओं के करुण क्रंदन से आसपास गम का माहौल रहा। उधर, हादसे को लेकर परिजनों में रोष भी नजर आया।

## विद्युत चोरी के आरोप में 10 लोगों पर प्राथमिकी हुई दर्ज

**चान्हो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चान्हो प्रखंड क्षेत्र ग्राम पंडरी में विद्युत विभाग के द्वारा विद्युत ऊर्जा चोरी का अभियान चलाया गया। जिसमे दस लोगों के विरुद्ध चान्हो थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। ग्राम पंडरी में सरफराज अंसारी, सहाबुद्दीन, लियाकत, आलमीन, परवेज, खलील, संजय कुमार मिश्रा, महबूब, कुर्बान, समीम अंसारी पर प्राथमिकी दर्ज को गई है। इन लोगों पर 404163 रुपया का जुर्माना लगाया गया है। इस अभियान में सहायक विद्युत अभियंता श्री राजेश बिरुवा, कनीय विद्युत अभियंता श्री आशीष कुमार मुंडा, विजय विश्वकर्मा, विकाश द्विवेदी, अनवर अंसारी, इस्माइल अंसारी, अहमद अंसारी सुलेन्द्र महतो एवम अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

# कुरमी विकास मोर्चा ने किया बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** शनिवार को अंचल मैदान वाचनालय भवन में बैठक किया गया। बैठक में आगामी 20 सितंबर को रेल टेका अनिश्चितकालीन आंदोलन को सफल बनाने को लेकर विस्तृत से चर्चा किया गया। बैठक की अध्यक्षता संजय कुमार महतो ने किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पंचायत प्रभारियों का गठन किया गया।इस बैठक में कुरमी/ कुड़मी विकास मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष शीतल ओहदार उपस्थित हुए।

मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि 20 सितंबर को रेल चक्का जाम ऐतिहासिक होगा।मुरी जंक्शन पर लाखों की संख्या में पुरे राज्य के कोने कोने से कुरमी समाज के लोग भाग लेंगे। रेल टेका ऐतिहासिक होगा जबतक भारत सरकार अविलंब संज्ञान नहीं लेती है, तो अनिश्चितकाल के लिए रेलवे ट्रैक पर बैठेंगे।

उन्होंने आगे कहा कि कोल्हान प्रमंडल से प्रखंड स्तर पर तैयारी चल रही हैं। प्रत्येक प्रखंड से हजारों की संख्या में मुरी जंक्शन पहुंचेंगे।

मौके पर मुख्य रूप से केंद्रीय प्रधान महा सचिव रामपोदो महतो, केंद्रीय कोषाध्यक्ष सखीचंद महतो, जिला परिषद् सदस्या सरिता देवी, अनिल महतो, आकाश महतो, मनीष महतो, विराट महतो, मुनेश महतो, मनोज महतो, सरदीप महतो, हरीश महतो, आनन्द महतो, हरीमोहन महतो, संदीप महतो, विजय आनन्द , महेश महतो, भूषण महतो, बालकिशन महतो, पवन महतो, सिकेंद्र महतो, मंगलदेव महतो एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## यूनियन प्रतिनिधियों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण में शामिल हुए पिपरवार के यूनियन प्रतिनिधि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस रांची में यूनियन प्रतिनिधियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।इस प्रशिक्षण शिविर में सीसीएल के पिपरवार एरिया से कई यूनियन प्रतिनिधि शामिल हुए।जानकारी के अनुसार सीसीएल के पिपरवार एरिया,एनके एरिया, राजहरा एरिया और आम्रपाली एरिया के एरिया अध्यक्ष और एरिया सचिव को प्रशिक्षण दिया गया। यूनियन प्रतिनिधियों का यह प्रशिक्षण दो चरणो मे सुबह 9:30 बजे से 1:00 बजे तक और फिर दोपहर 2:00 बजे से 5:00 बजे तक दी गई।सीसीएल के अधिकारियो द्वारा स्किल डेवलपमेंट एवं यूनियन सोशल सिक्योरिटी सहित अन्य बातो पर प्रशिक्षण दिया गया।पिपरवार क्षेत्र से सीटु के सचिव इस्लाम अंसारी,जमंस के रविंद्रनाथ सिंह,आरकेएमयू के भीम प्रसाद मेहता,आरसीएमयू के कासिम उर्फ मुन्ना, विद्यापति सिंह,रतन लाल, प्रेमचन्द, शैलेश कुमार,गणेश कुमार सहित उक्त चारों एरिया के अध्यक्ष और सचिव शामिल हुए।

## डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल बेड़ो में कवि सम्मेलन आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में शनिवार को झारखंड लेखक संघ के द्वारा कवि सम्मेलन एवं काव्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उदघाटन दीप जला कर संघ के संस्थापक चंदन प्रजापति, संयोजक ऋषभ कुमार व अतिथियो ने किया। वही निदेशक कैलाश कुमार ने सभी कवियों को सॉल देकर सम्मानित किया. विद्यालय के 31 बच्चों ने स्वयं से लिखकर काव्य प्रतियोगिता में भाग लिया। वही बच्चों ने प्रकृति, पेड़ बचाओ, बेटी, मां, एवं पर्यावरण पर कविता लिखी और सुनाई जिसमें से तीन बच्चों संदली संविधा ,अनिकेत पाठक और नैतिक शौर्य का चयन राज्य स्तरीय काव्य प्रतियोगिता के लिए किया। जिसका प्रशिक्षण झारखंड लेखक



संघ के द्वारा किया जायेगा। कवि सम्मेलन में झारखंड लेखक संघ के संस्थापक चंदन प्रजापति, संयोजक ऋषभ कुमार,कुमार संजय, सची त्रिपाठी, अमन प्रियदर्शी, अंकिता सिन्हा, प्रकाश बड़ाइक, डॉ सुरिंदर कौर नीलम ने बच्चों के बीच अपनी रचनाएं पेश की और बच्चों का मनोबल बढ़ाया, और आगे उन्हें हर संभव मदद करने का वादा किया। स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार ने कहा की इस तरह के आयोजन से बच्चों में रचनात्म लिखने व बोलने की प्रतिभा बढ़ती है। वही स्कुल के कई बच्चों ने स्वयं से लिखी कविता सुनाई। मौके पर झारखंड लेखक संघ के द्वारा अच्छे प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## भारत मुंडा समाज के केंद्रीय अध्यक्ष सुशील पाहन ने मुंडारी भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** भारत मुण्डा समाज के द्वारा केन्द्र सरकार को एक निवेदन किया जा रहा है कि मुण्डारी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने के लिए प्रतिवेदन तैयार कर उसे महामहिम राष्ट्रपति महोदया, गृह मंत्री और जनजातीय मामले मंत्री भारत सरकार को आज ही स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा गया है। चूंकि मुण्डारी भाषा एक प्राचीनतम भाषाओं में से एक भाषा है। इस प्रतिवेदन के साथ करीब मुण्डारी भाषा की 100 लेखक और कवियों की सूची जिसमें करीब 10 विदेशी लेखक भी हैं और उनके द्वारा लिखित करीब 200 से भी अधिक पुस्तकों की सूची भी इस पत्र के साथ संलग्न किया गया है। जो सन



1871 के आस पास से ही मुण्डारी भाषा की पुस्तकें लिखी जा रही है। चूंकि मुण्डारी भाषा से अन्य आदिवासियों की भाषा जैसे-संथाली भाषा, हो भाषा, खड़िया भाषा, असुर भाषा, बिरजिया भाषा आदि का सृजन हुआ है। देश में मुण्डारी भाषा के लोग काफी संख्या में हैं, झारखण्ड, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, असम के चाय बगान आदि क्षेत्रों में निवास करते हैं। यदि मुण्डारी भाषा संविधान के आठवीं अनुसूची में शामिल होने से मुण्डा समाज समुदाय को अपनी भाषा संस्कृति और परम्परा की रक्षा करते हुए इसे संरक्षित करने काफी मदद मिलेगी। इस विषय पर दो मुण्डा बहुल प्रदेश झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और उड़ीसा प्रदेश के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के द्वारा भी केन्द्र सरकार को मुण्डारी भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने की अपने पत्र के माध्यम से सहमति व्यक्त की है।

## कर्रा में हाथी ने किया घर को ध्वस्त किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्रा :** थाना क्षेत्र अंतर्गत छाता पंचायत के गोसो गांव निवासी रामबालक महतो के घर को शुक्रवार की देर रात जंगली हाथी द्वारा ध्वस्त किया कर दिया गया. वही घर में रखे अनाज चावल गेहूं को खाकर व छिटकर बर्बाद किया. वही घर का छप्पर बैलों के ऊपर गिरने से बैल जख्मी हो गया. शनिवार सुबह को घटना की जानकारी मिलने पर छाता पंचायत मुखिया सुखराम धान और वन विभाग के कर्मी गोसो गांव पहुंचकर रामबालक महतो से मिलकर स्थिति की जानकारी लिया और विभाग के द्वारा भुक्तभोगी को उचित मुआवजा दिलाने की बात कहा. ज्ञात हो कि इसके पुर्व 12 अगस्त कि रात्रि गोविन्दपुर रोड स्थित रामनारायण महतो के मकान के दरवाजा को ध्वस्त कर घर में रखे पांच क्विंटल धान को खा कर तहस नहस कर दिया।

## डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में मनाया गया अक्षय उर्जा दिवस

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में शनिवार को देश में कम्प्यूटर क्रांति के जनक एवं भारत के पुर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर अक्षय उर्जा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।विद्यालय के प्राचार्य राजीव रंजन झा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।विज्ञान के शिक्षकों के द्वारा अक्षय ऊर्जा के महत्व और भविष्य की ऊर्जा के स्त्रोत के रूप में गैर परंपरागत ऊर्जा के उपयोग एवं महत्व पर प्रकाश डाला गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य राजीव रंजन झा ने कहा कि हमारे देश मे नवीकरणीय उर्जा के विकाश और महत्व के बारे मे जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रत्येक वर्ष अक्षय उर्जा दिवस मनाया जाता है।स्कूल के शिक्षक एसके पाण्डेय ने कहा कि दुनिया मे प्राकृतिक संसाधन बनाने और उनके प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए अक्षय उर्जा दिवस मनाया जाता है।

**AFFIDAVIT**

Akanchha sinha D/o Ajit Kumar Sinha, R/o A- 5, harimati Apartment, opposite circular road, New Debuka nursing home, lalpur, Ranchi, P.O. G.P.O., dist. Ranchi -834001(jharkhand),do hereby solemnly affirm and state as follows:-

**1.** That I had earlier been named as Akanchha and as such my official document at the relevant time was issued under the name Akanchha itself.

**2.** That after getting married, I attached my husband's surname along with my name and as such I have been subsequently named as Akanchha Sinha which is currently my official name.

**3.** That the identity of the aforesaid Akanchha and my current official name, i.e Akanchha Sinha is one and the same.

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में ग्रैंड पैरेंट्स डे-वात्सल्यम मनाया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** दिनांक 19 अगस्त, 2023 को सरला बिरला पब्लिक स्कूल के नर्सरी तथा केजी-1 के बच्चों ने ग्रैंड पैरेंट्स डे-वात्सल्यम मनाया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में दादा-दादी एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित हुए। सस्टेनेबल डेवलपमेंट पर आधारित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में प्रो. डॉ. तपन कुमार शांडिल्य, कुलपति, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची की गरिमामयी उपस्थिति रही। श्रीमती विभा सिंह, संस्थापक निदेशक, मेरे नन्हे कदम, रांची इस कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि थीं। इस अवसर पर हेसाग स्थित वृद्धाश्रम 'अपना घर', प्रेम नगर, उर्सुलाइन कॉन्वेंट, सिंह मोड़, लटमा रोड, हेसाग, रांची के विशेष अतिथियों को सादर आमंत्रित किया



गया था। समारोह की शुरुआत गणमान्य व्यक्तियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई और उसके बाद स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। केजी-प् और नर्सरी के नन्हे-मुन्नों ने 'सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल' विषय पर आधारित अपने प्रदर्शन से माहौल को खुशनुमा बना दिया। केजी-1 ए के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने एसडीजी -15 'लाइफ ऑन लैंड' पर मनमोहक नृत्य 'ग्रीन कंजर्वर्स' पेश किया। केजी-1 बी के छात्रों ने 'ऑल लाईफ मैटर्स' विषय पर शानदार नृत्य 'रिदमिक वर्ल्ड' से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। केजी-1 सी ने पर्यावरण की रक्षा और संरक्षण की कोशिश करते हुए, पृथ्वी के रक्षक के रूप में अभिनय करते हुए अपने प्रदर्शन 'कॉनकॉर्डिया' के साथ मंच पर धूम मचा दी। नर्सरी के बच्चे अपने नृत्य प्रदर्शन 'ब्लू सफायर्स' के साथ आए, जिसमें बच्चों ने एसडीजी 14 'लाईफ बिलो वाटर' पर ध्यान केंद्रित करते हुए समुद्री दुनिया की जादुई यात्रा प्रस्तुत की। छात्रों ने अपने नृत्य प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया तथा 'कृष्ण लीला' प्रस्तुत की। इस कार्यक्रम ने जन्माष्टमी को मंच पर साकार कर दिया। दादा-दादी अपने पोते-पोतियों के आकर्षक कार्यक्रम देखकर अभिभूत हो गए। मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. तपन कुमार शांडिल्य ने शिक्षण की आधुनिक और प्राचीन पद्धतियों को आपस में जोड़ने के स्कूल के प्रयासों की सराहना की, जो छात्रों को वर्तमान युग की शैक्षिक और रोजगारोन्मुख मांगों को पूरा करने में सक्षम बनाता है। इसके अलावा उन्होंने अरस्तू, प्लेटो, चाणक्य, स्वामी विवेकानंद और गांधीजी जैसे महान दार्शनिकों के उदाहरण देकर कहा कि बच्चों के समग्र विकास में इनके विचारों का महत्वपूर्ण स्थान है। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने ऐसे प्रासंगिक विषयों पर हर साल इस कार्यक्रम के संचालन के लिए छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने कहा कि बच्चों को जड़ों से जोड़ने के लिए सबसे जरूरी है कि वे अपने दादा-दादी, नाना-नानी से जुड़े रहें। दादा-दादी उन्हें महान नेताओं की कहानियाँ सुनाते हैं जो उनके लिए प्रेरणा स्रोत का काम करती हैं। उन्होंने कहा कि यह समय एक्सपीरिएंसल लर्निंग का युग है और इस तरह के कार्यक्रम बच्चों को रचनात्मक रूप से सोचना सिखाते हैं जो उनके सर्वांगीण विकास में सहायक है।

# सर्पो की देवी मां मनसा की पुजा बड़ी धूमधाम के साथ संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली मुरी क्षेत्र में शुक्रवार को सर्पो की देवी मां मनसा की पूजा बड़ी धूमधाम के साथ की गई। सभी ने अपने घरों पर एवं पंडालों मे मां मनसा की मूर्ति स्थापित किया। स्वर्णरेखा नदी एवं तलाब मां मनसा की बारी उठाकर श्रद्धालु गाजे बाजे के साथ मां मनसा के मंदिरा में प्रवेश किए साथ ही मां मनसा की पुजा अर्चना किया गया। अपने अपने परिवार एवं क्षेत्र के लिए सुख समृद्धि की श्राद्धालुओं ने कामना किया। इस पुरोहित द्वारा पुरे विधि विधान के साथ मां मनसा देवी की पुजा अर्चना किया गया। पुजा सम्पन्न होने के बाद बकरे एवं बत्तख की बलि देकर अपने परिवार की खुशहाली की कामना की गई। इस दौरान सभी श्रद्धालुओं ने मां मनसा के



सामने माथा टेका और अपने परिवार एवं क्षेत्र के लिए सुख समृद्धि की कामना की। मां मनसा की पुजा से क्षेत्र भक्तिमय से गुंज उठा। पुजा सम्पन्न होने के बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

## सड़क निर्माण में अनियमता बरतने को लेकर ग्रामीणों ने जताया विरोध

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झुमरीतिलैया :** स्थित तिलैया बस्ती वार्ड नंबर 2 में ग्रामीणों के द्वारा प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत हो रही सड़क निर्माण में अनियमता बरतने को लेकर ग्रामीणों ने जताया. इस बाबत ग्रामीणों ने कहा कि यहां पहले से पीसीएस की रोड बनी हुई है और अब पुनः उसी रोड के ऊपर 6 इंच पीसीसी रोड का निर्माण होता है तो पहले से सड़क ऊंची होने के कारण घर एक फिट डूबी हुई है और पुनः सड़क के ऊपर दोबारा बनता है तो ग्रामीणों के घरों का पानी बाहर नहीं निकल पाएगा बल्कि सड़क का पानी घर के अंदर चला जाएगा जिससे सभी ग्रामीणों को काफी तकलीफों का सामना करना पड़ेगा. ग्रामीण विरोध कर पुराने पीसीसी को उखाड़ कर निर्माण करने की मांग की तथा रोड निर्माण से पहले नाली की समुचित व्यवस्था हो और यह सड़क का लगावा तीन फैक्ट्री से है जिसमें बड़ी-बड़ी गाड़ियों का आना-जाना कई वर्षो होते आ रहा है तथा गझंडी को जोड़ने वाली मुख्य सड़क है इसलिए इसकी चौड़ाई 22 से 25 फिट किया जाए ।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई. निविदा सूचना**

**विविध वैद्युतिक कार्य हेतु ई–निविदा सूचना विद्युत (सामान्य) विभाग के लिये खुली निविदायें**

मंडल रेल प्रबन्धक (विद्युत) पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्यो के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:

**ई निविदा सं० : ईएल/15/खुली/2023–24, कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि:** (ए) अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चोपन और डाल्टनगंज स्टेशन पर 12.0 मीटर चौड़े एफओबी के प्रावधान (बी) अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चंद्रपुरा और कतरासगढ़ स्टेशन पर 12.0 मीटर चौड़े एफओबी के प्रावधान (सी) अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत गोमो और बरकाकाना स्टेशन पर 12.0 मीटर चौडे एफओबी के प्रावधान (डी) अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कोडरमा और पारसनाथ स्टेशन पर 12.0 मीटर चौड़े एफओबी के प्रावधान (ई) अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पहाड़पुर और हजारीबाग रोड स्टेशन पर 12.0 मीटर चौड़े एफओबी के प्रावधान (एफ) अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत लातेहार और गढ़वा रोड स्टेशन पर 12.0 मीटर चौड़े एफओबी के प्रावधान (जी) अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेनुकूट, नगरउंटारी और गढ़वा स्टेशन पर 12.0 मीटर चौड़े एफओबी के प्रावधान से संबंधित वैद्यतिक कार्य। (कार्य समापन अवधि : छः माह), **कार्य के लिए प्राक्कलित राशि :** रू० 1,85,61,034.35, **बिड सिक्युरिटी :** रू० 2,42,800.00, **ई निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समयः** ई निविदा बंद होने की तिथि दिनांक 12.09.2023 को 11:00 बजे। ई निविदा खुलने की तिथि दिनांक 12.09.2023 को 11.30। **वेबसाईट का विवरण :** वेबसाइट **ireps.gov.in** ई–निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

**मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत), धनबाद**

पीआर/0985/डीएचएन/इजीईएन/टी/23–24/52

## जुगसलाई में राणी सती दादी जी का सिंधारा उत्सव आज

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर की धार्मिक संस्था श्री राणी सती सत्संग समिति जुगसलाई द्वारा हर साल की भांति इस वर्ष भी 20 अगस्त रविवार को श्री राणी सती दादी जी का सिंधारा तीज उत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा। जुगसलाई गर्ल्स स्कूल रोड स्थित श्री राणी सती दादी मंदिर में दोपहर 3 बजे से 121 महिलाओं द्वारा सामूहिक रूप से मंगल पाठ किया जायेगा। मंगल पाठ के बाद भजनों की रसधारा में महिलाएं झूमेगी। मंगल पाठ वाचक स्थानीय मशहूर गायिका सुनीता-गोविंद भारद्वाज एण्ड टीम द्वारा होगा। इस संबंध में शनिवार को समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार अग्रवाल एवं कार्यक्रम संयोजक कमल अग्रवाल ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि बताया कि इसकी सभी तैयारियां पुरी कर ली गयी हैं। इसे सफल बनाने में अजय कुमार अग्रवाल, मनीष कुमार केडिया एवं गोविंद भारद्वाज सहित समिति के सभी सदस्य लगे हुए हैं।

## सनी बाबा की सालाना बरसी सिदगोड़ा में 12 को

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सतगुरु श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज की बख्शीश से पीड़ितों का दुख दर्द हरने वाले 10 नंबर बस्ती के सनी बाबा की सालाना बरसी 12 सितंबर मंगलवार को आयोजित होगी। गुरु घर और सनी बाबा स्वर्ण सिंह के सेवक पहली बरसी को यादगार बनाने में जुटे हुए हैं। सिदगोड़ा गणेश पूजा मैदान साई मंदिर के सामने विशाल गुरु दरबार सजाया जाएगा जिसमें रागी मनप्रीत सिंह जी, रागी जसपाल सिंह छाबड़ा जी, राजी गुरदीप सिंह निक्कू जी एवं बाबा ठाकुर सिंह जी गुरु जसगायन और कथा विचार करेंगे। भाई सविंदर सिंह भाई जसपाल सिंह एवं बीबीयों ने संयुक्त रूप से बताया कि संगत भरपूर सहयोग दे रही है। संगत के सहयोग और गुरु महाराज की कृपा से सुबह 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे एवं शाम 7:00 बजे से रात 11:00 बजे तक कीर्तन प्रवाह चलेगा और गुरू घर का अटूट लंगर की व्यवस्था रहेगी। उसी दिन मैदान में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर, आई चेक कैंप एवं स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन होगा। उन्होंने मेडिकल कैंप का लाभ लेने की अपील नगर वासियों से की है।

## सरकार योगा एकेडमी के 25 वर्ष पूरे, समारोह आज

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरकार योगा एकेडमी के स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर भव्य सिल्वर जुबिली समारोह का आयोजन कल, 20 अगस्त, 2023 को अपरान्ह 3 बजे से किया जाएगा. साकची स्थित रविन्द्र भवन में होनेवाले उक्त कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राज्य के स्वास्थ मंत्री बन्ना गुप्ता शामिल होंगे. अन्य अतिथियों में जिले के वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) प्रभात कुमार व निशांत दयाल (निदेशक, एलिट स्पोर्ट्स मैनेजमेंट) शामिल होंगे. इस संबंध में जानकारी देते हुए सरकार योगा एकेडमी के संस्थापक व निदेशक योगगुरु अंशु सरकार ने बताया कि उपरोक्त अतिथि कार्यक्रम का उद्घाटन करने के अलावा कई लोगों को अपने हाथों से सम्मानित भी करेंगे. उन्होंने बताया कि इस कड़ी में शनिवार से शुरू हुए दो दिवसीय ज़िला योगासन प्रतियोगिता के विजेताओं के साथ साथ अलग-अलग श्रेणी में (योगा लवर्स अवार्ड, एकडेमी के पुराने विद्यार्थी, बेस्ट हेल्पिंग हैंड्स, अनुशासित व आज्ञाकारी विद्यार्थी आदि) 350 से अधिक लोगों को पुरस्कृत व सम्मानित किया जाएगा.

## कुचाई के पोंडाकाटा का किशोर लापता, परिजनों ने थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया

**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुचाई थाना क्षेत्र के पोंडाकाटा गांव के राधेश्याम मुर्मू का 16 वर्षीय पूत्र यूसुफ मुर्मू पिछले दो सप्ताह से गुमशुदा है. काफी खोजबीन के बाद भी युसुफ का पता नहीं चल सका है. इस संबंध में परिजनों से कुचाई थाना में यूसुफ मुर्मू के गुमशुदगी का सनहा दर्ज कराया है. जानकारी के अनुसार यूसुफ मुर्मू दो अगस्त को वह कुचाई के अरुवां में लगने वाले हाट में गया हुआ था. इसके बाद से ही वह वापस घर नहीं लौटा. यूसुफ मुर्मू मैट्रिक की परीक्षा प्रथम श्रेणी में पास हुआ है तथा आईटीआई के लिये आवेदन किया था. परंतु आईटीआई में उसका नामांकन नहीं होने के कारण काफी परेशान था तथा दोस्तों से कहीं बाहर जा कर काम करने की बात कह रहा था. वही युसुफ मुर्मू का कुचाई थाना प्रभारी चंदन कुमार भी खोजबीन शुरू कर दी है। युसुफ मुर्मू का किसी व्यक्ति को पता चलने पर मोबाइल नंबर 7367802617 पर सुचित करें।



## अल्प आय वर्ग के उपभोक्ताओं में अर्थव्यवस्था को लेकर खासा उत्साह

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** होम क्रेडिट इंडिया (एचसीआईएन), अग्रणी वैश्विक कंज्यूमर फाइनेंस प्रदाता कंपनी की स्थानीय शाखा ने अपने दूसरे आंतरिक वार्षिक उपभोक्ता सर्वे का पहला संस्करण दि इंडियन वालेट स्टडी 2023 उपभोक्ताओं के वित्तीय व्यवहार व उनके कल्याण के प्रति समझ को लेकर जारी किया है। इस अध्ययन का सार है कि शहरी व अर्ध शहरी अल्प आय वर्ग के उपभोक्ताओं में अर्थव्यवस्था को लेकर खासा उत्साह है। जैसा कि अर्थव्यवस्था की वृद्धि हो रही है तो अल्प आय वर्ग के 52 फीसदी शहरी उपभोक्ताओं की आय का स्तर बढ़ा है और 76 फीसदी को उम्मीद है कि आने वाले वर्ष में उनकी आय बढ़ेगी जबकि 64 फीसदी बेहतर बचत की अपेक्षा कर रहे हैं। हालांकि आय में वृद्धि के बाद भी गैर जरुरी खर्चों को लेकर उपभोक्ता अधिक सजग हैं और 70 फीसदी का कहना है कि इस तरह के खर्च या तो परिवर्तित नहीं हुए हैं या बीते साल घट गए हैं।

## टाटा लॉन्ग प्रोडक्ट कामगार प्रतिनिधिमंडल मिले उप श्रमायुक्त से, यूनियन चुनाव सरकारी देखरेख की मांग

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटा लॉन्ग प्रोडक्ट कंपनी के कामगारों के एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा उप श्रमायुक्त जमशेदपुर को ज्ञापन सौंपकर टाटा कामगार यूनियन का चुनाव सरकारी देखरेख में कराने की मांग किया है। ज्ञापन में बताया गया है कि विगत 11 नवंबर% 2022 को कंपनी परिसर में टाटा कामगार यूनियन का चुनाव हुआ था जिसमें केवल सदस्यों का चयन ही किया गया था। किन्तु, निवर्तमान यूनियन के पदाधिकारियों ने बिना चुनाव कराए ही साजिश के तहत पूरी कमेटी की घोषणा कर दिया जिसका कई सदस्यों द्वारा विरोध किया गया है। इस संबंध में पूर्व में भी राज्य के श्रम मंत्री, उप श्रमायुक्त जमशेदपुर को आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराया गया था। किंतु अब तक उसपर कोई कार्यवाही नहीं की गई। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि मजदूरों के हित को ध्यान में रखते हुए टाटा कामगार यूनियन के अध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, सह सचिव तथा कोषाध्यक्ष पद का पुनः चुनाव सरकारी देखरेख में कराया जाए। प्रतिनिधिमंडल में रामचंद्र दास, भुवन दास, राजकुमार यादव, अशोक कुमार दास समेत कई कामगार शामिल थे।

## पौधरोपण कर पर्यावरण बचाने का दिया संदेश

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को भारत ह्यूमैनिटी फाउंडेशन के द्वारा पौधारोपण किया गया। इस कार्यक्रम मे संस्था के सदस्य एवं छात्रों ने पौधरोपण धातकीडीह स्थित तालाब के समीप मरीन ड्राइव रोड के किनारे और केएफ4 फ्लैट के समीप किया गया। संस्था के सदस्य शहाबुद्दीन ने कहा कि लगाए हुए पौधे आगामी समय में बड़े होने से आने वाली पीढ़ी के लिए लाभदायक होंगे। मौके पर प्रोफेसर असलम मलिक ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा हर साल लगाकर उसकी बड़े होते तक देखरेख करनी चाहिए। मौके पर प्रत्युष रजक, रंजीत प्रमाणिक ,सिकंदर, अली राजा, अल्तमश मिर्जा, कमरान, संस्था के अन्य सदस्य उपस्थित है।



## विश्व मानवतावादी दिवस पर टीएसएलपीएल ने बच्चों को कराया जूलॉजिकल पार्क का सैर

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व मानवतावादी दिवस पर टाटा स्टील लॉग प्रोडक्ट्स के सीएसआर विभाग की ओर से गम्हरिया के झुरकुली गांव के पिछड़े वर्ग के कुल 38 बच्चों को उनके माता-पिता के साथ टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क का भ्रमण कराया गया। इस दौरान बच्चों को चिड़ियाघर, संग्राहलय आदि का भी दौरा कराया गया। बताया गया है कि टीएसएलपीएल प्रबंधन ने पिछड़े वर्गों के लक्षित छात्रों के लिए शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया का एक समग्र दृष्टिकोण अपनाया है।

**उपायुक्त की अध्यक्षता में आत्मा शासकीय निकाय व जिला खाद्य सुरक्षा मिशन कार्यकारिणी समिति की बैठक**

# मोटा अनाज, मशरूम, डेयरी फार्मिंग व समेकित कृषि को दें बढ़ावा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शनिवार को समाहरणालय सभागार में जिला दण्डाधिकारी- सह- उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के अध्यक्षता में आत्मा शासकीय निकाय एवं जिला खाद्य सुरक्षा मिशन कार्यकारिणी समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में स्पष्ट निर्देश दिया गया कि किसान हित में सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए किसानों को तकनीकी प्रशिक्षण से जोड़े साथ ही वैज्ञानिक तरीके से खेती के लिए भी प्रोत्साहित करें । उपायुक्त द्वारा बटन मशरूम का उत्पादन सखी मंडल की महिलाओं के द्वारा करवाते हुए आय वृद्धि करने का निर्देश दिया गया। साथ ही एक जिला एक फसल के तहत चयनित टमाटर से संबंधित मूल्यवर्द्धित उत्पाद का प्रसंस्करण ईकाई की स्थापना के लिए किसानों को तैयार करने का निर्देश दिया जिसमें नाबार्ड एवं बैंक के पदाधिकारी को सहयोग करने का निर्देश दिया गया । मोटा अनाज के तहत मडुवा, ज्वार, कोदो, सांवा की खेती जो आज के समय में सभी लोग भूल गये है जो पौष्टिकता से भरपूर है इसीलिए इन फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देने का निर्देश दिया गया ।



**अंतर्राजकीय, राज्य के अंदर, अंतर जिला, जिला स्तरीय किसान परिभ्रमण को मिली स्वीकृतिः** इस वर्ष आत्मा, एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन योजनान्तर्गत जिला प्रसार कार्य योजना हेतु कुल 224.44413 लाख रू. स्वीकृत है जिसके अनुसार कृषक गतिविधियों जैसे 1 ईकाई अन्तर्राजकीय प्रशिक्षण, 1 ईकाई राज्य स्तरीय प्रशिक्षण, 8 ईकाई जिला स्तरीय कृषकों का प्रशिक्षण, 1 ईकाई अन्तर्राजकीय परिभ्रमण, 1 ईकाई राज्य के अंदर परिभ्रमण, 6 ईकाई कृषकों का जिला स्तरीय परिभ्रमण, 28 ईकाई रबी में मटर की उन्नत प्रभेद की खेती, सभी प्रखण्डों में 1-1 कुल 11 ईकाई कृषक पाठशाला, 2 ईकाई महिला समूहों का क्षमता विकास, 11 ईकाई कृषक गोष्ठी एवं 1 ईकाई जिला स्तरीय कृषि मेला आदि गतिविधियों का संचालन किया जाएगा । जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन दलहन प्रत्यक्षण योजना एवं न्युट्री सीरियल के अन्तर्गत प्रत्यक्षण, कृषि यंत्र वितरण, उपादान का वितरण के तहत वास्तविक किसान का चयन कर कार्य करने का निर्देश दिया गया । बैठक में उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक आत्मा मिथिलेश कालिंदी, डीडीएम नाबार्ड, अग्रणी जिला प्रबंधक, जिला उद्यान पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, आदि थे।

## 25 अगस्त को एक्सएलआरआइ पहुंचेंगी अमेरिकी महावाणिज्यदूत मेलिंडा पावेक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** अमेरिका की महा वाणिज्यदूत मेलिंडा पावेक 25 अगस्त 2023 को एक्सएलआरआई जमशेदपुर का दौरा करेंगी. इस दौरान वह एक्सएलआरआइ के इ-सेल के विद्यार्थियों को सप्लाई चेन मैनेजमेंट की चुनौतियों के साथ इस क्षेत्र में क्या कुछ संभावनाएं हैं, इस पर चर्चा करेंगी. इसके साथ ही खास तौर पर जनजातीय उद्यमिता को लेकर भी वह देश के भावी मैनेजरों के साथ अपनी विजन प्रस्तुत करेंगी. एक्सएलआरआइ प्रबंधन की ओर से बताया गया कि जनजातीय लोगों को भी उद्यमिता से जोड़ने की दिशा में सरकार के साथ ही हर स्तर पर प्रयास किया जा रहा है, इसी कड़ी में संस्थान की ओर से भी एक पहल की जा रही है. अमेरिकी महावाणिज्यदूत मेलिंडा पावेक यूएस में उच्च अध्ययन के लिए विभिन्न प्रकार की निःशुल्क कार्यशालाएं, पाठ्यक्रम, शैक्षिक मार्गदर्शन, एसटीईएम, शिक्षा, उद्यमिता से जुड़ी जानकारी भी देंगी. गौरतलब है कि महावाणिज्य दूत मेलिंडा पावेक ने अमेरिकी महावाणिज्य दूतावास, कोलकाता (भारत) में 12 अगस्त 2021 से अपना कार्य की शुरुआत की. इससे पूर्व वह टेक्यो दतावास में विज्ञान, नवाचार और विकास के मामले में काउंसलर के पद पर कार्य कर चुकी हैं. इसके साथ ही पाकिस्तान के इस्लामाबाद स्थित यूएस एंबेसी में सुपरवाइजरी जनरल सर्विस ऑफिसर के पद पर कार्य कर चुकी हैं. मेलिंडा पावेक का लंबा कार्य अनुभव है. वह जॉनसन एंड जॉनसन में सप्लाई चेन सीनियर अनालिस्ट के पर पर भी कार्य कर चुकी हैं.



## सज्जू ने अध्यक्ष व बैरम ने सचिव पद का पर्चा दाखिल किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** अंजुमन इस्लामिया चक्रधरपुर के नाम निर्देशन के दूसरे दिन अध्यक्ष पद के प्रत्याशी शहजाद मंजर उर्फ सज्जू और सचिव पद के प्रत्याशी बैरम खान ने परचा दाखिल किये। अंजुमन इस्लामिया चुनाव आयोग के चेयरमैन शाहिद अनवर के समक्ष दोनों प्रत्याशियों ने परचा जमा किये।परचा जमा करने से पहले दोनों प्रत्याशियों ने मोटर साईकिल जुलूस निकाल कर बंगलाटांड, दंदासाई, मिल्लत कॉलोनी, अंसार नगर, वार्ड संख्या 10, पापड़हाता, रेलवे कॉलोनी, पोटका आदि क्षेत्र का भ्रमण किया। दोनों के साथ सैंकड़ों समर्थक मौजूद रहे। 14 उम्मीदवारों ने नाम निर्देशन पत्र खरीदे - दो दिनों में कुल 14 उम्मीदवारों ने नाम निर्देशन पत्र की खरीदारी किये। अध्यक्ष पद के लिए 4 ने परचे खरीदे हैं. इनमें मो मुमताज अंसारी उर्फ कलकतिया, मो अशरफ, शहजाद मंजर व मो जुनैद बंटी शामिल हैं। सचिव पद के लिए 2 ने परचा खरीदा है। इनमें बैरम खान व कमाल अखतर प्रिंस शामिल हैं। उपाध्यक्ष पद के लिए 3 ने परचा खरीदा है. इनमें मो इम्तियाज, सफदर अली, सोहैल असलम शामिल हैं। सह सचिव पद के लिए 3 ने परचा खरीदा है. इनमें मो सद्दाम हुसैन राज, तौसीफ अख्तर (जॉनी), मो एजाज़ खान (कल्लू खान) तथा कोषाध्यक्ष पद के लिए 2 नामांकन पत्र बिका है। इनमें मो कैसर हुसैन व मो नदीम शामिल हैं।

## कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** सरायकेला-खरसावां जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला के अध्यक्षता मे कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक मे उपायुक्त के साथ मुख्य रूप से जिला कल्याण पदाधिकारी लक्ष्मण हरिजन, प्रखंड विकास पदाधिकारी चांडिल, राजनगर एवं कुचाई तथा कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग, भवन प्रमाण्डल, लघु सिचाई, खरकई, पेयजल यांत्रिक प्रमण्डल उपस्थित रहें। बैठक के दौरान उपायुक्त नें कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे- पोस्ट मैट्रिक,प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति, मुख्यमंत्री रोज़गार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, बिरसा आवास निर्माण योजना, अल्पसंख्यक कब्रिस्तान चाहरदिवारी योजना, सरना स्थल घेराबंदी योजना, सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा कर उचित निर्देश दिये। बिरसा आवास निर्माण के लंबित निर्माण कार्य को आगामी 05 सितम्बर तक पूर्ण करने का निदेश दिए। इस दौरान उपायुक्त नें जिले मे संचालित छात्रावास के सम्बन्ध मे जानकारी लेकर सभी छात्रावास मे पेयजल, शौचालय, लाइब्रेरी, हॉल समेत अन्य मुलभुत सुविधाए प्रदान करने के निदेश दिया।



## चक्रधरपुर के बर्टन लेक में मनाया गया वर्ल्ड फोटोग्राफी डे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** वर्ल्ड फोटोग्राफी डे के अवसर पर शनिवार 19 अगस्त को चक्रधरपुर के रेलवे बर्टन लेक में वेस्ट सिंहभूम फोटोग्राफर एसोसिएशन की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पश्चिमी सिंहभूम जिला के विभिन्न जगहों से फोटोग्राफर शामिल हुये। इस दौरान उपस्थित फोटोग्राफरों ने केक काटकर वर्ल्ड फोटोग्राफी डे मनाया। इस कार्यक्रम मे फोटो फोटो कंटेस्ट प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमे लगभग 30 फोटोग्राफर/फ्रीलांसर फोटोग्राफरों ने भाग लिए । मौके पर फोटोग्राफर एसोसिएशन के सचिव संजय कुमार मुखी ने बताया कि आज की प्रतियोगिता का रिजल्ट 27 अगस्त को चाईबासा के सनशाइन होटल मे प्रसिद्ध फोटोग्राफर एवं मेंटर बिरेन पटनाइक के द्वारा रिजल्ट जारी होगा। जहां प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा होगी. मौके पर वेस्ट सिंहभूम फोटोग्राफर एसोसिएशन के बलजीत सिंह जसवाल, करुणाकरण उदयान, संजय मुखी, सोनु सदाब, तरुण दास, ज्ञानचंद प्रजापति, सुदर्शन तामसोय, जय कुमार, दिलीप महतो, रोहित मुंडा, देबु, विश्वजीत भद्रा, तारक सरकार, बरुण दास, जगरनाथ मुखी, समेत चक्रधरपुर के अलावे चाईबासा, मनोहरपुर, सोनुवा, गोईलकेरा समेत पश्चिमी सिंहभूम जिला के अन्य जगहों से बड़ी संख्या में फोटोग्राफर मौजूद थे।



# यूनियन अध्यक्ष राकेशश्वर पांडे की अध्यक्षता में कार्यकारिणी की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शनिवार को गोलमुरी टिनप्लेट वर्कर्स यूनियन के सभा हॉल में यूनियन के कार्यकारिणी के सदस्यों की बैठक यूनियन के अध्यक्ष राकेशश्वर पांडे की अध्यक्षता में हुई । जिसमें मुख्य मुद्दा आने वाले ग्रेड रिवीजन में चार्टर ऑफ डिमांड को बनाना था इसके लिए सभी कमेटी मेंबरों से आग्रह किया गया कि वे जल्द से जल्द अपने कंपनी के कर्मचारियों के साथ मिलकर उनके सुझावों को लेकर आएं। टिनप्लेट कंपनी में ग्रेड रिवीजन पुराने कर्मचारियों के लिए एक अप्रैल 2024 से एवं एनएस ग्रेड के कर्मचारियों का 1 अप्रैल 2025 से देय होगा। इस सभा में सर्वप्रथम अपने से बिछड़े हुए साथियों की याद में 2 मिनट का मौन धारण उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर गोलमुरी टिनप्लेट वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष राकेश्वर पांडे, महामंत्री मनोज कुमार सिंह, उपाध्यक्ष परविंदर सिंह सोहल, सतनाम सिंह, गौतम डे, मुन्ना खान,ए रमेश राव, वकील खान, साई बाबू राजू, जगजीत सिंह, भूपेंद्र कुमार सिंह, राज कुमार सिंह, संजीव प्रसाद आदि शामिल थे।



## टीआरएफ लेबर यूनियन कार्यालय में देविका सिंह का सम्मान समारोह आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** महिला इंटक की राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत होने पर देविका सिंह का सम्मान समारोह टी.आर.एफ. लेबर यूनियन कार्यालय में किया गया। देविका सिंह को यूनियन अध्यक्ष राकेश्वर पाण्डेय एवं महामंत्री एम.एच. हीरामानेक द्वारा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। तदुपरांत महिला कर्मचारियों द्वारा माला पहनाकर देविका सिंह का अभिनंदन किया गया। इस विशेष अवसर पर यूनियन की ओर से स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया। इस दौरान श्री राकेश्वर पाण्डेय जी ने देविका सिंह के द्वारा मजदूरों के लिए किए गए कार्यों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि भविष्य में महिलाओं की भूमिका ट्रेड यूनियनों में अहम रहेगी। देविका सिंह ने श्री राकेश्वर पाण्डेय का आभार प्रकट किया और कहा कि आज उन्हें जो भी जिम्मेदारी मिली है सब श्री पाण्डेय के द्वारा दिखाए राह पर चलकर हीं मिली है। इस कार्यक्रम में बिदूत्री सिंह, शोभा शर्मा, डेजी कुमारी, तराना बानो, अनिता बिरूआ, कीर्ति सिंह, शिप्रा कुमारी, ललिता कुमारी, प्रिया महतो, शालू महतो आदि महिला कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन यूनियन के सहायक सचिव अंजनी कुमार ने किया।



# टाटा स्टील चेस इंडिया का 5वां संस्करण 31 अगस्त से कोलकाता में

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** बाकू, अजरबैजान में फिडे विश्व कप के सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने के बाद, आर प्रग्गनानंद 31 अगस्त से 9 सितंबर, 2023 तक नेशनल लाइब्रेरी, कोलकाता में आयोजित होने वाले टाटा स्टील चेस इंडिया (टीएससीआई) के पांचवें संस्करण में प्रतियोगिता का नेतृत्व करेंगे। मौजूदा विश्व चैंपियन वेनजुन जू द्वारा टीएससीआई में पदार्पण के साथ महिलाओं का मुकाबला भी खेल में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहा है। पिछले साल की तरह, टूर्नामेंट में ओपन और महिला वर्ग दोनों एक ही प्रारूप में होंगे - रैपिड और ब्लिट्ज़। बाकू में फिडे विश्व कप में क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले चार भारतीय सितारे - गुकेश डी, विदित गुजराती, आर. प्रग्गनानंद और अर्जुन एरिगैसी सभी टाटा स्टील चेस इंडिया में प्रतिस्पर्धा करने के लिए कोलकाता में होंगे। ओपन और महिला वर्ग दोनों के लिए पुरस्कार राशि बराबर होगी, जो 41,500 डॉलर है। इस अवसर पर टाटा स्टील चेस इंडिया के एम्बेसडर विश्वनाथन आनंद ने कहा, टाटा स्टील चेस इंडिया जैसे टूर्नामेंट जहां हमारे युवा खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर्स के साथ प्रतिस्पर्धा करते हैं, वास्तव में नए चैंपियन तैयार करने में मदद करते हैं। टाटा स्टील के कॉर्पोरेट सर्विसेज के वाईस प्रेसिडेंट, चाणक्य चौधरी ने कहा, टाटा स्टील चेस इंडिया के इस 5वें संस्करण में, हम महिला और पुरुष दोनों श्रेणियों में 20 विश्व रैंक वाले खिलाड़ियों की मेजबानी करने के लिए उत्साहित हैं। गेमप्लान के निदेशक, जीत बनर्जी ने कहा कि, कुछ साल पहले, टाटा स्टील के सहयोग से गेमप्लान ने टाटा स्टील चेस इंडिया की शुरुआत की थी। आज टूर्नामेंट की सफलता के कारण, इस वर्ष हमारे पास विश्व ब्लिट्ज चैंपियन, विश्व रैपिड चैंपियन, फीडे विश्व कप विजेता, महिला विश्व चैंपियन और कई अन्य प्रतिष्ठित खिलाड़ी हैं।

TATA STEEL CHESS INDIA RAPID & BLITZ

## गैस सिलेंडर में आग लगने पर बुझाने के उपायों से अवगत हुई ग्रामीण महिलाएं

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** यशपुर पंचायत सचिवालय में एलपीजी सुरक्षा पर जागरूकता के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उदघाटन मुखिया पार्वती सरदार ने किया। उन्होंने कहा कि एलपीजी से सुरक्षा की जिम्मेवारी हम सभी गृहिणियों की है। रसोई में गैस से संबंधित कोई भी समस्या होने पर तत्काल डिस्ट्रीब्यूटर्स को इसकी सूचना देना चाहिए। इस अवसर पर केपी इंडेन के संचालक केपी सोरेन ने कहा कि इंडियन ऑयल के दुर्घटना रहित संकल्पों को पूरा करना हमारा प्रयास है। सुरक्षा के मानकों को शत प्रतिशत पूरा करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाया गया है। इस दौरान उपभोक्ताओं को अचानक गैस सिलेंडर में आग लगने पर बुझाने के उपायों से अवगत कराया गया। इस मौके पर कल्याण महतो, जगदीश महतो, समीर कुमार, पुनीत, जगदीश कुमार महतो आदि उपस्थित थे।

## संपादकीय

# 'इंडिया' में अविश्वास!

विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में दरारें और अविश्वास के भाव पनपने लगे हैं। देश की मौजूदा राजनीति के मद्देनजर यह गठबंधन बेहद जरूरी और प्रासंगिक है, लिहाजा किसी भी दरार के उभरने पर उसका विश्लेषण भी अनिवार्य है। भारत में राजनीतिक गठबंधनों की नियति यही रही है कि वे बनते हैं, क्योंकि उन्हें टूटना होता है। वे टूटते हैं, क्योंकि फिर बनना होता है। सियासी गठबंधन का कोई भी 'स्थायी भाव' नहीं होता। शरद पवार देश के रक्षा और कृषि मंत्री रह चुके हैं। वह लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष भी रहे हैं। एक दौर था कि उनका नाम राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री पद के लिए भी चर्चा में रहता था। यह दीगर है कि उनकी पार्टी इतनी छोटी है कि वह कभी इन पदों तक पहुंच ही नहीं सके और न ही संभव था। अलबत्ता वह भाजपा में आ जाएं, तो विचार किया जा सकता है, लेकिन वह देश के प्रधानमंत्री कभी भी नहीं बन सकते। ऐसे वयोवृद्ध और अनुभवी नेता पर शिवसेना (उद्धव) और कांग्रेस के वे नेता सवाल कर रहे हैं, जो नौसीखिया जमात के हैं और विपक्षी गठबंधन के धागे बुनने में जिनका रत्ती भर भी योगदान नहीं है। दिल्ली में कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता अलका लांबा ने मीडिया को सार्वजनिक तौर पर ब्रीफ किया कि कांग्रेस नेतृत्व ने दिल्ली की सातों लोकसभा सीटों पर चुनावी तैयारी के निर्देश दिए हैं, जाहिर है कि पार्टी सभी सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारेगी। यह कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और दिल्ली के प्रादेशिक नेताओं ने एक बैठक में तय किया। तल्ख प्रतिक्रिया स्वाभाविक थी, लिहाजा दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज और आम आदमी पार्टी (आप) की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने गठबंधन के औचित्य पर सवाल उठा दिए। यह भी कहा कि 'इंडिया' की मुंबई बैठक में शामिल होने का मतलब ही क्या है? अलबत्ता उन्होंने अंतिम फैसला मुख्यमंत्री केजरीवाल पर छोड़ दिया। दूसरी तरफ महाराष्ट्र के भीतरघात हैं। वहां उपमुख्यमंत्री अजित पवार और दिग्गज नेता शरद पवार की मुलाकात पुणे के एक उद्योगपति के आवास पर हुई। इससे पहले भी दो-तीन मुलाकातें हो चुकी थीं। शरद पवार उपमुख्यमंत्री के सगे चाचा हैं और पवार परिवार में पिता-तुल्य हैं, लिहाजा ऐसी मुलाकातें स्वाभाविक हैं। एनसीपी में बगावत और विभाजन के बाद ये मुलाकातें हुई हैं। उद्धव ठाकरे की पार्टी के मुखपत्र 'सामना' में इन मुलाकातों के मद्देनजर संपादकीय तक लिख दिया गया कि शरद पवार भ्रम की स्थिति पैदा कर रहे हैं। कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण ने संभावनाओं का पिटारा ही खोल दिया कि अजित के जरिए शरद पवार भाजपा-एनडीए में जा सकते हैं। उन्हें केंद्रीय कृषि मंत्री या नीति आयोग का उपाध्यक्ष बनाने की पेशकश दी गई है। शरद की सांसद-पुत्री सुप्रिया सुले को भी केंद्रीय मंत्री बनाया जा सकता है। हालांकि शरद और सुप्रिया ने पेशकश की अफवाहों का खंडन किया है और भाजपा को 'सांप्रदायिक और दरारें पैदा करने वाली' पार्टी करार देकर उसके खिलाफ 'राजनीतिक संघर्ष' का संकल्प भी दोहराया है, लेकिन शरद पवार फिर भी सवालिया हैं। दरअसल पार्टी में दोफाड़ होने के बाद शरद पवार की ताकत भी विभाजित हुई है। उनकी पार्टी का नाम और निशान का मामला चुनाव आयोग के विचाराधीन है, लेकिन जिन नेताओं के प्रयासों से 'इंडिया' गठबंधन अस्तित्व में आया है, उनमें शरद पवार भी शामिल हैं। उन्हें कमोबेश महाराष्ट्र की राजनीति का 'पुराना चाणक्य' माना जाता है। यदि भ्रम और पालाबदल के सवाल और संदेह पैदा होते रहेंगे, तो विपक्ष का कोई भी गठबंधन लामबंद कैसे रह सकता है? जहां तक 'आप' का सवाल है, तो उसका उदय ही कांग्रेस का जनाधार छीनने की राजनीति के साथ हुआ है। 'आप' और कांग्रेस का किसी भी स्तर पर गठजोड़ 'अप्राकृतिक' है। बंगाल और तमिलनाडु में भी 'इंडिया' के आपसी अविश्वास उभरने लगे हैं। बहरहाल मुंबई बैठक की प्रतीक्षा की जाए।

शरद पवार देश के रक्षा और कृषि मंत्री रह चुके हैं। वह लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष भी रहे हैं। एक दौर था कि उनका नाम राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री पद के लिए भी चर्चा में रहता था। यह दीगर है कि उनकी पार्टी इतनी छोटी है कि वह कभी इन पदों तक पहुंच ही नहीं सके और न ही संभव था। अलबत्ता वह भाजपा में आ जाएं, तो विचार किया जा सकता है, लेकिन वह देश के प्रधानमंत्री कभी भी नहीं बन सकते। ऐसे वयोवृद्ध और अनुभवी नेता पर शिवसेना (उद्धव) और कांग्रेस के वे नेता सवाल कर रहे हैं, जो नौसीखयिा जमात के हैं और विपक्षी गठबंधन के धागे बुनने में जिनका रत्ती भर भी योगदान नहीं है। दिल्ली में कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता अलका लांबा ने मीडिया को सार्वजनिक तौर पर ब्रीफ किया कि कांग्रेस नेतृत्व ने दिल्ली की सातों लोकसभा सीटों पर चुनावी तैयारी के निर्देश दिए हैं, जाहिर है कि पार्टी सभी सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारेगी। यह कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और दिल्ली के प्रादेशिक नेताओं ने एक बैठक में तय किया। तल्ख प्रतिक्रिया स्वाभाविक थी, लिहाजा दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज और आम आदमी पार्टी (आप) की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने गठबंधन के औचित्य पर सवाल उठा दिए। यह भी कहा कि 'इंडिया' की मुंबई बैठक में शामिल होने का मतलब ही क्या है? अलबत्ता उन्होंने अंतिम फैसला मुख्यमंत्री केजरीवाल पर छोड़ दिया। दूसरी तरफ महाराष्ट्र के भीतरघात हैं।

## कुछ अलग

# कांगड़ा को नेता की तलाश

सत्ता में अभिशप्त होता आ रहा प्रदेश का सबसे बड़ा जिला कांगड़ा और इसके अधिकांश नेताओं के लिए अब खुद को साबित करने की नौबत आ गई है। हम इसे केवल एक पार्टी तक नहीं देख सकते, बल्कि यह मर्ज इस घर की दीवारों पर पूरी सियासत के लिए चस्पां है। दोषारोपण कांगड़ा पर भी है और यहां की जनता पर भी कि उसे नेता और विधायक में फर्क नगर नहीं आता। भले ही हर सरकार में सबसे अधिक विधायक बनाने की निपुणता में कांगड़ा मेहनत कर लेता है, लेकिन सत्ता का नेता बनाने में यह जिला पूरी तरह पिछड़ा हुआ है। अन्य जिला विधायक से कहीं अधिक नेता बना रहे हैं। मंडी ने जयराम ठाकुर को नेता बनाया तो पिछले विधानसभा चुनाव में पूरा जिला भाजपा के पक्ष में खड़ा हो गया। हमीरपुर ने लगातार तीसरी बार और शिमला ने बार नेता बनाकर मुख्यमंत्री का पद सौंप दिया। कांगड़ा ने सबसे अधिक विधायक सौंपे न कि नेता बनाकर किसी को मुख्यमंत्री बनाने का श्रम किया। यह समझने की जरूरत है कि पिछली बार अगर प्रेम कुमार धूमल को सुजानपुर की जनता नेता के रूप में चुन लेती, तो राज्य की राजनीति का शृंगार क्या होता। प्रदेश की राजनीति अब इस कोशिश में है कि कांगड़ा में भले ही विधायक बढ़ जाएं, लेकिन किसी को नेता न बनने दिया जाए। इसके लिए अतीत से लेकर वर्तमान की साजिशें मशरूफ रही हैं। एक समय ऐसा भी आया जब कांगड़ा को तोडऩे के लिए विधायकों को मोहरा बना दिया, जबकि उन चेहरों को लगा कि वे इस बहाने नेता बन जाएंगे। आज देहरा को जिला बनाने वाले रमेश धवाला कहां हैं। नूरपुर का झंडा उठाने वाले राकेश पठानिया कहां हैं। पालमपुर का ताज पहनकर कांगड़ा के टुकड़ों में राज करने वाले रविंद्र सिंह रवि कहां हैं। क्या ये लोग सत्ता की भागीदारी में नेता बन पाए या खुद को सहेज पाए। हैरानी यह कि आज तक जो कांगड़ा का नेता साबित होकर, सियासत का वजनदार चेहरा माना गया, वह शांता कुमार भी पालमपुर की गलियों में नगर निगम या विधायक के चयन में ही हार गए। ऐसा नहीं है कि कांगड़ा में नेता नहीं हो सकते थे, लेकिन कई सत्ता के चमचे और कई व्यक्तिगत उत्कंठा के सदके खत्म हो गए। विडंबना ऐसी हो गई कि कांगड़ा की संपूर्णता में कोई विधायक या मंत्री बनकर भी साबित नहीं हुआ। यह ऐसा जिला है जहां केंद्रीय विश्वविद्यालय को बांट कर हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में कोई 'नेता' बनता गया। अगर ऐसा न होता, तो सबसे पहले प्रदेश की फोरलेन इसे जोड़ती, बीबीएन की तरह औद्योगिक नगर यहां होता, अब तक गगल एयरपोर्ट का विस्तार हो गया होता या आजादी से पहले की रेल पटरी अब तक ब्रॉडगेज हो गई होती। विडंबना यह है कि अब फिर कांगड़ा के विधायक खुद में 'नेता' नहीं ढूंढ रहे, बल्कि विधायकों के रूप में एक-दूसरे को गिरा रहे हैं। सोशल मीडिया पर सुजानपुर के विधायक राजिंद्र राणा की अभिव्यक्ति पर धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा की दाद पर खुजली अगर कांगड़ा को ही होने लगेगी, तो यह समझ लेना होगा कि यहां 'नेता' होने के लिए अभी सदियां लगेंगी। जिस तरह लगभग फटकार देते हुए मंत्री चंद्र कुमार ने एक छोटा सा पटाखा फोड़ा, उसके मायनों में वह कम से कम कांगड़ा का नेता होने का भ्रम नहीं पाल सकते।

## अमेरिकी डॉलर की मांग अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाल ही के समय में बहुत बढ़ी है

# अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यूपीआई की स्वीकार्यता भारतीय रुपए को मजबूती प्रदान करेगी

प्रहलाद सबनानी

भारत के पड़ौसी देश श्रीलंका ने भी अभी हाल ही में यूपीआई को अपना लिया है। पूर्व में, भारत और श्रीलंका की सरकारों के बीच इस सम्बंध में सहमति बन गई थी। फ्रान्स, संयुक्त अरब अमीरात और सिंगापुर ने पहिले ही भारतीय यूपीआई को अपना लिया है। इससे भारत के नागरिकों एवं यूपीआई अपनाने वाले अन्य देशों के बीच रुपए का लेनदेन आसान हो जाएगा। आम नागरिकों को इससे बहुत फायदा होगा क्योंकि रुपए को पहिले अमेरिकी डॉलर में बदलकर फिर अन्य देशों की मुद्रा में परिवर्तन करने के अतिरिक्त खर्च से बचा जा सकेगा।

भारतीय यूनीफाईड पेमेंट इंटरफेस को कई देश अपनाने को तैयार हो गए हैं। भारत के पड़ौसी देश श्रीलंका ने भी अभी हाल ही में यूपीआई को अपना लिया है। पूर्व में, भारत और श्रीलंका की सरकारों के बीच इस सम्बंध में सहमति बन गई थी। फ्रान्स, संयुक्त अरब अमीरात और सिंगापुर ने पहिले ही भारतीय यूपीआई को अपना लिया है। इससे भारत के नागरिकों एवं यूपीआई अपनाने वाले अन्य देशों के बीच रुपए का लेनदेन आसान हो जाएगा। आम नागरिकों को इससे बहुत फायदा होगा क्योंकि रुपए को पहिले अमेरिकी डॉलर में बदलकर फिर अन्य देशों की मुद्रा में परिवर्तन करने के अतिरिक्त खर्च से बचा जा सकेगा। भारतीय रिजर्व बैंक ने भारत आने वाले सभी यात्रियों को यूपीआई के माध्यम से भुगतान करने की सलाह दी है ताकि रुपए के उपयोग को बढ़ावा मिल सके। विभिन्न देशों के बीच विदेशी व्यापार के व्यवहारों का निपटान करने हेतु उत्पादों का आयात एवं निर्यात करने वाले देशों को आपस में स्वीकार्य मुद्रा की आवश्यकता होती है। प्राचीन काल में विदेशी व्यापार के व्यवहारों का निपटान स्वर्ण मुद्राओं में किया जाता था। वर्ष 1945 में ब्रेटन वुड्स नामक स्थान पर विभिन्न देशों द्वारा विदेशी व्यापार के व्यवहारों के निपटान हेतु उस समय की मजबूत मुद्रा ब्रिटिश स्टर्लिंग पौंड को स्वीकार किया गया था। परंतु, कालांतर में अमेरिकी अर्थव्यवस्था के पूरे विश्व में सबसे तेज गति से आर्थिक विकास करने वाली अर्थव्यवस्था बनने के चलते अमेरिकी डॉलर ने ब्रिटिश स्टर्लिंग पोंड का स्थान ले लिया है, जो आज भी जारी है। आज भी अमेरिकी डॉलर पूरे विश्व में एक मजबूत मुद्रा बना हुआ है और विशेष रूप से कोरोना महामारी एवं रूस यूक्रेन युद्ध के बाद से अमेरिकी डॉलर की कीमत अन्य देशों की मुद्रा की कीमत की तुलना में अंतरराष्ट्रीय बाजार में बहुत तेजी से बढ़ती जा रही है। एक अमेरिकी डॉलर आज 82 रुपए का हो गया है। दरअसल अमेरिकी डॉलर की मांग अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाल ही के समय में बहुत बढ़ी है। एक तो, अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें बहुत तेज गति से बढ़ी हैं, प्रायः समस्त देश अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की खरीद का भुगतान अमेरिकी डॉलर में ही करते हैं जिसके कारण अमेरिकी डॉलर की मांग भी बढ़ी है और जिसके चलते अमेरिकी डॉलर की कीमत में भी वृद्धि दर्ज हुई है। दूसरे, अमेरिका एवं अन्य विकसित देशों में मुद्रा स्फीति की दर 10 प्रतिशत के आसपास (अमेरिका में 9.1 प्रतिशत) पहुंच गई थी, जो कि इन देशों में पिछले 40-50 वर्षों में सबसे अधिक महंगाई की दर है। महंगाई पर नियंत्रण करने के उद्देश्य से इन देशों द्वारा ब्याज दरों में लगातार वृद्धि की जा रही है, जिसके कारण इन देशों द्वारा जारी किए जाने वाले बांडस पर प्रतिफल बहुत आकर्षित हो रहे है एवं विदेशी निवेशक विकासशील देशों से अपना निवेश निकालकर



अमेरिकी बांडस में अपना निवेश बढ़ाते जा रहे हैं। जिन विकासशील देशों से डॉलर का निवेश निकाला जा रहा है उन देशों के विदेशी मुद्रा के भंडार कम होते जा रहे हैं जिससे उनकी अपनी मुद्रा पर दबाव आ रहा है और डॉलर की स्थिति लगातार मजबूत होती जा रही है। जापान येन का अमेरिकी डॉलर की तुलना में 22 प्रतिशत अवमूल्यन हुआ है, ब्रिटिश पाउंड का 20 प्रतिशत अवमूल्यन हुआ है, यूरो का 15 प्रतिशत अवमूल्यन हुआ है, दक्षिण कोरिया की मुद्रा का 15 प्रतिशत अवमूल्यन हुआ है, आस्ट्रेलिया की मुद्रा का 12 प्रतिशत अवमूल्यन हुआ है वहीं चीनी यूआन एवं भारतीय रुपए का 10 प्रतिशत अवमूल्यन हुआ है। चूंकि अन्य देशों की मुद्राओं का भारतीय रुपए की तुलना में अधिक अवमूल्यन हुआ है अतः भारतीय रूपए की कीमत इन अन्य देशों की मुद्राओं की तुलना में बढ़ गई है। कई विकसित देशों एवं एशिया के कई देशों की मुद्राओं की तुलना में भारतीय रुपए का अमेरिकी डॉलर की तुलना में कम अवमूल्यन होने के कारणों में मुख्य रूप से शामिल हैं भारतीय अर्थव्यवस्था का लगातार मजबूत रहना और देश में आर्थिक विकास की गति का तेज होना। हाल ही के समय में भारत से निर्यात भी तेज गति से बढ़ रहे हैं जिसके चलते अमेरिकी डॉलर की भारत में आवक बढ़ी है। दूसरे, भारत में विदेशी निवेश भी लगातार बढ़ता जा रहा है जो कि सामान्यतः अमेरिकी डॉलर में ही होता है। इसके चलते भारत के पास पर्याप्त मात्रा में विदेशी मुद्रा का भंडार मौजूद है। वैश्विक स्तर पर अमेरिकी डॉलर का लगातार इस प्रकार मजबूत होते जाना एवं अन्य देशों की मुद्रा की कीमत गिरते जाना अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अन्य देशों के लिए ठीक नहीं है। क्योंकि, जैसे यदि भारत का ही उदाहरण लें, भारतीय रुपए की कीमत लगातार अमेरिकी डॉलर की तुलना में गिरते जाने के मायने यह है कि भारत द्वारा आयात की जाने वाली वस्तुओं का महंगा होते जाना एवं भारत द्वारा अधिक अमेरिकी डॉलर का भुगतान किया जाना। इसके परिणाम स्वरूप भारत में भी मुद्रा स्फीति की दर में वृद्धि हो रही है एवं इसे आयातित महंगाई भी कहा जाता है। इस प्रकार भारत सहित विश्व के अन्य देशों की विदेशी व्यापार करने पर अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता बढ़ गई है। हालांकि विश्व के समस्त देश वैश्विक स्तर पर विदेशी व्यापार करने के लिए विदेशी मुद्रा, जैसे डॉलर, यूरो, येन, पाउंड आदि का उपयोग करते रहे हैं, और अब चीन की मुद्रा युआन का इस्तेमाल भी किया जाने लगा है। परंतु, अमेरिकी डॉलर अभी भी विदेशी व्यापार के लिए सबसे प्रभावी मुद्रा बना हुआ है और इसीलिए पूरी दुनिया में अमेरिका की बादशाहत भी बरकरार है। परंतु, अब विदेशी व्यापार में अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता कम करने के उद्देश्य से भारतीय रिजर्व बैंक ने हाल ही में भारतीय रुपए को विदेशी व्यापार में भुगतान के माध्यम के रूप में स्वीकार्यता प्रदान की है। विशेष रूप से रूस एवं यूक्रेन के बीच छिड़े युद्ध के बाद रूस और इसके पूर्व ईरान पर लगाए गए आर्थिक प्रतिबंधों के चलते भारत को इन देशों से कच्चे तेल के आयात में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इसलिए इन देशों द्वारा कच्चे तेल के भुगतान के रूप में भारतीय रुपए को स्वीकार करने पर अपनी सहमति दे दी गई थी। अतः अब न केवल रूस और ईरान बल्कि कई अन्य कई देशों यथा श्रीलंका, बंगलादेश एवं अरब राष्ट्र भी भारत से आयात और निर्यात करने पर भारतीय रुपए में भुगतान कर सकेंगे एवं भुगतान प्राप्त कर सकेंगे। इससे अमेरिकी डॉलर की मांग भारत के लिए कम होगी। इससे भारत की अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता कम हो जाएगी और रुपए की कीमत पर दबाव भी कम होगा। जो अंततः भारत में मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करने में भी सहायक होगा। इससे भारत के साथ विदेशी व्यापार करने वाले देशों को भी लाभ होगा क्योंकि इन देशों द्वारा भारत से आयात की जाने वाली वस्तुओं का भुगतान भी भारतीय रुपए में ही किया जा सकेगा। अतः इन देशों की निर्भरता भी अमेरिकी डॉलर पर कम होगी और इन देशों को भारत से निर्यात और अधिक मात्रा में होने लगेंगे।

अभी तक भारत की 18 देशों के साथ वोस्ट्रो खाता के माध्यम से व्यापार करने पर सहमति बन गई है, इन 18 देशों के 60 स्पेशल रुपया वोस्ट्रो खाते भारत में खोले जा चुके हैं। ये 18 देश हैं, बोत्वसाना, फिजी, जर्मनी, गुयाना, इजराईल, केन्या, मलेशिया, मारीशस, म्यांमार, न्यूजीलैंड, ओमान, रूस, सेशेल्स, सिंगापुर, श्रीलंका, तंजानिया, युगांडा और संयुक्त राज्य अमेरिका। 15 जुलाई 2023 को भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच भी वदिेशी व्यापार का निपटान रुपए में करने हेतु समझौता सम्पन्न हुआ है। कुल मिलाकर, वश्वि के 34 देशों ने भारत के साथ अपना वदिेशी व्यापार भारतीय रुपए अवथा उन देशों की अपनी मुद्रा में करने की इच्छा व्यक्त की है। जबकि 64 अन्य देश, जिसमें इटली एवं जर्मनी जैसे वकिसित देश भी शामिल हैं, इस सम्बंध में अपनी सकारात्मक सोच को आगे बढ़ा रहे हैं एवं भारत से उनकी चर्चा भी चल रही है।

# अक्षुण्ण एकता का द्योतक है मेरी माटी मेरा देश

देश स्वतंत्र होगा तभी हम स्वदेशी कहलाएंगे। स्वतन्त्रता को बनाए रखने के लिए स्वेदशी ,स्वावलम्बी, स्वाभिमानी और आत्मनिर्भर होना आवश्यक है। हिन्दू संस्कृति में राम द्वारा किया गया आदर्श शासन रामराज्य के नाम से प्रसिद्ध है। वर्तमान समय में रामराज्य का प्रयोग सर्वोत्कृष्ट शासन या आदर्श शासन के रूप (प्रतीक) के तौर पर किया जाता है। रामराज्य, लोकतन्त्र का परिमार्जित रूप माना जा सकता है। वैश्विक स्तर पर रामराज्य की स्थापना गांधीजी की चाह थी। गांधीजी ने भारत में अंग्रेजी शासन से मुक्ति के बाद ग्राम स्वराज के रूप में रामराज्य की कल्पना की थी। आत्मनिर्भरता, रामराज्य की परिकल्पना पर आधारित है। आत्मनिर्भर भारत की नींव गांधी के रामराज्य पर टिकी थी। गाँधी का स्वराज्य, रामराज्य की परिकल्पना का आधार था। स्वराज का अर्थ है जनप्रतिनिधियों द्वारा संचालित ऐसी व्यवस्था जो जन–आवश्यकताओं तथा जन–आकांक्षाओं के अनुरूप हो। यही स्वराज्य रामराज्य कहलाता है।

अपनी मिट्टी से लगाव रखने वाला व्यक्ति ही स्वदेशी होता है। स्वदेशी होने के लिए स्वतंत्र होना जरुरी है। अतएव किसी भी देश की मिट्टी का जुड़ाव उस देश की स्वतंत्रता से होता है। देश स्वतंत्र होगा तभी हम स्वदेशी कहलाएंगे। स्वतन्त्रता को बनाए रखने के लिए स्वेदशी ,स्वावलम्बी, स्वाभिमानी और आत्मनिर्भर होना आवश्यक है। हिन्दू संस्कृति में राम द्वारा किया गया आदर्श शासन रामराज्य के नाम से प्रसिद्ध है। वर्तमान समय में रामराज्य का प्रयोग सर्वोत्कृष्ट शासन या आदर्श शासन के रूप (प्रतीक) के तौर पर किया जाता है। रामराज्य, लोकतन्त्र का परिमार्जित रूप माना जा सकता है। वैश्विक स्तर पर रामराज्य की स्थापना गांधीजी की चाह थी। गांधीजी ने भारत में अंग्रेजी शासन से मुक्ति के बाद ग्राम स्वराज के रूप में रामराज्य की कल्पना की थी। आत्मनिर्भरता, रामराज्य की परिकल्पना पर आधारित है। आत्मनिर्भर भारत की नींव गांधी के रामराज्य पर टिकी थी। गाँधी का स्वराज्य, रामराज्य की परिकल्पना का आधार था। स्वराज का अर्थ है जनप्रतिनिधियों द्वारा संचालित ऐसी व्यवस्था जो जन-आवश्यकताओं तथा जन-आकांक्षाओं के अनुरूप हो। यही स्वराज्य रामराज्य कहलाता है। स्वराज का तात्पर्य स्वतंत्रता से है। आत्मनिर्भरता स्वतन्त्रता का मूल है। बिना आत्मनिर्भर हुए स्वतंत्र नहीं हुआ जा सकता है। कहने का तात्पर्य यह है कि रामराज्य वो शासन है जिसमे सभी स्वतंत्र होते हैं। ऐसी स्वतंत्रता जिसमे धर्म और रंग भेद के आधार पर विषमता न पैदा की जाए। यही स्वतन्त्रता गाँधी का रामराज्य कहलाया। गांधी का रामराज्य सत्य और अहिंसा पर आधारित था। गांधी के रामराज्य को व्यवहार में उतारना होगा। सत्य और अहिंसा को आचरण में उतारने की जरुरत है। गांधी की विशेषताओं को रामराज्य का आधार बनाना होगा। रामराज्य लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करता है। अभियान लोगों में जागरूकता पैदा करता है। मेरी माटी मेरा देश अभियान का लक्ष्य देश प्रेम के प्रति जागरूक होना है। पूरे देश में 9 अगस्त से लेकर 30 अगस्त तक चलाया जा रहा है। जिसमें पूरे भारत के अलग-अलग जगहों पर शहीदों को सम्मान दिया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने पिछले साल 15 अगस्त को हर घर तिरंगा अभियान को जारी किया था और इस साल मेरी माटी मेरा देश अभियान शुरू किया है। मोदी जी द्वारा उठाए जा रहें इन कदम से आने वाली पीढ़ी के मन में भी अपने देश के प्रति कुछ करने की इच्छा उत्पन्न होगी। यह अभियान माननीय प्रधानमंत्री जी का राष्ट्र के प्रति प्रेम को दर्शाता है। मेरी माटी मेरा देश अभिया के तहत 7500 कलशों को माटी और पौधे के साथ-साथ देश की राजधानी दिल्ली तक पहुंचाया जाएगा। इन सभी कलश और मिट्टी के पौधों के साथ राष्ट्रीय युद्ध स्मारक के पास रोपड़ (रोपा) किया जाएगा। जिससे आने वाले समय में "अमृत वाटिका" के नाम से जाना जाएगा। कहने का तात्पर्य मेरी माटी मेरा देश अभियान, भविष्य की अमृत वाटिका होगी। यह 'अमृत वाटिका' 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक होगी। इस अभियान के अंतर्गत पूरे भारत के लाखो ग्राम पंचायतों में एक विशेष प्रकार का शिलालेख (शिलाफलकम) भी स्थापित किया जाएगा। जिसमे स्वतंत्रता सेनानियों और वीरगति को प्राप्त सैनिकों के नाम होंगे। पंच प्रणों जो मेरी माटी मेरा देश के तहत लिए वो इस प्रकार हैं 1. देश की रक्षा करने वाले शहीदों को सम्मान देना है। 2. हमारे मन में बसी गुलामी की मानसिकता को जड़ से बाहर निकालना। 3. देश के प्रत्येक नागरिक को एकजुट एवं एकता के साथ कर्तव्यबद्ध रहना। 4. भारत देश को 2047 में विकसित देश बनाने का सपना साकार करना है। 5. हमारे देश के नागरिक होने के कर्तव्य को निभा कर देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करना है। मेरी माटी मेरा देश अभियान के नाम से 1967 में आई उपकार फिल्म का गाना याद आता है कि मेरे देश की मिट्टी सोना उगले उगले हीरे मोती मेरे देश की मिट्टी। वाकई में विश्व में भारत देश जैसा देश कोई और नहीं। जहां की मिट्टी और हवा जड़ी और बूटी का काम करते हैं। तभी तो भारत कोरोना जैसी स्थिति से भी निपटने में सक्षम रहा। अतएव हम कह सकते हैं कि मेरी माटी मेरा देश अभियान अक्षुण्ण एकता की मिसाल है। हिंदुस्तान संस्कृति और संस्कारों की धरती रही है। यहां 2500 ईसा पूर्व ऋग्वेद की रचना हुई। योग के जनक महर्षि पतंजलि थे। योग हजारों वर्षों पुरानी पद्वति है। आज कल के जनप्रतिनिधि धर्म की आड़ में इन पुरानी संस्कृतियों का दुरूपयोग कर भारतीय संस्कृति को राजनीति का हिस्सा बना दिए हैं। हिन्दुस्तान को गांधी का रामराज्य चाहिए। राजनैतिक पार्टिया वोट को साधने के लिए राम राज्य का सहारा लेती हैं। राम राज्य भगवान् राम के पुरुषार्थ और शासन का द्योतक है। भगवान् राम सहिष्णुता के प्रतीक थे। राम सत्य के प्रतीक थे। तभी तो भगवान् राम ने रामराज्य स्थापित किया था। आज राजनैतिक पार्टियों ने भगवान् राम, कृष्ण, हनुमान, मोहम्मद पैगम्बर, ईसा मसीह आदि को वोट बैंक का आधार बना लिया है। अतएव अब राम राज्य का पतन हो चुका है। आज आत्मनिर्भर भारत बनाने की बात हो रही है और वहीं दूसरी ओर विदेशी कम्पनियाँ और विदेशी सामान की हिन्दुस्तान में बाढ़ आ गई है। प्रत्येक संस्था का निजीकरण होता जा रहा है।

## दृष्टिकोण

# जोशीमठ के बाद शिमला, तो फिर उसके बाद कौन?

कभी जम्मू-कश्मीर तो कभी हिमाचल प्रदेश और कभी उत्तराखण्ड में दैवी आपदाओं की होड़ लगी है। ये आपदाएं प्रकृति की नाराजगी के स्पष्ट संकेत हैं जिन्हें हम पढ़ नहीं पा रहे हैं। यहां तक कि अपने ही वैज्ञानिकों और पार्यवरणविदों की चेतावनियों की अनदेखी की जा रही है, जिसका दुष्परिणाम हम जोशीमठ और शिमला में देख रहे हैं। इससे पहले प्रकृति का रौद्र रूप हम 2013 में केदारनाथ में देख चुके हैं। अमरनाथ में भी 1996 और 2012 में देख चुके हैं। नैनीताल में सन् 1880 में आए भूस्खलन में 151 लोगों के कानग्रस्त होने का इतिहास हम नहीं भूले हैं। अब वहां बनियानाला लोगों को बेचैन कर रहा है। भूस्खलन की जो भयावह तस्वीर शिमला की नजर आई वैसी ही आशंका पहाड़ों की रानी मसूरी में भी नजर आ रही है। सन् 1864 में जब अंग्रेजों ने जाखू पर्वत पर अपनी ग्रीष्मकालीन राजधानी बनाई थी तो उसकी आबादी मात्र कुछ सैकड़ों में थी। आजादी के बाद हुई जनगणना में वहां की आबादी 46,150 दर्ज हुई जो कि हिमाचल प्रदेश के पूर्ण राज्य घोषित होने पर 1971 में 56,032 हो गई। अब तक की नवीनतम 2011 की जनगणना में वहां की जनसंख्या 1,69,578 हो गई। सन् 2011 में मात्र 36 वर्ग किमी में फैले शिमला शहर का जनसंख्या घनत्व 4,800 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी हो चुका था। शिमला नगर निगम के रिकार्ड के अनुसार इस छोटे से क्षेत्रफल में 32 वार्ड और 46,306 घर हैं। फिलहाल देश में नई जनगणना तो नहीं हुई मगर शिमला की वर्तमान जनसंख्या 2.32 लाख तक पहुंचने का अनुमान है। अब आप अनुमान लगा सकते हैं कि एक छोटा सा शिमला इतने अधिक लोगों और उनकी असीमित जरूरतों के बोझ को कब तक ढो सकेगा? आबादी बढ़ने के साथ ही नगर का विस्तार हो रहा है, जिसके लिए हरियाली और खास कर वृक्षों का पातन और उनकी जगह इमारतों के जंगल उग रहे हैं। नतीजतन अत्यधिक बोझ के बारण जमीन मकानों समेत खिसक रही है। संकट केवल शिमला का नहीं है। हिमालय के लगभग सभी शहरों की स्थिति शिमला जैसी ही है। जोशीमठ हमारे सामने शिमला से भी ज्वलंत उदाहरण बन कर सामने आ गया था। इसरो और रिमोट सेंसिंग ऐजेंसी द्वारा इसी साल फरवरी में भूस्खलन की दृष्टि से भारत के जिन 147 जिलों का एटलस जारी किया है उनमें 108 जिले केवल हिमालयी राज्यों के हैं जिनमें सभी 13 जिले उत्तराखण्ड के तथा हिमाचल प्रदेश के 12 में से 10 जिले हैं। इसी तरह जम्मू-कश्मीर के भी 8 जिले संवेदनशील जिलों की सूची में इसरो ने शामिल किए हैं। संवेदनशीलता की दृष्टि से शिमला जिला 61 वें नम्बर पर है। जबकि उससे कहीं अधिक संवेदनशील मंडी, हमीरपुर, बिलासपुर, चम्बा और किन्नोर जिले हैं। जब ये स्थिति हम शिमला की देख रहे हैं तो इसी हिमाचल के बाकी संवेदनशील जिलों पर मंडराते खतरे की कल्पना की जा सकती है। इसरो और रिमोट सेंसिंग के नवीनतम भूस्खलन संवेदनशीलता एटलस पर गौर करें तो उत्तराखण्ड की स्थिति बेहद चिन्ताजनक नजर आती है। भूस्खलन की दृष्टि से देश के सर्वाधिक संवेदनशील जिलों में उत्तराखण्ड के रुद्रप्रयाग और टिहरी जिले हैं, जिन्हें नम्बर एक और दो पर रखा गया है। सन् 1998 में केदारघाटी के मनसूना और गौंडार क्षेत्र में कई गांव खिसक गए थे। उसी साल 18 अगस्त को पिथौरागढ़ के मालपा में हुए भूस्खलन में प्रोतिमा बेदी समेत लगभग 200 मानसरोवर यात्री और अन्य लोग मारे गए थे। शिमला और जोशीमठ भविष्य के लिए प्रकृति की गंभीर चेतावनी है। इन दो नगरों की ही जैसी बाकी पहाड़ी नगरों की कहानी है। आर्थिक गतिविधियों के कारण पर्यटन, तीर्थाटन के महत्व के छोट से कस्बों में आस पास के गावों की जनसंख्या आकर्षित होने लगी और ये कस्बे धीरे-धीरे नगरों में बदलने लगे। प्रशासनिक दृष्टि से ब्लॉक, तहसील और जिला मुख्यालयों में जन सुविधाओं और आर्थिक कारणों से जनसंख्या बढ़ने लगी तो ये छोट कस्बे भी नगर और महानगर बनने लगे। लेकिन इस तेजी से हो रहे नगरीकरण पर शासन-प्रशासन आंखें मूंदता गया और नगरों के सुनियोजित विकास के लिए मास्टर प्लान या नगर नियोजन की जरूरत नहीं समझी गई।

## देश दुनीया से

# अंग्रेजों की धरती पर राम कथा के मायने

ब्रिटेन के कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में आजकल रामकथा हो रही है। इसमें ब्रिटेन, कनाडा और अमेरिका के अतिरिक्त अन्य अनेक देशों से श्रद्धालु भाग ले रहे हैं। कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में राम कथा शायद पहली बार हो रही है। इसे संयोग ही कहा जाएगा कि जिस संस्थान में कथा हो रही है उसका नाम यीशु कालेज है। 12 अगस्त से शुरू हुई यह रामकथा 19 अगस्त तक चलेगी। कथा मोरारी बापू कर रहे हैं। मोरारी बापू अपनी राम कथा के लिए भारत भर में जाना पहचाना नाम है। पन्द्रह अगस्त को उनके श्रोताओं में एक ऐसा श्रोता भी आया जिसकी किसी ने आशा नहीं की थी। मोरारी बापू की राम कथा सुनने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक बैठे थे। सुनक का मोरारी बापू ने स्वागत किया और उन्हें प्रसाद दिया। उन्हें सोमनाथ का शिवलिंग दिया, जिसे सुनक ने श्रद्धापूर्वक स्वीकार कर माथे पर लगाया। सुनक ने स्वयं तो प्रसाद लिया ही, वहां बैठे लोगों को प्रसाद बांटा भी। सुनक ने उपस्थित श्रोताओं को जय सिया राम सम्बोधन से सम्बोधित भी किया। उन्होंने कहा कि हिन्दू आस्था मेरा व्यक्तिगत मामला है। यही आस्था मुझे मेरे जीवन के विभिन्न पड़ावों पर दिशा देती है। ब्रिटेन का प्रधानमंत्री होना मेरे लिए गौरव की बात है। लेकिन यह पद अनेक चुनौतियों से भी भरा हुआ है। कई बार कठिन निर्णय लेने होते हैं। लेकिन ऐसे समय में मेरी आस्था ही मुझे सम्बल देती है। उन्होंने कहा कि 2020 का वह दिन मेरे लिए आज भी अविस्मरणीय है जब मैंने दिवाली के दिन प्रधानमंत्री के सरकारी आवास 10 डाऊनिंग स्ट्रीट के बाहर दीये जलाए।

ऋषि सुनक को उनकी पार्टी के किसी नेता ने नहीं कहा कि आप मुरारी बापू की कथा में क्यों गए थे? विपक्षी दलों की ओर से नरेन्द्र मोदी पर सबसे बड़ा आरोप यही है कि वे मंदिरों में जाते हैं। सबसे बढ़ कर अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के लिए किए गए शिलान्यास में भाग लेने के लिए जाने पर उन्हें घेरा गया। नेहरु सरदार पटेल से खफा थे कि वे महमूद गजनवी द्वारा ध्वस्त किए गए सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण क्यों करवा रहे हैं। इतने साल बीत जाने के बाद भी कांग्रेस उसी स्थान पर खड़ी है।

यह संयोग था कि सुनक जिस दिन रामकथा सुनने पहुंचे वह दिन भारत का अंग्रेजों की दासता से मुक्ति का दिन था। अनेक श्रोता तिरंगा झंडा फहरा रहे थे। मोरारी बापू अपनी कथा में व्यास आसन के पीछे हनुमान जी की सुनहरी मूर्ति रखते हैं। सुनक ने बताया कि मैं भी अपने कार्यालय में अपने मेज पर सदा गणेश जी की मूर्ति रखता हूं। इससे मुझे प्रेरणा मिलती है। सुनक ने कहा कि मैं यहां प्रधानमंत्री के तौर पर नहीं बल्कि एक सनातनी हिन्दू के तौर पर आया हूं। उन्होंने कहा मैं सदा राम कथा स्मरण रखूंगा। मैं सदा भगवद्गीता और हनुमान चालीसा भी स्मरण रखता हूं। संकट का साहसपूर्वक सामना करने, नम्रता से सरकार चलाने और निस्वार्थ भाव से कार्य करने की प्रेरणा मुझे राम से ही मिलती है। कार्यक्रम के अन्त में सुनक ने आरती में भाग लिया। ऋषि सुनक हवन करते हैं, मंदिरों में जाते हैं और अपने प्रैकटाजिंग हिन्दू होने को कभी छिपाते नहीं हैं। सामान्य तौर पर कहा जा सकता है किसी व्यक्ति के हिन्दू होने और मंदिर वगैरह में जाने में ऐसी क्या बात है जिस पर इतना आश्चर्य चकित हुआ जाए। दरअसल ऋषि सुनक जिस देश के प्रधानमंत्री हैं वह ईसाई देश है। उस देश में हिन्दुओं की संख्या आटे में नमक के बराबर है। वहां के लोग केवल ईसाई ही नहीं हैं बल्कि जिसको आज की भाषा में पोंगापन्थी ईसाई कहा जाता है, उसी किस्म के ईसाई हैं। वहां का राजा ईसाई ही हो सकता है। यदि राजा के आसन का उत्तराधिकारी अपना मजहब बदल लेता है तो वह राजा नहीं बन सकता। जिस लोकसभा सीट से सुनक जीत कर आते हैं, वह तो है ही ईसाई बहुल सीट। लेकिन इस सबके बावजूद इंग्लैंड में ऋषि सुनक के राम कथा में जाने पर कोई हो-हल्ला नहीं मचा। किसी ने ऋषि सुनक के पूजा पाठ करने पर एतराज नहीं किया। लेकिन भारत में स्थिति इसके विपरीत है। यदि यहां के प्रधानमंत्री किसी मंदिर में जाते हैं तो अन्य दल हो-हल्ला मचाना शुरू कर देते हैं। उनके मुताबिक इससे सेक्लुरिजम खतरे में पड़ जाता है। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरु इस प्रकार की आस्थाओं और सार्वजनिक रूप से उनका निर्वाह करने की सार्वजनिक रूप से निन्दा किया करते थे। इस प्रकार की दो घटनाएं तो इतिहास का हिस्सा बन गई हैं। भारत के राष्ट्रपति डा. राजेन्द्र प्रसाद कुम्भ के मेले में भाग लेने के लिए गए थे। नेहरु ने इसके लिए उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन राजेन्द्र प्रसाद नहीं रुके। तब नेहरु ने उनकी सार्वजनिक रूप से भत्र्सना की। दूसरी घटना भी नेहरु और डा. राजेन्द्र प्रसाद से ही ताल्लुक रखती है।

# नारकोटिक्स समन्वय केंद्र का जिला स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में ऑनलाइन के माध्यम से उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में नारकोटिक्स समन्वय केंद्र का जिला स्तरीय समिति की बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से नशीले पदार्थों की तस्करी, जिले में अफीम तथा गांजा व भांग की अवैध खेती, नशीले दवाओं के दुरूपयोग के खिलाफ जागरूकता को बढ़ावा देने, विशेष रूप से स्कूल एवं कॉलेजो में एनडीपीएस अधिनियम के अवैध प्रावधानों और नशीली दवाओं के हानिकारक प्रभावों से प्रभावित क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन, प्रभावित क्षेत्रों में वैकल्पिक विकास कार्यक्रमों को लागू करना, दवा का पता लगाने और प्रस्तुत करने के लिए उपकरणों की आवश्कताओं का आकलन, जिले में नशामुक्ति समेत अन्य बिन्दुओं पर विचार विमर्श कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को सभी संबंधित पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित करते हुए जिले के सभी विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को नशा के दुष्प्रभाव के प्रति प्रचार-प्रसार कर जागरूक करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होने कहा कि अगर नशा मुक्त चतरा का निर्माण करना है तो सभी को नशा के प्रति जागरूक होना आवश्यक है तभी नशा मुक्त चतरा का निर्माण संभव है।ग्रामीण क्षेत्रों में अफीम की खेती को लेकर पुलिस अधीक्षक चतरा राकेश रंजन ने बैठक में उपस्थित सभी अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी एवं सभी थाना प्रभारी को अपने अपने क्षेत्रों में विशेष जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को पोस्ता,अफीम से होनेवाले दुष्प्रभाव के बारें में जागरूक करने एवं पोस्ता,अफीम कि खेती में संल्पित व्यक्तियों के उपर कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिए। उक्त के अलावे बैठक में वन प्रमण्डल पदाधिकारी उत्तरी राहुल मीना, वन प्रमण्डल पदाधिकारी दक्षिणी, अनुमण्डल पदाधिकारी सिमरिया सुधीर कुमार दास, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी चतरा अविनाश कुमार, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी सिमरिया अशोक प्रियदर्शी, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र, सिविल सर्जन डॉ जगदीश प्रसाद समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## विनीता देवी और रोहन भुइयां हत्या मामले की जांच सीबीआई से हो : उमेश भारती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** गिद्धौर प्रखंड के बारियातू गांव के मसूरियातरी में विनीता देवी की हृदय विदारक घटना की जानकारी मिलने पर शोक संतप्त परिवार से मिलने भुइयां समाज के जिला अध्यक्ष उमेश भारती पहुंचे और शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त की।उन्होंने मामले की जांच सीबीआई से करने की है। अखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति,चतरा के प्रतिनिधि मंडल की एक टीम गिद्धौर प्रखंड के बारियातू गांव के मसूरिया तरी टोला पहुंचकर रोहन भुइयां की पत्नी विनीता देवी का निर्मम हत्या कर बर्बरता पूर्वक जंगलों में जाकर निर्वस्त्र अवस्था में मिट्टी से ढक कर छुपा दिया गया ।जब गांव के लोगों को पता चला तो गिद्धौर थाना को ग्रामीणों के द्वारा सूचना किया गया। प्रशासन अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर परिजनों से घटना की पूरी जानकारी लेकर प्राथमिकी दर्ज किया ।15 अगस्त की यह घटना बहुत शर्मसार करने वाली घटना है।चार दिन के बाद अभी तक किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हुई है लगातार भुइयां समाज की हत्या दिन ब दिन बढ़ते जा रहा है। इस घटना को लेकर किसी भी तरह का आंदोलन करने की तैयारी में जुट गए हैं। अखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति चतरा पुलिस प्रशासन को जांच कर जल्द गिरफ्तारी कर कठोर से कठोर कार्रवाई करने की मांग की है।

## अगामी 22 अगस्त को छिपादोहर थाना परिसर में थाना दिवस का किया जायेगा आयोजन



**बेतला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अगामी 22 अगस्त को छिपादोहर थाना परिसर में जमीन संबंधित विवाद के निपटारे को लेकर समय 10.00 बजे पूर्वाह्न में बरवाडीह प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी राकेश सहाय एवं थाना प्रभारी अभिषेक कुमार के गरिमामयी उपस्थिति में थाना दिवस का आयोजन किया जायेगा साथ ही थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने कहां कि छिपादोहर थाना क्षेत्र के तमाम सभी लोगो से अपील है की जमीन सम्बंधित व अन्य कोई भी विवाद हो तो थाना में आ कर अपना लिखित आवेदन दें सकते हैं। ताकि थाना दिवस के अवसर पर विवादित जमीन के दोनो पक्षों को नोटिस के माध्यम से बुलाया जा सके और दोनो पक्षों की बातों समस्यायों को सुना जा सके और उसका निष्पादन किया जा सके।

## अज्ञात चोरों ने मोटरसाइकिल पार्ट्स दूकान में की चोरी



**चतरा/हंटरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हंटरगंज थाना के महज 300 मीटर की दुरी पर चोरों ने मोटरसाइकिल पार्ट्स दूकान में दिया चोरी का अंजाम। चोरों ने लगभग 40 से 50 हजार की समान लेकर हुए चंपत। यह घटना का अंजाम खुटिकेवाल खुर्द निवासी विकास कुमार यादव के हंटरगंज चौक स्थित दूकान में हुई है। मामले को लेकर भुक्तभोगी मिस्त्री विकास ने हंटरगंज थाना में अज्ञात चारों के खिलाफ लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाया है। लिखित आवेदन में कहा है कि मैं नित्य प्रतिदिन के तरह दूकान सुबह खोलने पहुंचा तो वहां दूकान का ताला टूटा हुआ एवं सारा सामान गायब पाया। घटना की जानकारी होते हीं चौक में चोरी का शोर गुल होने लगा। अंत में लिखित आवेदन देकर थाना प्रभारी से चोरी के घटना में शामिल चोरों को धर पकड़ करने तथा न्यायिक हिरासत में लेने की मांग किया है। जिससे हंटरगंज चौक पर किसी अन्य दूकान दार भुक्तभोगी ना हो। बता दें कि इन दिनों चोर उचक्के की इतनी हिम्मत हो गयी है कि रात्रि को इस तरह का बेख़ौफ़ घटना का अंजाम देकर चंपत हो जाते हैं। और पुलिस के पकड़ से हमेशा बाहर रहते है। क्या वैसे चोरों पर पुलिस द्वारा लगाम लगायी जाएगी या बेख़ौफ़ होकर इसी तरह चोरी का देंगे अंजाम।

## झोलाछाप डॉक्टर ने ली 45 वर्षीय मुनेश्वर गंझू की जान

- मृतक ने छाती में दर्द की शिकायत लेकर गया था झोला छाप के पास
- इंजेक्शन देते हीं हुई मुनेश्वर की मौत, मृत को एम्बुलेंस में किया लौड़
- खुद बचने के लिए डॉक्टर 108 एम्बुलेंस बुला कर बाजबरन वाहन में किया लौड़
- घटना के बाद झोलाछाप पति पत्नी दोनों ताला बंद कर फरार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा/लावालौंग :** लावालौंग थाना क्षेत्र के सिलदाग पंचायत के बेहराबाद निवासी मुनेश्वर गंझू की मौत झोला छाप डॉक्टर ने ले ली है। उक्त झोलाछाप डॉक्टर टिंकू कुमार का क्लिनिक लावालौंग कल्याणपुर चौक स्थित है। जो बिहार के शेहरघाटी का रहना वाला है। भुक्तभोगी की पत्नी एवं भतीजे ने बताया कि मेरे पति को छाती में दर्द था। इसे लेकर हम लोग बेहराबाद से कल्याण पुर दिखाने के लिए गए। डॉक्टर टिंकू ने चेक किया और डाइलोना इंजेक्शन दिया वहीं एक और इंजेक्शन दिया । इंजेक्शन देते हीं मेरे पति छटपटाने लगा और अंत में पति दम तोड़ दिया। डॉक्टर खुद बचने के लिए आनन फानन में 108 एम्बुलेंश को फोन करवा कर बुलाया और बाजबरन मना करने के बावजूद भी उक्त एम्बुलेंश में यह कहते हुए लौड़ कर दिया की मरीज सीरियस है। यहां संभल नहीं सकेगा। जबकि पति की मौत हो चुकी थी। कुछ दूर सिमरिया की ओर आते हीं हम लोग पुनः जांच किया तो पति मृत थे। रोते बिलखते रहे और एम्बुलेंश चालक ने वापस मुझे मेरे घर छोड़ कर चला गया। मृतक मुनेश्वर की पत्नी ने बताई की डॉक्टर टिंकू के इंजेक्शन देते हीं मेरे पति की मौत हुई है। डॉक्टर जल्लाद है।जबकि मृतक मुनेश्वर का चार छोटे छोटे पुत्र एवं पुत्री भी है। जिसका लालन पालन की जिम्मेवारी मृतक के कंधे पर था। मृतक के तीन भाई भी है जो एक दिव्यांग व एक मंद बुद्धि का है।अब बच्चों का लालन पालन एवं परवरिस पर कहर ढा गया है। मृतक के पत्नी ने उपायुक्त एवं चिकित्सा विभाग से कार्रवाई की मांग की है।

# जनता दरबार का हुआ आयोजन अनेकों मामलों का किया गया निष्पादन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** जिला उपायुक्त आबू इमरान के निर्देशानुसार प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार परिसर में जनता दरबार का आयोजन शनिवार को किया गया है। यह कार्यक्रम प्रखंड प्रमुख अनीता यादव की अध्यक्षता में शुरुआत की गई संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह एवं अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक के द्वारा किया गया। तथा लगभग सभी प्रखंड कर्मि भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में दो जमीन से संबंधित 1 विकलांग एवं दो वृद्धा पेंशन का मामला सामने आए। जिसमें लगभग सभी मामलों का निष्पादन किया गया है। आगे बताते चलें कि जमीन से संबंधित दाखिल खारिज कराने के लिए चुरामन यादव लोहड़ी गांव बारियातू पंचायत निवासी दूसरा उमेश कुमार पिता निर्मल साव दुआरी गांव पंचायत से पहुंचा था। व बिरधा पेंशन के लिए चमनी देवी बारीसाखी पंचायत से और मोज़ अजमेरी खातून मजगांव पंचायत का मामला आया था।मौके पर उपस्थित प्रखंड उपप्रमुख प्रीतम यादव मनोज कुशवाहा बीपीओ रामकुमार सिंह पंचायत सेवक दिगंबर पांडेय कमलेश वर्मा जनसेवक चितरंजन शर्मा उज्जवल कुमार सिंह जेएसएलपीएस से विपिएम अभिषेक कुमार एफटीसी अनिल प्रजापति बीटीएम अमरेंद्र पान्डेय रामदेव ठाकुर दर्जन ग्रामीण जनता दरबार कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## चालक की झपकी आंख पलट गई हाइवा बाल-बाल बचा चालक तोड़ दिया विद्यालय के चार दिवारी



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना मुख्यालय के समीप संचालित राजकृत मध्य विद्यालय गिद्धौर मैं शनिवार सुबह लगभग 4:00 बजे 16 चक्का का हाईवे गाड़ी पलट गई जिससे विद्यालय का चार दिवारी क्षतिग्रस्त एवं टूट गया विद्यालय में लगे पेड़ भी टूट गए गाड़ी चालक ने बताया कि यह दुर्घटना नींद लग जाने की वजह से हुई है लोगों ने बताया चालक सुरक्षित है ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि यह हाईवा गाड़ी सतीश कुमार सिंह का है जिसका नंबर जेएच02बिएल 9308 है। हाईवा टंडवा अमरपाली से कोयला लोड कर कटकमसांडी डम्प करने के लिए जा रही थी।

# युवा झारखंड मुक्ति मोर्चा की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** महुआडांड़ के डाक बंगला भवन में झारखंड मुक्ति मोर्चा की एक बैठक लातेहार युवा जिला सचिव परवेज आलम की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक के मुख्य अतिथि लातेहार युवा जिला अध्यक्ष रंजीत उरांव और लातेहार अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष वारिस अंसारी रहे। इस अवसर पर परवेज आलम ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य पार्टी की मजबूती एवं उत्थान करना है। मौके पर गारु प्रखंड अध्यक्ष तवकिर मियाँ, चंदवा प्रखंड उपाध्यक्ष सरफराज, गारु मुखिया अजय टोप्पो, सरजू से उमेश, प्रखंड सचिव साहिद अहमद उर्फ़ भोलू, प्रखंड उपाध्यक्ष अंजर खान, पूर्व अल्पसंख्यक अध्यक्ष सैफ अली, अली असगर, बिक्रम शाह टोप्पो, मेहंदी हसन, अरशद अंसारी, अमृत टोप्पो मौजूद थे।

## सीरम पंचायत में सरकार की कल्याणकारी योजना को लेकर चलाया जनजागरूकता अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला जनसम्पर्क कार्यालय, लोहरदगा के सूचीबद्ध कला दल; प्रज्ज्वलित विहार की ओर से सुनीता कुमारी के नेतृत्व में आज शनिवार को किस्को प्रखंड के देवदरिया पंचायत और लोकनाथ लोहरा कला जत्था की ओर से लोकनाथ लोहरा के नेतृत्व में पेशरार प्रखंड के सीरम पंचायत में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और जनजागरूकता से संबंधित प्रचार-प्रसार नुक्कड़-नाटक के माध्यम से किया गया। इन कार्यक्रमों में राज्य सरकार के लोककल्याणकारी योजनाओं यथा; सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, फूलो-झानो आशीर्वाद अभियान, श्रमाधान योजना की जानकारी दी गई। साथ ही, लोगों को मतदाता विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024, वज्रपात से बचाव, सर्पदंश से बचाव, हाथी से बचाव के तरीकों को बताया गया।

# बिहार विधान पार्षद सदस्य पहुंचे चतरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** बिहार विधान पार्षद सदस्य सह औरंगाबाद लोकसभा सीट से पिछले बार रहे महागठबंधन के प्रत्याशी उपेंद्र प्रसाद बगरा पहुंचे जहां झारखंड प्रदेश कृषक मित्र महासंघ के प्रदेश महासचिव सह भाजपा नेता सुभाष सिंह ने उनका स्वागत किया। श्री प्रसाद ने बताया कि सुभाष के पिता श्रद्धेय दिवंगत उमा कांत सिंह हमारे प्रथम और परम आदरणीय गुरु थे हमारे आदर्श थे। मेरे जीवन में उनका योगदान अद्वितीय रहा है। सुभाष सिंह ने राजनैतिक चर्चा करते हुए कृषक मित्रों के मुद्दा को राज्य सरकार तक पहुंचाने का भी आग्रह किया। श्री सिंह ने बताया कि झारखंड में कृषक मित्र कृषि से संबंधित सरकार के सभी कार्य जमीनी स्तर पर करते हैं। परंतु सरकार सिर्फ आश्वाशन दे रही है। श्री प्रसाद ने कृषक मित्रों की मांग को जायज बताया और कहा कि राज्य सरकार को अविलंब साकारात्मक पहल करनी चाहिए। श्री प्रसाद ने सुभाष सिंह को आश्वस्त करते हुए कहा कि आज ही विशेष बैठक में रांची जा रहा हूं। मौका मिलने पर उचित प्लेटफॉर्म पर बात रखूंगा।

## पत्थलगड़ा मंगल पांडे नादिर अली मेमोरियल मैच का मुख्य अतिथि डीएसपी चतरा, केदार राम रहे



**पत्थलगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत 2021 तृतीय वर्ष से जय मंगल पांडे नादिर अली अमर सहिदो के यादगार में लगातार खेला जा रहा आज दिन शनिवार को गिद्धौर प्रखंड से बायतिलैया बनाम सिमरिया प्रखंड और पत्थलगड़ा से सटे उरूब गांव के बीच मुकाबला रहा इस मैच में दोनो टीमो ने एक दूसरे टीम पर काफी हावी दिखे उरुब के टीम ने 2-2 तिलैया को जोरदार मुकाबलों के साथ उरूब के टीम ने तिलैया को 2 गोल से हर की मुंह देखनी पड़ी मौके पर आज के मुख्य अतिथि डीएसपी केदार राम ने भी दोनो टीमों का रोमांचक मैच का आनंद लिए।

# मगध परियोजना में निःशुल्क स्वास्थ जांच शिविर का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के अंतर्गत मगध संघमित्रा क्षेत्र के मगध परियोजना के चमातु गांव में सीएसआर के तहत एक निःशुल्क विशेष शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मोतियाबिंद परामर्श एवं इलाज के लिए गांधीनगर अस्पताल, सीसीएल, राँची की नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर उतपला चक्रोवर्थि एवं उनकी चिकित्सा दल ने मगध परियोजना का दौरा कर परियोजना के प्रभावित गाव के ग्रामीणो के मोतियाबिंद की जांच की। कार्यक्रम की शुरूआत मगध परियोजना के परियोजना पदाधिकारी सदाला सत्यनारायणा, खान प्रबन्धक मो. अकरम, मगध संघमित्रा क्षेत्र के क्षेत्रीय चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर प्रभा एवं परियोजना के चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नीरज कुमार ने गांधीनगर अस्पताल, सीसीएल राँची से आए नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर उतपला चक्रोवर्थि को गुलदसता से स्वागत किया। इस विशेष अभियान में बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीण शामिल हुए और निःशुल्क शिविर में मौजूद सभी ग्रामीणों का निःशुल्क मोतियाबिंद जाँच किया गया एवं मुफ्त दवाइयां भी वितरित की गई। करींब 100 से अधिक ग्रामीणों का निःशुल्क मोतियाबिंद जाँच बाद यह पाया गया की 15 लोगों को ओपरेशन की जरूरत है जिनहे गांधीनगर अस्पताल, सी.सी.एल., राँची भेजा गया जहाँ उनका मुफ्त मे ओपरेशन किया जायेगा। इस विशेष अभियान शिविर में मगध-संघमित्रा क्षेत्र के महाप्रबंधक नृपेन्द्र नाथ ने ग्रामीणों से आग्रह किया की ऐसे विशेष अभियान के तहत निःशुल्क शिविर में बढ़ चढ़ कर भाग ले ताकि ग्रामीणों का समय-समय पर स्वास्थ्य का परीक्षण किया जा सके। मगध परियोजना के परियोजना पदाधिकारी ने भी बताया की मगध परियोजना में इस तरह के निःशुल्क शिविर का आयोजन नियमित रूप से आगे भी होते रहेंगे। इस अवसर पर मगध-संघमित्रा क्षेत्र के महाप्रबंधक नृपेन्द्र नाथ सहित मगध परियोजना के परियोजना पदाधिकारी सदाला सत्यनारायणा, खान प्रबन्धक मो. अकरम, गणेशपुर पंचायत के मुखिया परमेश्वर उराव, मगध-संघमित्रा क्षेत्र के क्षेत्रीय चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर प्रभा, मगध-संघमित्रा क्षेत्र के एसआर के नोडल अधिकारी दिग्विजय कुमार, परियोजना में कार्यरत सहायक प्रबन्धक (कार्मिक) आकाश वरुण कुल्लू, मगध परियोजना के चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर नीरज कुमार भी अपने चिकित्सा स्टाफ के साथ उपस्थित हुए। इस अवसर पर मगध परियोजना के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे।

# संत जेवियर्स महाविद्यालय महुआडांड़ में महिला सुरक्षा जागरुकता कार्यशाला का हुआ अयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़/लातेहार :** संत जेवियर्स महाविद्यालय महुआडांड़ में शनिवार को महाविद्यालय के एंटी सेक्सुअल हैरेसमेंट सेल के द्वारा यौन उत्पीड़न एवम महिला सुरक्षा जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों के बीच में महिला सुरक्षा, गरिमा और सम्मान को स्थापित करना था। वर्तमान में भारत में कार्यस्थलों पर पच्चीस प्रतिशत यौन उत्पीड़न के मामले देखने को मिल रहे हैं लेकिन कानून की जागरुकता की कमी और सामाजिक बंधनों के कारण महिलाएं शिकायत दर्ज नहीं कराती हैं। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रुप में हजारीबाग जिला कोर्ट के अधिवक्ता शैजू थॉमस उपस्थित थे। महाविद्यालय के प्राचार्य फादर डॉ एम के जोस ने पुष्प गुच्छ और पारंपरिक अंग वस्त्र प्रदान कर उनका अभिनंदन किया। अधिवक्ता शैजू थॉमस ने महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण अधिनियम -2013, लैंगिक अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम -2012 (POCSO), किशोर न्याय अधिनियम -2000 के विषय में विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की साथ ही विद्यार्थियों को शारीरिक और मानसिक दंड देने की भी मनाही की। प्राचार्य ने कहा कि आधी आबादी की सुरक्षा और विकास से ही उन्नत समाज का निमार्ण किया जा सकता है।इस अवसर पर इंटरनल ग्रीवांस सेल का भी गठन किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रो. स्मिता तिग्गा और सुरभी सिन्हा ने तथा धन्यवाद ज्ञापन खुर्शीद आलम ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सिस्टर कैसलिन जुलियट, डॉ. समीर टोप्पो, सिस्टर लीजा, डॉ. प्यारी कुजूर, रोज एलिस, जफर इकबाल आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### विष्णुगढ़ पुलिस ने वारन्टी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** वारंटी गिरफ्तारी से बचने के लिए फरार चल रहा था।विष्णुगढ़ थाने की पुलिस टीम ने बनासो वारंटी शेख फकरूद्दीन उर्फ छोटा डॉन को गिरफ्तार कर जेल भेजा। उसके विरुद्ध थाने में कांड संख्या 21/21 के तहत मामला दर्ज है। विष्णुगढ़ पुलिस ने वारन्टी के विरुद्ध तत्परता दिखाते हुए बनासो में धर दबोचा।

### सांकुल पंचायत के महिलाओं ने संयुक्त रूप से की पूजा-अर्चना

**पतरातू (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत सांकुल पंचायत के मांझी-मांझीयान मंडप के प्रांगण में शिव चर्चा की पूजा की गई जिसमें पंचायत के सैकड़ों महिलाएं शामिल हुईढ्वहीं महिलाओं ने बताया कि यह पूजा का मुख्य उद्देश्य पंचायत के ग्रामीणों का जीवन सुख शांति,समृद्ध और तरक्की के लिये किया जा रहा है। मौके पर बबीता देवी विद्यया देवी शांति देवी पूनम देवी रूपा देवी सुमन देवी कलावती देवी रेखा देवी रीना देवी रेणु देवी फूलमती देवी सोनी देवी और लक्ष्मि देवी आदि शामिल थे ।

### डेंटल कॉलेज में एंटी रैगिंग जागरूकता सप्ताह पर आयोजित प्रतियोगिता का हुआ समापन

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल में सार्वजनिक स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग द्वारा आयोजित एंटी रैगिंग सप्ताह जागरूकता कार्यक्रम का समापन हुआ। सप्ताह भर कई प्रकार का जागरूकता कार्यक्रम की कई प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें लोगो डिजाइनिंग प्रतियोगिता, स्लोगन लेखन प्रतियोगिता, पोस्टर डिजाइनिंग प्रतियोगिता एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विधार्थियो ने काफी उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रैगिंग के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूक करना था। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बहुत ही सुंदर एवं खूबसूरती से अपने विचारों एवं कौशल प्रस्तुत किया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कुद्रिया एम्बर, द्वितीय स्थान श्रुति राजेश एवं तृतीय स्थान विनीत राज ने होने का गौरव प्राप्त किया। लोगो डिजाइनिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अंशिका श्रीवास्तव, द्वितीय स्थान सोनाली मंडल एवं तृतीय स्थान सैफ खान ने होने का गौरव प्राप्त किया। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सदफ़ ज़िया, द्वितीय स्थान सृष्टि कुमारी एवं तृतीय स्थान सिदरा अहरार ने होने का गौरव प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नितु कुमारी, द्वितीय स्थान तन्वी कुमारी एवं तृतीय स्थान इंशा उमैर ने होने का गौरव प्राप्त किया। इस मौके पर सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान लाने वाले प्रतिभागियों को ढेर सारी बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने छात्रों को रैगिंग की समस्या के बारे में विस्तार से बताया और छात्रों को किसी भी प्रकार की रैगिंग में भाग न लेने की सलाह दी। कॉलेज परिसर में एक सुरक्षित और रैगिंग मुक्त वातावरण बनाने के लिए कदम उठाने के लिए प्रेरित किया। एंटी-रैगिंग जागरूकता सप्ताह को प्रभावी ढंग से आयोजित करने के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग के प्रयासों की भी सराहना की। प्राचार्य डॉ. के श्रीकृष्णा ने रैगिंग की रोकथाम और निषेध पर जोर दिया। साथ ही प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को ढेर सारी बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित किया। उप प्राचार्य डॉ. अंकुर भार्गव ने आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान एवं तृतीय स्थान लाने वाले प्रतिभागियों के बीच प्रमाण पत्र वितरित कर सम्मानित किया। अन्य प्रतिभागियों की भागीदारी को भी हौसला अफ़ज़ाई की। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न में सार्वजनिक स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग के डॉ. निशाद गवली एवं डॉ. सौम्या राज ने अपना सरहानीय योगदान दिया।

### आरोग्यम अस्पताल में 21 अगस्त को होगा हड्डी एवं नस रोग मेगा कैंप का निःशुल्क आयोजन

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शहर में पिछ्ले 7 वर्षो से अपनी सेवा प्रदान कर रही आरोग्यम अस्पताल हर वक्त और हर समय शहर तथा ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के स्वास्थ्य का भरपूर ध्यान रख रही है इसी दृष्टिकोण से आगामी 21 अगस्त दिन सोमवार को आरोग्यम अस्पताल के परिसर में निशुल्क मेगा हड्डी एवं नस रोग कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें शहर के प्रसिद्ध चिकित्सकों मे डॉ सुनील कुमार एवं डॉक्टर मयंक प्रताप सिंह अपनी सेवा प्रदान करेंगे। इस कैंप में जोड़ों का दर्द सुजान गठिया, कमार पीठ घुटना व कंधे का दर्द, रीड की हड्डी की तकलीफ, घुटने बदलने या घुटने की रिप्लेसमेंट सर्जरी जैसे हड्डी एवं नस से संबंधित इलाज किए जाएंगे। साथ ही कैंप में मुफ्त जांच जैसे बीएमडी, ब्लड शुगर, बीपी पल्स का जांच किया जाएगा। कैंप सुबह 11ः00 बजे से दोपहर 2ः00 बजे तक चलेगा। रजिस्ट्रेशन करने के लिए 7319942219,7319942220,7319942210 पर संपर्क कर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। आरोग्यम अस्पताल के निर्देशक हर्ष अजमेरा ने कहा कि अस्पताल प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मेगा हड्डी एवं नस रोग कैंप का आयोजन कर रही है।शहर तथा ग्रामीण क्षेत्र की आम जनता कुशल रहे इसी दृष्टिकोण से कैंप आयोजित किया जा रहा है।

### खास महाल जमीन पर अतिक्रमण व अवैध निर्माण संबंधी मामले पर जिला प्रशासन गंभीर

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिलान्तर्गत खास महाल भूमि से संबंधित लीज भूमि का नवीकरण, नामान्तरण, हस्तानान्तरण आदि कार्यो का निष्पादन किया जा रहा है। इसके साथ-साथ खास महाल पुनग्रहित सरकारी भूमि का संरक्षण पर भी प्रशासन गंभीर है। उपायुक्त नैंसी सहाय ने आदेश जारी कर निर्देश देते हुए कहा है कि उपरोक्त विषय पर जनता दरबार एवं विभिन्न श्रोतों द्वारा ज्यादातर मामलें खास महाल जमीन पर अतिक्रमण एवं अवैध निर्माण किये जाने की सूचना जिला प्रशासन को प्राप्त हो रही है। साथ ही कुछ मामलों में लीजधारियों / पूर्व लीजधारियों की अनुपस्थिति में वैध दस्तावेज के नहीं रहने के बावजूद भी गैर लीजधारियों द्वारा भूमि पर अवैध निर्माण किये जाने की जानकारी निरंतर प्राप्त हो रही है। उक्त परिप्रेक्ष्य में खास महाल पुनग्रहित सरकारी भूमि का संरक्षण तथा लीज पर धारित भूमि पर अवैध कब्जा / अवैध निर्माण को रोके जाने के निर्देश उपायुक्त ने दिए है।उन्होंने हजारीबाग जिलान्तर्गत खास महाल भूमि पर अतिक्रमण, अवैध कब्जा, अवैध निर्माण आदि की जांच हेतु भूमि सुधार उप समाहर्ता, सदर हजारीबाग की अध्यक्षता में एक टीम का गठन किया है। इस गठित टीम को भूमि से संबंधित उक्त प्रकार के मामले की जांच कर जाँच प्रतिवेदन 15 दिनों के अंदर उपायुक्त को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी, सदर हजारीबाग को गठित कमिटि द्वारा किये जाने वाले कार्यो की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए है।

### जम्मू कश्मीर के यात्रा में निकले राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ता

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बड़ा अखाड़ा से राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ता अमरनाथ चट्टानी जम्मू कश्मीर बूढ़ा अमरनाथ यात्रा के लिए गाजे बजे के साथ नगर भ्रमण करते हुए बुढ़वा महादेव पहुंचे बुढ़वा महादेव से गाड़ी में कोडरमा पहुंचेंगे कोडरमा से ट्रेन के द्वारा जम्मू कश्मीर की यात्रा करेंगे बताते चलें कि हजारीबाग जिले से दीपक शंकर, अशोक कुमार साहू साव, अनिल कुमार, कन्हैया कुमार, उमेश कुमार, पिंटू कुमार, बच्चों साव, श्याम प्रसाद, रामेश्वर साव, रणधीर सिंह, साकेत प्रधान, सोनू वर्मा, विजय अग्रवाल, गौरव मद्धेशिया, अशोक कुमार सिन्हा, ज्योति अंशु, आज बूढ़ा अमरनाथ के यात्रा में जा रहे हैं यात्रा का

## आजसू पार्टी हमेशा सुख-दुःख की घड़ी में सारथी बनकर खड़ा रहता है : पार्षद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** रामगढ़ प्रखण्ड के कुंदरु कलां पंचायत नवाडीह टोला के दुर्गा मंदिर निवासी स्व उमेश महतो का निधन पिछ्ले सप्ताह हुआ था जिसे देखते हुए श्राद्ध कर्म के लिए गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी और रामगढ़ विधानसभा विधायक सुनीता चौधरी के निर्देश पर शोकाकुल मृतक परिवार के उत्तराधिकारी बेटे करण कुमार के घर पर जाकर खाद्य सामग्री दिया गया देते इस मौके पर रामगढ़ जिला परिषद सदस्य धनेश्वर महतो एवं कुंदरु कलां पंचायत के मुखिया सह आजसू पार्टी जिला कोषाध्यक्ष किशुन राम मुंडा द्वारा घर पहुंचकर खाद्य सामग्री दिया गया जिसमें मुख्य रुप से आटा, चूड़ा, चावल, तेल दाल, आदि खे सामग्री दिया गया इस



इस मौके पर पार्षद ने बताया कि गरीब दलित पिछड़ों एवं निन्सहायक के घर में आजसू पार्टी के द्वारा हमेशा दुख के बेला में साथ देने का काम किया है और भविष्य में भी सहयोग देने का काम करते रहेगा अवसर पर उपस्थित उप मुखिया मोहराई महतो मधेश्वर महतो, संदीप प्रसाद, प्रदीप नायक, अजय महतो, कौशल कुमार, रंजीत कुमार, भवानी महतो, अरुण कुमार, राजकुमार महतो, पिंटू कुमार, एवं शोकाकुल परिवार उपस्थित थे !

## अंग्रेजी विभाग ने धूमधाम से मनायी विदाई समारोह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ महाविद्यालय, रामगढ़ के अंग्रेजी विभाग में स्नातक सेमेस्टर सिक्स के विद्यार्थियों का विदाई समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह का आयोजन बहुत ही सुसंगठित और अनुशासित ढंग से किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के द्वारा समारोह को स्मरणीय बना दिया गया। कार्यक्रम में हिंदी, अंग्रेजी, खोरठा और नागपुरी गीत गाए गए और नृत प्रदर्शन भी किए गए। अंत में विद्यार्थियों ने सामुहिक नृत्त कर खूब आनन्द लिया। समारोह को संबोधित करते हुवे विभागाध्यक्ष डॉ रत्ना पांडेय ने कहा कि बच्चों की



तरक्की के लिए शिक्षक मेहनत करते हैं और बच्चे तरक्की करते हैं तो सबसे ज्यादा खुशी शिक्षकों को होती है। मैं सेमेस्टर छः के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हूं। समारोह मैं डॉ के के दुबे, डॉ शालिनी प्रकाश, डॉ असीम खलखो, डॉ नीतू मिंज ने भी अपने आशीर्वचन दिए। समारोह का मंच संचालन तिथि घोष और मोतीलाल ने किया स्वागत भाषण अंकिता सिंह ने दिया और धन्यवाद ज्ञापन भास्कर कुमार और ऋषभ ने किया। कार्यक्रम में गीत नृत्य से रंग लाने वालों में पूजा, शालिनी, अशोक, आकांक्षा, खुशबू, शारदा, स्वेता, प्रीति मोना, नितेश शामिल थे। समारोह को सफल बनाने में, तिथि घोष,मोतीलाल, ऋषभ, कौशल कुमार, अमरदीप पूर्ण योगदान रहा है।

## महावीर मंदिर में पूजा-अर्चना कर युवाओं का दल देवघर के लिये रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** शनिवार को सर्व हिंदू समाज के लोगो द्वारा पतरातु नगर भ्रमण किया गया। जिसके बाद वे पतरातु मेन रोड स्थित महावीर मंदिर पंहुचे। जंहा उन्होंने संयुक्त रूप से पूजा अर्चना कर भोले नाथ का दर्शन करने के लिये देवघर रवाना हुए ढ्ढ मौके पर उन्होंने ने बताया कि बाबा धाम जा कर शिव जी के दर्शन मात्र से ही मन और आत्मा को शांति मिल जाती है। रवाना होने वालों में हरस कुमार विकास कुमार गोपाल अग्रवाल राहूल प्रजापति घंती कुमार शेखर यादव डब्लू साहू और अमन कुमार आदि शामिल थे ।

## झारखंड बिरसा इंटर कॉलेज में पहुंचे मलेशिया के सैलानी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चुरचू :** झारखंड बिरसा इंटर कॉलेज एवं आरजीएस हाई स्कूल चुरचू के प्रांगण में एक बार फिर मलेशिया के सैलानी मिस्टर के एच चान का आवागमन हुआ । इनके साथ रांची के रहने वाली दो अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी भी चुरचू पहुंची ।जिनका नाम अंशु कश्यप तथा नेहा कुमारी है । यह दोनों महिला खिलाड़ी अंडर 17 में टीम इंडिया की तरफ से इंग्लैंड तथा डेनमार्क में दो-दो बार फुटबॉल टूर्नामेंट खेल चुकी



है ।कॉलेज के सभी छात्र एवं छात्राओं को मिस आंसु कश्यप ने फुटबॉल खेलने का नए-नए टिप्स बताई ।दूसरी ओर मिस्टर के एच चान सभी स्टूडेंट को भौतिक शिक्षा से संबंधित ज्ञान पर प्रकाश डाला ।कॉलेज तथा स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर चंद्रदेव शर्मा ने बताया कि प्रत्येक महीने कोई न कोई विदेशी सैलानी आते रहते हैं ,और यहां के गरीब बच्चों जो आर्थिक रूप से अत्यंत पिछड़े हैं उनके शिक्षा रहन-सहन तथा उनके रोजगार के बारे में विकास करने हेतु हमेशा तत्पर रहते हैं । दूर देश से आए सैलानियों को देखकर स्कूल के सभी शिक्षकों के एवं बच्चों के बीच उल्लास का माहौल बना रहा है।मौके पर अंग्रेजी के शिक्षक सैयद आलम ,कंप्यूटर शिक्षक अमित सोनी, इतिहास के शिक्षक किशोर के अलावे रांची से आए हुए विशिष्ट अतिथियों दीपक कुमार समेत छात्र छात्राएं उपस्थित थे ।

## उच्च विद्यालय करियातपुर में बच्चों के बीच चलाया गया जागरूकता अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत उच्च विद्यालय करियापुर में बच्चों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिप सदस्या प्रीति कुमारी मौजूद थी। मौके पर मुख्य अतिथि के द्वारा बच्चों के बीच बाल विवाह, यौन उत्पीड़न, बाल मजदूरी एवं मानव तस्करी जैसे अति गंभीर विषयों पर बाल सभा का आयोजन कर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। वही बच्चों के बीच कानूनी जानकारी भी दी गई।कार्यक्रम



में विद्यालय के लगभग 500 छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में भाग लिया। वही मौके पर मौजूद शिक्षक शिक्षिकाओं समेत बच्चों ने इन सभी कुप्रथाओं को रोकने के लिए एवं एक दूसरे को इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए धन्यवाद दिया। वही इन सभी बुराइयों को समाप्त करने का शपथ भी लिया। मौके पर प्रधानाचार्य जयगोविंद प्रसाद ने बताया कि बच्चों को इन सभी उत्पीड़न के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई, ताकि यदि किसी बालक के साथ अन्याय हो तो उसके खिलाफ खड़े हो सके।

## प्रखंड विकास पदाधिकारी को अंगवस्त्र देकर किया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** पतरातू प्रखंड कांग्रेस कमेटी के पतरातू प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल के नेतृत्व में एक वरिष्ठ कांग्रेसीयों का प्रतिनिधि मंडल पतरातू प्रखंड के नवनियुक्त प्रखंड विकास पदाधिकारी से मिलकर उन्हें अंगवस्त्र देकर सम्मानित करते हुए उनका स्वागत किया । वहीं प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल ने प्रखंड विकास पदाधिकारी के समक्ष क्षेत्र कि समस्याओं को रखते हुए कहा कि खासकर प्रतिदिन प्रखंड के सुदरवर्ती गांवो से अपने प्रमाण पत्र, आवास,राशन कार्ड,पेंशन सहित जमीन की अन्य समस्याओं को लेकर आने वाले पीड़ित गरीब-गुरबा जनता जो प्रखंड मुख्यालय पहुंचते है उनका शत-प्रतिशत कार्य हो, यह सुनिश्चित होना चाहिए और कोई गरीब गुरबा मुख्यालय से निराश ना लौटे इसका भी ध्यान रखा जाना चाहिए और सरकार की सभी लाभकारी योजनाऐं शत- प्रतिशत जरूरतमंद लोगों तक पूरी पारदर्शिता के साथ पहुंचे यह सुनिश्चित कराना हमारा दायित्व



होना चाहिए । प्रखंड विकास पदाधिकारी ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों की बातों को ध्यान से सुना और अपना शत-प्रतिशत आम जनता को देने का वादा किया। मौके पर मुख्य रूप से प्रो. डा. के.के शर्मा,उपेंद्र प्रसाद यादव, मो. नईम अंसारी, अमित शा साव,खुशबू देवी,प्रदीप साव,जय प्रकाश सिंह, अंजन प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिह सहित वरिष्ठ कांग्रेसी मोहन शुक्ला, राज किशोर पांडे,अनिल कुमार सिंह,संजीव सिंह, भीखु रजक,युवा नेता दिनेश दास शहजादा तालीम एवं अन्य दर्जनो उपस्थित थे ।

## केंद्रीय विद्यालय रामगढ़ कैंट में आयोजित तीन दिवसीय संभागीय एथलेटिक प्रतियोगिता का समापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** केंद्रीय विद्यालय रामगढ़ कैंट में तीन दिवसीय संभागीय एथलेटिक प्रतियोगिता दिनांक 17.08.2023 से 19.08.2023 तक आयोजित हुआ। दिनांक 19 अगस्त को समापन समारोह आयोजित किया गया । इस समापन समारोह के मुख्य अतिथि कर्नल ज्ञान प्रकाश पांडे रहे।इस तीन दिवसीय एथलेटिक्स मीट में केन्द्रीय विद्यालय संगठन, रांची संभाग के 20 विद्यालयों के 207 प्रतिभागियों ने भाग लिया. साथ ही विभिन्न विद्यालयों से 33 एस्कॉर्ट टीचर, केन्द्रीय विद्यालय संगठन के 04 ऑफिशियल एवं जिला एसोसिएशन के 15 ऑफिशियल इस कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया।

इस एथलेटिक मीट में अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 के



बॉयज एवं गर्ल्स की सभी एथलेटिक्स इवेंट्स आयोजित हुई और सभी खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर इसमें भाग लिया.

समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए कर्नल ज्ञान प्रकाश पांडे ने विद्यार्थियों को शैक्षिक और सह शैक्षिक गतिविधियों में बराबर भाग लेने और संतुलन बनाने का संदेश दिया साथ ही उन्होंने कहा कि खेल के मैदान में जीवन की शिक्षा मिलती है. इस प्रेरणा से सभी विद्यार्थी प्रेरित हुए और सभी विद्यार्थियों ने 3 दिन तक यहां पर इस आयोजन का भरपूर आनंद उठाया। इस अवसर पर विद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य ओम प्रकाश जोशी ने मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि कर्नल ज्ञान प्रकाश पांडे काका पुष्पगुच्छ से अभिवादन किया स्वागत सत्कार किया स्वागत के बाद के बाद विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले विजेताओं को मुख्य अतिथि महोदय की तरफ से मेडल और प्रमाण पत्र दिए गए. सभी विजेता मेडल और प्रमाण पत्र पाकर प्रसन्न हुए। इस प्रतियोगिता में बालक वर्ग में केंद्रीय विद्यालय बोकारो नंबर 1 ने बाजी मारी, द्वितीय स्थान पर केंद्रीय विद्यालय दिपाटोली और तृतीय स्थान पर केंद्रीय विद्यालय खूंटी रहा।प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में केंद्रीय विद्यालय बोकारो नंबर 1 ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, द्वितीय स्थान पर केंद्रीय विद्यालय रांची दिपाटोली और तृतीय स्थान पर केंद्रीय विद्यालय रामगढ कैंट रहा।

## दुलमी प्रखंड को बाल विवाह मुक्त बनाने को लेकर जनप्रतिनिधियों ने लिया संकल्प

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** दुलमी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पंचायत भवन सिरु में शनिवार को कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन के सौजन्य से अग्रगति संस्था के द्वारा पंचायत जनप्रतिनिधियों का बाल संरक्षण मुद्दों पर उन्मुखीकरण कार्यक्रम किया गया। इस दौरान दुलमी को बाल विवाह मुक्त प्रखण्ड बनाने को लेकर वृहत पैमाने पर चर्चा हुई। बाल विवाह,बाल तस्करी एवं यौन शोषण पर चलाये जा रहे ऐक्सिस टू जस्टिस कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बात की गई। संस्था के जिला कॉर्डिनेटर मोहम्मद बेलाल अंसारी ने बताया कि दुलमी प्रखण्ड के आठ पंचायत अंतर्गत तीस गावो में इस कार्यक्रम को चलाया जा रहा है। इसमें स्वयं सहायता समूह,बाल सांसद, शिक्षक अभिभावक ,माता समिति,किशोरी ,भीएलसीपीस ,स्कूल के बच्चों के साथ में जागरूकता कार्यक्रम,नुक्कड़ नाटक ,जागरूकता रैली आदि कार्यक्रम किया जा रहा है। इन सब कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों की भागीदारी से कार्यक्रम सफल हो सकेगा। बाल विवाह के अधिकतर मामले गरीबी एवं अशिक्षा के कारण हो रहे है। जिसको रोकना हम सभी का कर्तव्य है। वही यौन शोषण के मुद्दे बाहर नही आ पाते है। समाजिक दबाव से यह मामला दब के रह जाता है। जिसको उजागर करने की बात कही गई। उपस्थित मुखिया ने संस्था के कार्यो की प्रसंसा करते हुए हर संभव मदद करने का अस्वाशन दिया। मौके पर बीस सुतरी अध्यक्ष सुधीर मंगलेश,सिरू मुखिया वीणा देवी,इचातु मुखिया परमेश्वर राम पटेल,होन्हे मुखिया राजीव कुमार मेहता,दुलमी मुखिया रविन्द्र कुमार महतो,पोटमदग्गा मुखिया रंजू देवी, सिकनी मुखिया उमाशंकर महतो,सोसो मुखिया उर्मिला देवी,पंचायत सचिव बासुदेव महतो वार्ड सदस्य मुक्ति देवी,ललिता देवी,सरिता देवी,वकील कुमार वर्मा, कविता कुमारी,फूलवंती कुमारी ,संगीता कुमारी आदि मौजूद थे।

## हजारीबाग गौशाला में दूसरी बार होगा सावन के सातवीं सोमवारी पर महा रुद्राभिषेक का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** शहर से करीब 10 किलोमीटर दूर स्थित कोलकाता पिंजरापोल सोसायटी द्वारा संचालित हजारीबाग गौशाला परिसर में सावन माह के सातवीं सोमवारी के पावन अवसर पर हजारीबाग यूथ विंग के विशेष सहयोग से महा रुद्राभिषेक का आयोजन किया जा रहा है। जिसके उपरांत समस्त भक्तों के बीच महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। गौशाला परिसर में महा रुद्राभिषेक कार्यक्रम दूसरी बार आयोजित किया जा रहा है इससे पूर्व वर्ष 2022 में सावन के अंतिम सोमवारी के दिन आयोजित किया गया था। हर हर महादेव के जयकारों के बीच गौशाला परिसर में महा रुद्राभिषेक भव्य रूप से संपन्न होगा पूजा अर्चना सुबह 11ः00 बजे प्रारंभ होगा। पुजारी दीपक नाथ पांडे



उर्फ दीपक के द्वारा पूजा अर्चना संपन्न कराया जाएगा। पुजारी दीपक पांडे के द्वारा गौशाला परिसर में महा आरती भी कराई गई है।

हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा कि सामाजिक कार्यों के साथ-साथ धार्मिक कार्यों में भी हजारीबाग यूथ विंग अपनी उपस्थिति सुनिश्चित कर रहा है तो वही सावन के प्रत्येक सोमवारी पर बुढ़वा महादेव मंदिर के समक्ष दूध बेलपत्र का वितरण भी किया गया। महा रुद्राभिषेक को लेकर गांव के लोगों में काफी खुशी देखने को मिल रही है।

अध्यक्ष लखन खंडेलवाल ने महा रुद्राभिषेक में सभी शिव भक्तों को आमंत्रित करते हुए कहा कि भगवान भोलेनाथ एवं गौ माता की असीम कृपा से हजारीबाग यूथ विंग द्वारा दूसरी बार महा रुद्राभिषेक का आयोजन किया जा रहा है।

## जिप सदस्य यास्मीन निशा ने बड़कागांव में अंचलाधिकारी की नियुक्ति की मांग को लेकर उपायुक्त को दिया आवेदन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** बड़कागांव पश्चिमी जिप सदस्य यास्मीन निशा ने हजारीबाग उपायुक्त से मुलाकात कर बड़कागांव प्रखंड कार्यालय में अंचलाधिकारी को नियुक्त करने, गैरमजूरवा जमीन का रसीद निर्गत करने तथा बड़कागांव प्रखंड कार्यालय में लंबे समय से पदस्थापित पदाधिकारियों के तबादले के लिए आवेदन दिया।



जिप सदस्य ने कहा कि बड़कागांव ब्लॉक में लंबे समय से कार्य कर रहे पदाधिकारियों को जांच कर अविलंब यहां से हटाया जाए क्योंकि ये हर छोटी-मोटी योजनाओं में बड़ी रकम लेकर काम करने का शिकायत हमेशा जनता और वेंडरो से मिलते रहता है। रकम नहीं देने पर काम को लंबे समय तक खींचा जाता है और कई चीजों का हवाला देकर काम को रोक दिया जाता है और मोटी रकम मिलते ही सारा काम हो जाता है। कुछ पदाधिकारी दो-दो पद पर आसीन होकर मोटी-मोटी रकम कमाने में लगे हुए हैं। इन सब में कुछ बिचोलियों का भी सहयोग रहता है। जिससे जनता में काफी रोष है। अगर इन सब की सही से जांच पड़ताल नहीं किया गया और लंबे समय से काम कर रहे पदाधिकारियों को नहीं हटाया गया तो ब्लॉक मुख्यालय में अनिश्चितकालीन आंदोलन करने की बात कही गई है। आगे उन्होंने कहा की प्रखण्ड मुख्यालय में अंचलाधिकारी के न रहने से आम जनता का काम बहुत दिनो से रुका हूवा है जिससे जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# मांडू प्रखंड के बोंगाहारा क्षेत्र में निर्माणाधीन पुल का उपायुक्त ने किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** शनिवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने मांडू प्रखंड के पुंडी पंचायत अंतर्गत बोंगाहारा क्षेत्र में डीएमएफटी के तहत निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण किया। बोंगाहारा क्षेत्र में चौठा नदी पर डीएमएफटी के तहत निर्माणाधीन पुल के निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने स्थल पर उपस्थित नहीं रहने पर कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल श्री सुनील कुमार सिंह को शो कॉज करते हुए वेतन स्थगित करने का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त ने सहायक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल से पुल के निर्माण के तहत अब तक हुए कार्यों का जायजा लेने के उपरांत गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने एवं ससमय निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। बोंगाहारा क्षेत्र में ही राम मनोहर लोहिया विद्यालय का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारी, मांडू श्री सुधीर कुमार को वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना के तहत विद्यालय परिसर के समीप खेल मैदान विकसित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मांडू का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

**रामगढ़ :** शनिवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मांडू का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मांडू के उपस्थिति पंजी की जांच करते हुए अनुपस्थित आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ भूप नारायण दुबे एवं चिकित्सा पदाधिकारी आरबीएसके डॉ रिप्पी कुमारी को तत्काल शो कॉज करते हुए वेतन स्थगित करने का निर्देश दिया।मौके पर उपायुक्त ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मांडू के माध्यम से आम जनों को मिल रही सुविधाओं का जायजा लेने के क्रम में उपस्थित चिकित्सकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए वहीं उपायुक्त ने पूरे परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने, मूलभूत सुविधाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित रखने का निर्देश दिया।

## हेसला रेलवे भूमिगत मार्ग पर जल निकासी के जाली की हुई मरम्मत

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नईसराय- अरगड्डा मुख्य सड़क के हेसला रेलवे क्रॉसिंग भूमिगत मार्ग पर जल निकासी को लेकर रेलवे ने शनिवार को खबरों के सामने आने के बाद पहल की हैं। बतलादे कि 17 अगस्त को मूसलाधार बारिश के बाद अंडरग्राउंड मार्ग में कैथा रामगढ़ का स्कूली वैन फंस गया था। इसके बाद लोगों ने बच्चों व दो शिक्षिकाओं का बचाव किया। इसे ले समाजसेवी गंगा बेदिया ने बताया कि रेलवे धनबाद प्रबंधन को हेसला अंडर ग्राउंड मार्ग जल निकासी, जाली खराब होने, पानी के जमाव से वाहनों के फंसने, जान माल की क्षती व परेशानी से अवगत कराया गया था। रेलवे प्रबंधन ने इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उचित कदम उठाने का आश्वासन दिया हैं। इधर लोगो ने बताया कि अधिक समय तक हेसला रेलवे क्रॉसिंग का दरवाजा बंद रहने के कारण बड़े और यात्री वाहनों को भी असुविधा होती हैं। जिसके लिए अंडरग्राउंड सड़क की कमी को दूर कर यातायात साधन को ठीक करने की जरूरत हैं।

## अरगड्डा झोपड़ी सखुआ पेड़ के नीचे नागराज ने दिया दर्शन, लोगों ने पिलाया दूध, लगी भीड़

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अरगड्डा के अंबेडकर नगर झोपड़ी सड़क के बगल टोंगरी में सखुआ वृक्ष के नीचे दूधैला नागराज का दर्शन लोगों ने शनिवार दोपहर बाद किया। लोगों ने नाग देवता को बर्तन में दूध पिलाया। इस संबंध में ग्रामीण दीपक उरांव ने बताया कि नागदेव सर्प को गांव के बेचन ने देखा। जिसके बाद अन्य लोग उक्त स्थल पर पहुंच गए। लोगों ने बताया कि इससे पूर्व दूधैला नाग आस-पास नहीं देखा गया। वहीं इसे देखने और इसकी तस्वीर लेने के लिए लोगो का जमावड़ा बढ़ता जा रहा था। हालांकि इस दौरान नागराज सखुवा पेड़ के नीचे आराम से खोह में बैठकर सभी लोगों को दर्शन दे रहे थे।

# पुलिस अधीक्षक रामगढ़ ने अपराध गोष्ठी आयोजित की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ में आयोजित अपराध गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थाना प्रभारीयों एवं पुलिस पदाधिकारियों को विभिन्न बिंदुओं पर दिशानिर्देश दिया गया।1. जिले में मोहर्रम का पर्व शांति पूर्वक संपन्न होने पर पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी पदाधिकारियों एवम् पुलिस कर्मियों को बधाई दी।2. पिछले माह में घटित सभी महत्वपूर्ण अपराधिक कांडों की समीक्षा की गयी तथा सभी कांडों के त्वरित निष्पादन के लिए निर्देश दिए गए। 3.पुराने लंबित कांडों के अविलंब निष्पादन हेतु निर्देशित किया. सभी पुराने लंबित कांडों की समीक्षा कर उनके अविलंब निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। 4.संगठित अपराध गिरोहों, अवैध खनन में संलिप्त व्यक्तियों तथा साम्प्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने वाले व्यक्तियों के खिलाफ ष्ट्ट एवं ह्रू के तहत कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। 6. महिला प्रताड़ना एवं हिंसा, पोक्सो एक्ट से संबंधित तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति से संबंधित कांडों में अविलंब कार्रवाई करते हुए 60 दिनों के भीतर उन कांडों का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। 7. नशाखोरी के विभिन्न पदार्थ जैसे कोरेक्स, व्हाइटनर, आदि की अवैध खरीद-बिक्री करने वाले गिरोह के विरुद्ध कार्रवाई करने का आदेश दिया गया । 8. विभिन्न सोशल मिडिया की मोनिटरिंग करने हेतु सभी को निर्देशित किया गया। साथ ही सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले लोगों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कड़ी कानूनन कार्रवाई करने के लिए निर्देशित। 11. सरकारी जमीन से संबंधित जितने भी मामले थाना में लंबित है उन्हें यथाशीघ्र संबंधित अंचलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर उसका निष्पादन करने हेतु निर्देशित किया गया. 12. अवैध कोयला, बालू एवं पत्थर उत्खनन पर पूर्णत रोक लगाने हेतु निर्देशित किया गया. इसके लिए संबंधित अंचल अधिकारी एवम् जिला खनन पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित करते हुए अवैध खनन पर कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया।13. जमानती तथा गैरजमानती वारंट, इश्तेहार एवं कुर्की- जब्ती के त्वरित निष्पादन करने हेतु निर्देशित किया गया।

# सांसद जयंत सिन्हा ने मुंबई में की वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति बैठकों की अध्यक्षता




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** सांसद हज़ारीबाग सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा मुंबई में समिति के अध्ययन दौरे पर हैं। यह दौरा 17 अगस्त से19 अगस्त 2023 तक मुंबई और 21 अगस्त 2023 में चेन्नई में दो चरणों का है। इस दौरान आयकर विभाग, विभिन्न बैंकों, बीमा कंपनियों व अन्य हितधारकों के साथ महत्वपूर्ण बैठकें की जा रही हैं। इन बैठकों में स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया के अध्यक्ष समेत एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, एक्सिस बैंक, आईडीबीआई बैंक, पंजाब नैशनल बैंक, बैंक ऑफ़ बड़ोदा, यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया और बैंक ऑफ़ इंडिया के प्रबंध निदेशकों व मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ चर्चा की गयी। इस दौरान दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता संचालन व बैंकिंग क्षेत्र के प्रदर्शन की समीक्षा हुई। सांसद जयंत सिन्हा ने अधिकारियों को जनसुविधा को बढ़ावा देते हुए कार्य करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सांसद जयंत सिन्हा ने मुंबई जोन के आयकर विभाग के प्रमुख मुख्य आयुक्तों के साथ औपचारिक बैठक की। इस बैठक में आयकर विभाग के समग्र प्रदर्शन व कार्यों की समीक्षा कर निर्देश दिए गए। सांसद जयंत सिन्हा ने भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के अध्यक्ष के साथ पूंजी बाजार से संबंधित विनियामक मुद्दों पर भी संवाद किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार सभी क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके साथ ही सांसद जयंत सिन्हा ने एलआईसी के अध्यक्ष समेत नेशनल इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड, ओरिएण्टल इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड, यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड, दी न्यू इंडिया इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड व जनरल इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया बीमा कंपनियों के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशकों के साथ बीमा क्षेत्र के प्रदर्शन और विनियमन को लेकर विस्तृत बैठक की। लोगों की सुविधाओं के अनुरूप नियमों का पालन हो, यह सुनिश्चित किया जा रहा है। सांसद जयंत सिन्हा ने समिति के सदस्यों के साथ आरबीआई मुख्यालय का दौरा किया। उन्होंने इस दौरान आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास के साथ आरबीआई की नियामक और परिचालन क्षमताओं को और अधिक सशक्त बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की। तीन दिन लगातार चलने वाली इन महत्वपूर्ण बैठकों में जनसुविधा को प्राथमिकता देते हुए अनेक निर्णय लिए गए। मुंबई में 19 अगस्त को वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति बैठकों का पहला चरण समाप्त हुआ। सांसद जयंत सिन्हा की अध्यक्षता में अब 21 अगस्त को चेन्नई में महत्त्वपूर्ण बैठकें की जायेंगी। इस दौरान मद्रास चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के प्रतिनिधियों के साथ भारत के सतत विकास हेतु निवेश की आवश्यकताओं पर बैठक होगी। साथ ही कैनरा बैंक, इंडियन बैंक, इंडियन ओवरसीज बैंक व यूको बैंक के प्रबंध निदेशकों व मुख्य कार्यकारी अधिकारयों के साथ बैंकिंग क्षेत्र के प्रदर्शन की समीक्षा की जाएगी। सांसद जयंत सिन्हा देश भर में समय-समय पर वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति बैठकों का अध्ययन दौरा कर विभिन्न क्षेत्रों के प्रदर्शन की समीक्षा करते रहते हैं। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार देश में बैंकिंग व बीमा समेत हर क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। उन्होंने इन महत्वपूर्ण बैठकों में अपने बहुमूल्य सुझाव देने हेतु अपने सभी सहकर्मियों और अन्य प्रतिनिधियों का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## उप विकास आयुक्त सह अपर समाहर्ता की अध्यक्षता में हुई ई-राजस्व न्यायालय संबंधित बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** शनिवार को समाहरणालय सभाकक्ष में उप विकास आयुक्त सह अपर समाहर्ता रामगढ़ रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में ई-राजस्व न्यायालय संबंधित समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम मैनेजर आईटी वेदांत कुमार ने पीपीटी के माध्यम से उपस्थित सभी को ई-राजस्व न्यायालय के पोर्टल, पोर्टल पर आए मामलों आदि के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान श्री टोप्पो ने सभी अंचल अधिकारियों को सर्टिफिकेट वादों के निष्पादन हेतु संबंधित बैंकों के नोडल अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर सभी सर्टिफिकेट वादों को जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होंने अन्य लंबित वादों को भी निष्पादित करने का निर्देश दिया। श्री टोप्पो ने लंबित दाखिल खारिज मामलों को भी ससमय निष्पादित करने का निर्देश दिया।बैठक के दौरान श्री टोप्पो ने पार्टीशन एवं सकसेशन म्यूटेशन में बढ़ोतरी लाने के उद्देश्य से पार्टीशन व सकसेशन म्यूटेशन का मासिक रोस्टर तैयार कर शिविर आयोजित करने का निर्देश सभी अंचल अधिकारियों को दिया।

## अखिल भारतीय यादव महासभा के जांच दल ने घटनास्थल का किया निरीक्षण

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अखिलभारतीय यादव महासभा रामगढ़ जिला अध्यक्ष हीरा गोप सचिव अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में हथमारा पोचरा घटनास्थल का जांच किया



पीड़ित परिवारों से मिलकर गांव के लोगों से मिलकर जांच दल हाथमारा पोचरा मैं हुए घटनास्थल का निरीक्षण किया एवं मृतक जानकी यादव के आवास में एक शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि बरही के पूर्व विधायक मनोज यादव उपस्थित थे। सर्व सहमति से निर्णय लिया गया है कि एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को रामगढ़ के पुलिस अधीक्षक से मिलेगा ! उक्त घटना में शामिल सभी दोषियों को फांसी की सजा एवं 50-50 लाख मुआवजा का मांग किया जाएगा। इस मौके पर मनोज यादव ( पूर्व विधायक बरही ) ने कहा कि जानकी यादव के हत्यारे एवं पवन यादव जो बुरी तरह से घायल है जिंदगी और मौत अस्पताल में जूझ रहे हैं को मुआवजा बतौर 50-50 लाख व मृतक के परिवार के आश्रितों को सरकारी नौकरी दे सरकार जिसने गोलीकांड करवाया है इसकी जांच सीआईडी से करवाया जाए तथा जो दोषी है उन्हें फास्टेक कोर्ट के द्वारा अभिलंब फांसी की सजा हो।जांच दल में रमेश प्रसाद यादव,अनिल सिंह, नेमन यादव, ब्रह्मदेव यादव,अर्जुन यादव, कमल यादव अशोक यादव, अर्जुन यादव, अवधेश कुमार यादव रामाशीष यादव, अवधेश यादव सैकड़ों की संख्या में रामगढ़ जिले के विभिन्न गांव से आए यादव समाज के प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित थे।

## बरही के कोरियाडीह से एक युवक लापता, पिता ने बरही थाना में दिया गुमशुदगी का आवेदन

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत के कोरियाडीह गांव में एक युवक का लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। इस बाबत लापता युवक के पिता वासुदेव प्रसाद ने बरही थाना में गुमशुदगी का आवेदन दिया। आवेदन में उन्होंने बताया कि मेरा पुत्र पिंटू कुमार पिछले शुक्रवार को शाम 7 बजे घर से बिना किसी कुछ बताए कहीं गया था। काफी रात तक घर वापस नहीं आया तो हम सभी घर वाले मिलकर गांव एवं गांव के अगल-बगल काफी खोजबीन किए, परंतु मेरे बेटा का कहीं पता नहीं चल पाया। सगे संबंधियों से दूरभाष के माध्यम से पता किए परंतु किसी ने मेरे बेटा के बारे में कुछ नहीं बताया। मेरा बेटा अपना मोबाइल, मोटरसाइकिल वगेरह घर पर ही छोड़ कर गया है। वहीं उन्होंने बताया कि मेरा बेटा कर रंग सांवला, उम्र 22 वर्ष, लंबाई 5 फीट 7 इंच, दुबला पतला, सफेद रंग का टीशर्ट एवं हवाई चप्पल पहने हुए घर से निकाला है। इधर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

**कार्यालय: वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल**

E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115
Pin Code – 835207

**आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 27.06.2023 को खरवागढ़ा (भरनो), थाना–भरनो, जिला–गुमला के पास से गुप्त सूचना के आधार पर लगभग 09:00 बजे पूर्वाह्न 16 पीस साल बोटा सहित एक ट्रेक्टर एवं ट्रोली सं0– अज्ञात को जप्त कर सिसई अवस्थित नर्सरी वन परिसर में सुरक्षित रखा गया है। 16 पीस साल बोटा सहित एक ट्रेक्टर एवं ट्रोली सं0– अज्ञात के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 29.08.2023 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे दिन में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

:– वन है,तो जीवन है –:

प्राधिकृत पदाधिकारी
–सह– वन प्रमंडल पदाधिकारी
गुमला वन प्रमंडल

PR 305034 Forest, Environment and Climate Changes (23-24)_D

**कार्यालय,**
**विद्युत कार्यपालक अभियंता**
**विद्युत कार्यप्रमंडल, इन्जीनियर्स हॉस्टल धुर्वा, रॉची**

**अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 35/23–24.**

1. विभाग का नाम :–उर्जा विभाग।
2. विज्ञापन दाता का पदनाम :–विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल, राँची।
3. परिमाण विपत्र बिकी की अंतिम तिथि :–दिनांक 31/08/2022 तक (2.00 बजे अपराह्न तक)
4. निविदा प्राप्ति की तिथि :–दिनांक 01/09/2022 को 2.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि :–दिनांक 01/09/2022 को 3.00 बजे अपराह्न में।
6. परिमाण विपत्र बिकी का स्थान :–नगर नियंत्रण कक्ष, राँची,/विद्युत अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्य अंचल रॉची, एवं विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :–नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
8. निविदा खोलने का स्थान :–विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची।

| क0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | जज कॉलोनी, गढवा के परिसर में पाथ लाईट एवं गेट लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 5,37,943.00 | 11,000.00 | 1250.00 | 21 दिन |
| 2. | गुमला स्थित पुलिस अधीक्षक आवासीय परिसर मे सुरक्षा लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 7,31,877.00 | 15,000.00 | 1250.00 | 21 दिन |
| 3. | डोरण्डा रॉची स्थित एगरीकल्चर मंत्री के आवासीय कार्यालय में 1 अदद् **2300 VA** ईन्वर्टर बैट्री सहित एवं हिनू स्थित झारखण्ड स्कील डेवलपमेंट मिशन सोसाईट में 02 अदद् **2300 VA** ईन्वर्टर बैट्री सहित के अधिष्ठापन का कार्य। | 2,75,570.00 | 6,000.00 | 750.00 | 21 दिन |
| 4. | लोहरदगा स्थित डी0 डी0 सी0 कार्यालय के परिसर में सुरक्षा लाईट एवं गेट लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 5,26,576.00 | 11,000.00 | 1250.00 | 21 दिन |
| 5. | दिनदयाल नगर, मोरहाबादी रॉची स्थित भूतपूर्व मुख्य मंत्री के आवासीय परिसर में सुरक्षा लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 4,66,489.00 | 10,000.00 | 750.00 | 21 दिन |
| 6. | योजना भवन, डोरण्डा रॉची स्थित सचिव, प्लानिंग एवं डेवल्पमेंट विभाग (कमरा संख्या–139) में 02 अदद् 2.0 टन क्षमता के वातानुकूलित संयत्र के अधिष्ठापन का कार्य। | 1,88,412.00 | 4,000.00 | 500.00 | 14 दिन |

Note :- Terms & Condition also available in our website www.jharkhand.gov.in and our office Notice Board.

विद्युत कार्यपालक अभियंता,
विद्युत कार्य प्रमंडल, राँची

PR 305030 (Energy)23-24*D

**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**जिला नियोजनालय, रामगढ़**

**भर्त्ती कैम्प दिनांक 22 अगस्त जुलाई 2023**

**सूचना**

जिला नियोजनालय, रामगढ़ के कार्यालय परिसर में दिनांक 22 अगस्त 2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 04.00 बजे तक भर्त्ती कैम्प का आयोजन किया जाना है। जिसमें निजी क्षेत्र के निम्नलिखित प्रतिष्ठान ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है, तथा उनसे प्राप्त रिक्तियॉं निम्नलिखित है :–

| Sl No | Name & Address of the Employer | Post | No of Vacancies | Qualification | Age | Salary (Rs.) | Remarsk |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Freedom Employability Academy, Vasant Vihar, New Delhi | Facilitator | 10 | Graduate | 18-35 Years | 12000/- | Basic English Communication |
| | | Territory Manager | 1 | Graduate | 18-40 Years | 20000/- | Good English Communication |
| 2. | M/s Ashwin Chemical & Minerals | Sales & Marketing Executive | 2 | 12th Pass | Above 21 Years | 7000-15000 | Must have own Personal 2 Wheeler |
| | | Office Assistant/Office Staff | 2 | 12th Pass | Above 21 Years | 7000-15000 | |
| 3. | Admirable Star Security Service Pvt. Ltd, West Bengal | Trainee | 50 | 10th Pass | 18-30 Years | 9000-12000 | |
| | | Mobilization | 50 | 12th Pass | 18-40 Years | 6000-24000 | |
| | | Delivery Boys | 50 | 10th/12th Pass | 18-35 Years | 12000-15000 | |
| | | Coach Attendant | 50 | 10th/12th Pass | 18-35 Years | 10000-12000 | |
| | | Helper | 100 | 10th/12th Pass | 18-40 Years | 8000-12000 | |
| 4. | XINE IT Brains Pvt. Ltd., Dulmi, Ramgarh | MIS | 01 | 12th Pass | 18-35 Years | 10000/- | Knowledge of Computer |
| | | Reception | 01 | 12th Pass | 18-25 Years | 9000/- | Knowledge of Computer |
| | | Mobilizer | 04 | 10th Pass | 18-40 Years | 9000/- | |
| 5. | Jan Jyoti Educational & Charitable Trust, Ramgarh & Pakur | Project Manager (Skill development Program) | 01 | Graduate/MBA | 20-40 Years | | 02 Years Experience |
| | | Placement Manager | 02 | Graduate/MBA | 20-40 Years | | 02 Years Experience |
| | | Operation Manager (Skill Development Program) | 01 | Graduate/MBA | 20-40 Years | | 02 Years Experience |
| | | Business Development Manager | 01 | Graduate/MBA | 20-40 Years | Negotiable | 02 Years Experience |
| | | Marketing Manager (M/F) | 10 | 10th/12th Pass | 20-35 Years | | 01 Years Experience |
| | | Electrician Instructor | 02 | Diploma/B. Tech in Electrical + CITS | 20-35 Years | | 02 Years Experience |
| | | Fitter Instructor | 02 | Diploma/B. Tech in Mechanical + CITS | 20-35 Years | | 02 Years Experience |
| | | Computer Teacher (M/F) | 04 | 12th Pass/Good Computer Skill | 20-35 Years | | 02 Years Experience |
| | | MIS/Computer Operator | 02 | 12th Pass/Good Computer Skill | 20-35 Years | | 02 Years Experience |
| 6. | Radha Govind Shiksha Swasthya Trust, Ramgarh | Operational Head | 01 | Graduate | 20-40 Years | | 02 Years & above Experience in JSDMS Project |
| | | Soft Skill Trainer | 02 | English Hons with TOT Certified | 18-35 Years | | 01 Years Experience |
| | | GDA Trainer | 02 | B. Sc (Nursing/GNM) with TOT Certified | 20-40 Years | Depend on Interview & Experience | 01 Years Experience |
| | | Solar Trainer | 02 | Diploma/B. Tech with TOT Certified | 20-40 Years | | 01 Years Experience |
| | | FTCP Trainer | 02 | Diploma/B. Tech with TOT Certified | 20-40 Years | | 01 Years Experience |
| | | Mobiloser | 05 | Graduate | 18-40 Years | | 01 Years Experience |
| 7. | Cu@Crest Academy Pvt. Ltd., Ramgarh | Centre Manager | 01 | Graduate | 25-50 Years | 20000/- | |
| | | Mobilizer | 01 | Graduate | 25-50 Years | 20000/- | |
| | | Counselor | 01 | Graduate | 25-50 Years | 25000/- | |
| | | Admin Support | 02 | Graduate | 25-50 Years | 15000/- | |
| | | Master Trainer | 01 | SMO Master/fashion Designer | 25-50 Years | 35000/- | 05 Years Experience |
| | | Assistant Trainer | 03 | Graduate/Fashion Designer | 25-50 Years | 30000/- | 03 Years Experience |
| | | House Keeping | 02 | Literate | 25-50 Years | 7500/- | |
| | | Security Guard | 02 | Literate | 25-50 Years | 10000/- | |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा https://rojgar.jharkhand.gov.in/ पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्त्ती कैम्प में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों की एक छाया प्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो। जो उम्मीदवार पूर्व में निबंधित है, उन्हे पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। चूँकि रिक्ति निजी क्षेत्र की है, अतः चयन प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार का हस्ताक्षेप नहीं होगा। ह०/–

जिला नियोजन पदाधिकारी
रामगढ़

PR 305063 (Labour Employment and Traning)23-24*D

## स्वीप कार्यक्रम के तहत चलाया गया जागरूकता अभियान




**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आगामी 33 डुमरी उपचुनाव को लेकर डुमरी विधानसभा के नागरिकों द्वारा शत प्रतिशत मतदान करने एवं उन्हें अपने मताधिकार का उपयोग करने हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से डुमरी में उत्साह के साथ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम ''स्वीप'' चलाए जा रहे है। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त (गिरिडीह) के निर्देशानुसार डुमरी में मतदाता जागरूता कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिन बूथ में पिछले चुनावों में मतदान का प्रतिशत 50 प्रतिशत से कम रहा वैसे बूथ क्षेत्रों में आज जागरूकता अभियान चलाया गया है। इस अभियान में सभी सेविका सहायिका, सहिया, महिला मंडल, युवतियां एवं जनप्रतिनिधियां शामिल रहे। इसके साथ ही स्वीप कोषांग के अंतर्गत समाज कल्याण डुमरी के सभी कर्मियों एवं पंचायत और आंगनबाड़ी क्षेत्रों के मतदाताओं को बीच विभिन्न माध्यमों से जागरूक किया जा रहा है। ग्रामीण भी इन कार्यक्रमों में रूचि दिखा रहें और बढ़ चढ़कर जागरूकता अभियान में शामिल हो रहे है। महिला स्व सहायता समूह की दीदियां ग्रामीण महिलाओं एवं लोगों को अपने मताधिकार के उपयोग के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

## जिले को स्वच्छ रखने, यातायात को सुदृढ़ करने के लिए उपायुक्त ने की बैठक

# चरणबद्ध तरीके से समस्या का समाधान करने के लिए जिला प्रशासन कृत संकल्पित : उपायुक्त

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन ने शनिवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिले को स्वच्छ रखने, यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने, पेयजल, बिजली सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं को लेकर धनबाद नगर निगम, ट्रैफिक डीएसपी, रोड कंस्ट्रक्शन डिविजन सहित अन्य विभागों के साथ बैठक की। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि यातायात की ज्वलंत समस्या को सुदृढ़ करने, जिलेवासियों को बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने व वैसी समस्याएं जो बारंबार सामने आ रही है, उसका चरणबद्ध तरीके से समाधान करने के लिए जिला प्रशासन कृत संकल्पित है। विगत कुछ दिनों से शहर में कचरा उठाओ बंद को लेकर उपायुक्त ने धनबाद नगर निगम और रैमकी के प्रोजेक्ट हेड से बात कर कचरा उठाने में आने वाली परेशानियों पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही रैमकी को युद्धस्तर पर सफाई अभियान शुरू कर रविवार तक शहर को स्वच्छ करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान गया पुल अंडर पास, श्रमिक चौक व पूजा टॉकीज चौक के पास सड़क की खराब स्थिति पर चर्चा की गई। चर्चा के पश्चात उपायुक्त ने आरसीडी के कार्यपालक अभियंता को तत्कालिक गड्ढे भरवाकर खराब सड़क को रविवार तक दुरुस्त करने का निर्देश दिया। वहीं श्रमिक चौक, स्टील गेट, बिरसा मुंडा चौक, जेपी चौक, सुभाष चौक सहित शहर के अन्य चौक चौराहे, जहां यातायात का भारी दबाव है, वहां ट्रैफिक सिग्नल लगाने, अतिरिक्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति करने, बीसीसीएल, एनसीसी, सीआइएसएफ से सहयोग लेकर यातायात को दुरुस्त करने के लिए चर्चा की गई। चर्चा के दौरान यह बात भी उभर कर सामने आई कि सड़कों पर ऑटो की भारी संख्या और टोटो की बढ़ती तादाद, पार्किंग की समस्या, शहर के बीचों-बीच से भारी वाहनों का आवागमन तथा प्रमुख स्थानों व सड़क पर अतिक्रमण भी यातायात अवरुद्ध करने का एक कारण है। इसके समाधान के लिए उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया। कमिटी में जिला परिवहन पदाधिकारी, ट्रैफिक डीएसपी तथा अपर नगर आयुक्त शामिल रहेंगे।

# अनुशासनहीन लोगों पर कार्रवाई होगी : राशीद रजा अंसारी

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** धनबाद जिला कांग्रेस कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी ने निरसा के सुरेश चन्द्र झा द्वारा 21 अगस्त 2023 को राँची कांग्रेस मुख्यालय पर कांग्रेस कार्यालय खुलवाए जाने की मांग को लेकर अनिश्चित धरना देने की घोषित किए जाने और किसी अनहोनी के लिए झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर और अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह झारखण्ड कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडेय और ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को जिम्मेदार ठहराने की घोषणा को पार्टी विरोधी निर्णय करार दिया है। कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी ने कहा धनबाद का कांग्रेस कार्यालय खुलवाए जाने के लिए कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व गंभीर है। इस दिशा में जिला कांग्रेस कमिटी जिला प्रशासन राज्य सरकार और झारखण्ड कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे, मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री बन्ना गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने सराहनीय प्रयास किए हैं। जल्द ही इस दिशा में निर्णय मिलेगा। कार्यकारी अध्यक्ष राशीद रजा अंसारी ने कहा की 21 को राची में कांग्रेस मुख्यालय पर धरना देने की घोषणा ना तो जिला कांग्रेस और ना प्रदेश कांग्रेस का है। ऐसे में अनुशासनहीन लोगो पर कार्रवाई होगी। कहा की कुछ लोग कांग्रेस कार्यालय खुलने के आसार नजर आते ही श्रेय लेने के लिए इस तरह की पार्टी विरोधी कार्य कर रहें हैं।

## सलूजा गोल्ड इंटरनेशनल स्कूल ने भव्य इंटरस्कूल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शनिवार, सलूजा गोल्ड इंटरनेशनल स्कूल ने रोटरी क्लब गिरिडीह कपल के साथ मिलकर एक भव्य इंटरस्कूल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस उत्कृष्ट प्रतियोगिता में सीसीएल डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, बीएनएस डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, वेव इंटरनेशनल स्कूल, ओपन माइंड वर्ल्ड स्कूल, मेक इंडिया स्कूल, डॉ. भाभा पब्लिक स्कूल, डिस्कवरी पब्लिक स्कूल और सलूजा गोल्ड इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने उत्साह के साथ भाग लिया। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि सलूजा ग्रुप ऑफ कंपनी के चेयरमैन अमरजीत सिंह सलूजा ने दीप प्रज्वलित कर किए। प्रतियोगिता के नृत्य प्रदर्शन का मूल्यांकन स्नेह जैन (प्रिंसिपल, जैन विद्यालय), हरदीप कौर (सहायक प्रोफेसर, स्कॉलर बी.एड. कॉलेज), और कविता राजगढ़िया (सचिव, इनर क्लब, गिरिडीह) द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम अद्भुत और मनोरंजनपूर्ण रहा, जिसमें सभी स्कूलों के छात्रों ने कला की उच्चतम मानकों का प्रदर्शन किया। विद्यालय के निदेशक जोरावर सिंह सलूजा ने सभी छात्रों के प्रदर्शन पर बढ़ावा देते हुए उनके उत्साह की सराहना की और इस प्रकार के आयोजनों को बढ़ावा देने की बात कही ।

# नुनूडीह में मायुमो की बैठक संपन्न, 21 अगस्त को निगम कार्यालय घेराव-प्रदर्शन में हजारों लोग पहुंचे : आनंद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** शनिवार 19 को अगस्त मार्क्सवादी युवा मोर्चा की एक बैठक नुनूडीह ए.के. राय स्मृति भवन में सुबूर गोराई की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से मासस के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व विधायक आनंद महतो उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक आंनद महतो ने कहा कि झरिया-सिन्दरी मुख्य मार्ग में प्रदूषण काफी फैली हुई है। इस क्षेत्र में प्रतिदिन सड़क पर नियमित पानी छिड़काव नहीं होने के कारण मुख्य मार्ग के आसपास रहने वाले लोग नाना प्रकार की बीमारी से ग्रसित है।सड़क किनारे नालियों की सफाई की कोई व्यवस्था नहीं है। श्री महतो ने आगे कहा कि सभी गांव टोला को पक्की सड़कों से जोड़ा जाए। सरकारी स्कूल, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य केंद्र में पीने के पानी की व्यवस्था किया जाए। कांड्रा- सिन्दरी के सड़कों पर स्ट्रीट लाइट बंद पड़ा हुआ है। इस पर निगम का कोई ध्यान नहीं है। निगम क्षेत्र के सभी अंचल में एक-एक पुस्तकालय एवं युवाओं के लिए स्टेडियम बनाया जाए। जिसका नामकरण बिरसा मुंडा पुस्तकालय एंव स्टेडियम रखा जाए। श्री महतो ने आह्वान करते हुए कहा कि विभिन्न मांगों को लेकर 21अगस्त को नगर निगम कार्यालय का घेराव प्रदर्शन में हज़ारों लोग पहुंचे। बैठक में मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो, सचिव राणा चटराज, बिरेन गोराई, राज किशोर महतो, अशोक भारती, मोहन धानी, बमबम पासवान, सोनू गोराई, छोटू कुमार, धनंजय मलिक, मोतीलाल गोराई, आर. एन. घोष, सहदेव सिंह, निवारण महतो, मोहन ठाकुर, भागीरथ रवानी आदि शामिल थे।

# गिरिडीह जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव संपन्न 796 में से 675 अधिवक्ताओं ने किया मतदान

प्रभात मंत्र संवाददाता



**गिरिडीह :** शनिवार को जिला अधिवक्ता संघ चुनाव में मतदान का कार्य संपन्न हुआ।आज सुबह 9 बजे से शुरू हुए मतदान अपराहन 3 बजे तक चला। इसमें कुल 796 वोटरों में से 675 लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।मिली जानकारी के अनुसार अध्यक्ष, महासचिव व उपाध्यक्ष पद के लिए कांटे की टक्कर है।

वहीं रांची से आए चुनाव प्रयवेक्षक डीपी सिंह व एमके श्रीवास्तव के अलावे निर्वाचन पदाधिकारी शंभू नाथ सहाय, प्रमोद सिंह, रामविलास सिंह, प्रमोद सिंह, नियाज अहमद समेत अन्य सदस्यों की निगरानी में शांतिपूर्ण तरीके से दोपहर के तीन बजे तक मतदान प्रक्रिया चली। इस दौरान कुल सात पदाधिकारियों सहित 16 पदों के लिए 761 मतदाताओं में 675 अधिवक्ता मतदाताओं ने हिस्सा लिया और मतदान किया।

चुनाव को लेकर सुबह से ही जिले भर के वकीलों की भीड़ मतदान के लिए जुटनी शुरू हो गई थी। इस दौरान मतदान केन्द्र के बाहर प्रत्याशियों सहित उनके समर्थक अधिवक्ता मतदाताओं को अपने पक्ष मतदान करने की अपील करते देखे गए। वहीं मतदान केन्द्र के अंदर कतरबद्ध तरीके अलग-अलग पदों के लिए अलग-अलग बैलेट बॉक्स रखे गए थे। जिसमें मतदाता अपने उम्मीदवार के नाम के आगे बैलेट पेपर में टीक का निशान लगाकर पर्ची डाल रहे थे।अब सबकी नजर इस चुनाव परिणाम पर है।

## शाहिद अजय राय के परिजनों से मिले पूर्व सांसद रवींद्र राय

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बीते दिनों आतंकवादी हमले में शहीद



हुए देवरी प्रखंड अंतर्गत ढेंगाडीह के वीर जवान अजय राय के पिता राजू रॉय ,उनकी विधवा पत्नी एवं परिजनों से पूर्व सांसद सह हुड़को के निदेशक रविंद्र राय ने मुलाक़ात कर ढांढस बंधाया एवं क्रियाकर्म हेतु सहयोग दिया, इस दौरान इन्होने कहा की इस कठिन घड़ी में हम सभी उनके साथ हैं। परिजनों से मिल कर पता चला कि स्वर्गीय अजय के दो छोटे-छोटे बेटे हैं जिनमे एक कि उम्र 3 साल और दूसरे की 1 साल है । पूर्व में शहीदों के आश्रितों (खास कर विधवाओं) को अनुकंपा के आधार पर जीवन यापन हेतु नौकरी दी गयी है मैं पूर्ण रूप से प्रयास करूंगा कि जल्द से जल्द स्वर्गीय अजय की पत्नी को अनुकंपा के आधार पर नौकरी दी जाए ताकि बाकी बची जिंदगी सम्मान एवं स्वाभिमान से गुजार सके साथ ही जिला प्रशासन से आग्रह है कि पहल कर जिले के किसी स्थान पर कोई ऐसा निर्माण करवाएं जो वीर अजय की स्मृति में हो और जिससे जिले के युवाओं को परस्पर प्रेरणा मिले और अजय हम सब की यादों में सदैव रहें। इस दौरान मेरे साथ देवरी के प्रमुख अजय राय, ढेंगाडीह के मुखिया बनारसी रॉय, वरिष्ठ नेता अजय राय समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# जानलेवा हमला मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को भेजा जेल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** लोयाबाद थाना के चौकीदार पर हुए जानलेवा हमला मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को भेजा जेल। लोयाबाद के थाना प्रभारी राजन राम ने प्रेस वार्ता कर दी जानकारी। लोयाबाद पुलिस ने आज प्रेस वार्ता कर कांड संख्या 27/23 के मामले में उनके थाने के चौकीदार पर फरसा से जानलेवा हमला हुआ था उसको लेकर प्रेस वार्ता किया और जानकारी दी।इस मामले में लोयाबाद थाना के प्रभारी राजन राम ने कहा कि नामजद चारों अभियुक्तों की गिरफ्तारी कर ली गई है। बाकी अन्य को बहुत ही जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। ज्ञात हो कि पुलिस ने घटना के मुख्य आरोपी करमचंद साव को एकड़ा के वासुदेवपुर कोल डंप के पास से गिरफ्तार किया वह अपने घर पैसे लेने आया था। पैसे लेकर वह राजस्थान अपनी बहन के यहां भागने की फिराक में था।

पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर उसकी गिरफ्तारी कर ली। वहीं मौके से पुलिस ने एक काले कलर की पल्सर बाइक JH10 CM-1241 और फरसा भी जप्त किया है। वहीं थाना प्रभारी राजन राम ने कहा कि चारों आरोपियों को जेल भेज दिया गया हैं और बाकी की गिरफ़्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही हैं।

# पंचायत कमिटी विस्तार को लेकर कांग्रेस की बैठक संपन्न



**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत बेंगाबाद कांग्रेस प्रखंड कार्यालय मे पंचायत कमिटी के विस्तार हेतु बैठक संपन्न हुआ। बैठक का अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल शास्त्री के द्वारा किया गया। आगामी चुनावों को लेकर यह बैठक अहम माना जा रहा है। कांग्रेस पार्टी अंतिम लोग तक पहुच कर कांग्रेस के विचारों को रखने का प्रयास कर रही।

# वरिष्ठ पत्रकार रामजी यादव को नम आंखों से दी गई श्रद्धांजलि



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** टुंडी स्थित लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम में वरिष्ठ पत्रकार स्व राम जी यादव की 9वीं पुण्यतिथि मनाई गई। मौके पर उनके पुत्र रोहित आर्यन, भाई सुरेंद्र यादव, वीरेंद्र यादव, विजय सिन्हा, वरुण वैद्य, गोपाल जी चौबे, अजय सरोज, आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी, कार्यकारिणी अध्यक्ष सुधीर वर्णवाल, सचिव डॉ देवेंद्र सरण, राजेश कुमार, विनोद कुमार सहित आश्रम में निवास करने वाले माता-पिता तुल्य बुजुर्ग लोगों ने उनकी तस्वीर पर फूल माला चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित किया। ज्ञात हो कि स्व रामजी यादव लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम के संस्थापक एवं पूर्व अध्यक्ष थे। रामजी यादव का सपना था की धनबाद जिला में एक वृद्धा आश्रम का स्थापना किया जाए। रामजी यादव की देखरेख में लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम का स्थापना किया गया था। वहीं स्व रामजी यादव आज का सच न्यूज़ के मैनेजिंग डायरेक्टर भी थे। पुण्यतिथि के मौके पर लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी एवं कार्यकारिणी अध्यक्ष सुधीर वर्णवाल, सचिव डॉ देवेंद्र सरन ने स्व रामजी यादव के 9वीं पुण्यतिथि के मौके पर उनके जीवनी पर प्रकाश डाला। वहीं स्वर्गीय राम जी यादव के भाई सुरेंद्र यादव ने स्व राम जी यादव के बताए गए मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी एवं उनके अधूरे सपनों को पूरा करने का संकल्प लिया।

# कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव से मिले ब्रजेंद्र व सुल्तान

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** अखिल भारतीय कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केरल कांग्रेस के प्रभारी तारीक अनवर से एआईसीसी स्थित उनके कार्यालय में धनबाद के कांग्रेस जन ने मुलाकात कर झारखंड प्रदेश कांग्रेस के संगठन के संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा की। उनसे मिलने वालों में प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के अध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह, प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष सुल्तान अहमद तथा भीम कुमार और शहजादा अनवर भी उपस्थित रहे। तारीक अनवर ने कहा की 2024 के लोकसभा चुनाव में करीब 6 महीना रह गए हैं और आने वाले चुनाव में चाहे वह लोकसभा हो या विधानसभा हो, गठबंधन के सभी साथियों इंडिया के बैनर तले ही चुनाव लड़ने का संकल्प लिया गया है। इसलिए कांग्रेस को अपना संगठन वहां के 14 लोकसभा सीटों पर पूरा पुख्ता कर लेने की जरूरत है।

## टुंडी में तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का कांग्रेस नेता ने फीता काटकर किया उद्घाटन



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी प्रखंड के कोटालडीह में तीन दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट का उद्घाटन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता वकील बाउरी ने फीता काटकर शुभारंभ किया प्राप्त समाचार के अनुसार टुंडी के कोटालड़ीह स्थित खेल मैदान में स्टार क्लब द्वारा आयोजित तीन दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है जिसका शुभ उद्घाटन आज शनिवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता वकील बावरी एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता कयूम अंसारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर खेल की शुभारंभ किया । बताया जाता है यह तीन दिवसीय खेल आगामी 21 अगस्त सोमवार तक चलेगा तत्पश्चात उसी दिन समापन होगा विजेता टीम को ?20000 नगर की राशि दी जाएगी। उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य रूप से कांग्रेस नेता वकील बाउरी, कयूम अंसारी, असद कलीम, अमित जायसवाल के अलावा सैकड़ो कार्यकर्ता एवं खिलाड़ी मौजूद थे ।

## वेल्लोर में रक्तदान कर महिला की बचाई जान

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** वेल्लोर मे इलाजरत धनबाद निवासी 28 वर्षीय यासमीन परवीन का स्पाइन का ऑपरेशन होना था। उन्हें डॉक्टर ने दो यूनिट रक्त व्यवस्था करने को कहा जिससे परिजन काफी परेशान थे। वेल्लोर यहां से काफी दूर होने के कारण परिजन ने मुझसे संपर्क किया और रक्त व्यवस्था कराने की बात कही। मैंने अपने छोटे भाई समर इकबाल जो अरककोनम में जॉब करता है। उसे फोन कर वेल्लोर सीएमसी हॉस्पिटल में रक्तदान करने को कहा जो अरककोनम से ढाई घंटे की दूरी पर है।

## प्रीवोकेशनल ट्रेंनिंग में दिव्यांग बच्चों को रोजमर्रा के विभिन्न कार्यों का प्रशिक्षण



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शनिवार को नारायणी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित दिव्यांग बच्चों की विशेष स्कूल पहला कदम में 18 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों को प्रीवोकेशनल ट्रेनिंग के क्रम में रोज़मर्रा के काम की ट्रेनिंग के अंतर्गत किचन गार्डन, कपड़े आयरन करना और शिक्षकों की निगरानी में खाना बनाने की ट्रेनिंग दी गई। ये बच्चे भी रोजमर्रा के सब कार्य कर सकते है जो सामान्य बच्चे कर सकते है। इन बच्चो में हर कार्य करने की क्षमता होती है कमी है तो बस आत्मविश्वास की।

# धनबाद जिला फोटोग्राफर्स ट्रेड एसोसिएशन ने विश्व फोटोग्राफी दिवस मनाया

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** शनिवार को धनबाद जिला फोटोग्राफर्स ट्रेड एसोसिएशन ने विश्व फोटोग्राफी दिवस बहुत ही धूमधाम से मनाया। धनबाद के गोल्फ ग्राउंड पार्क धनबाद सभी फोटोग्राफर्स ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर धनबाद डिस्ट्रिक्ट फोटोग्राफर्स ट्रेड एसोसिएशन ने फोटो वॉक, एवं फोटो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें उत्कृष्ट फोटोग्राफी का प्रदर्शन करने वाले तीन प्रतिभागियों को प्रथम आकाश भारद्वाज, द्वितीय हेमंत कुमार एवं तृतीय सुनील कुमार को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। धनबाद जिला में फोटोग्राफी जगत में उल्लेखनीय योगदान देने वाले एक वरिष्ठ फोटोग्राफर सुनील कुमार गंडोत्रा को मोमेंटो देकर तथा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत निकॉन झारखंड बिहार के एएसएम मनीष कुमार सिंह एवं निकॉन मेंटर पल्लव पॉल को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया एवं मैंटर ने सभी फटॉग्रफर्स को कैमरे की तकनीकों से रूबरू कराया।

एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने सदस्यों को भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी जिसमें सभी सदस्यों का जीवन बीमा कराना एवं धनबाद जिला फोटोग्राफर्स ट्रेड एसोसिएशन का डायरी प्रकाशित करने के बारे में बताया । इस कार्यक्रम को सफल बनाने में धनबाद क्षेत्र के 75 फोटोग्राफर इस समारोह में शामिल हुए थे। अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, सचिव मनीष शाह, कोषाध्यक्ष प्रकाश कुमार, उपाध्यक्ष सुभाष सरावगी, संजय कुमार, रंजीत कुमार गुप्ता, सुबोध महाराज, मीडिया प्रभारी रंजीत जायसवाल, सूरज रवानी, साजिद खान,अभिजीत भट्टाचार्य, दीपू कुमार, सुभाष रजक, अनिल कुमार गुप्ता, मनोज राठौर एवं अन्य सदस्यों ने अहम भूमिका निभाई।

## शिक्षकों और दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड शिक्षा परियोजना के तत्वाधान अंतर्गत जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखंड शिक्षा परियोजना,लोहरदगा के निदेश के आलोक में वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए समावेशी शिक्षा अंतर्गत जिले के पेशरार प्रखण्ड के सभी प्राथमिक विद्यालयों के प्रभारी प्रधानाध्यापकों और दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन अभिलाषा सभागार में आज दिनाँक 19.08.2023 को किया गया। इसके अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के माता-पिता एवं समुदाय को संवेदीकृत कर समावेशी शिक्षा को सफल बनाने के लिए समाज के विभिन्न आयामों को समावेशी शिक्षा के प्रति जागरूक करने का सार्थक प्रयास किया गया। जिसमें उन बच्चों की शिक्षा को उत्कृष्ट बनाना और विशेष शिक्षकों की भूमिका तय करते हुए इनका उपयोग साधन सेवी के रूप में करते हुए उन बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने हेतु आज अंतिम चरण में पेशरार प्रखंड के प्रभारी प्रधानाध्यापकों और दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों का एकदिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम संपन्न किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यालय के पोषक क्षेत्र में रहने वाले दिव्यांग बच्चों को उनकी क्षमता अनुरूप उनकी दिव्यंगता के आधार पर पहचान करते हुए आवश्यक रणनीति निर्माण कर शिक्षा की मुख्य धारा में बनाए रखने का हर संभव हर स्तर से प्रयास किया जाना है। उन्मुखीकरण कार्यक्रम में समावेशी शिक्षा के प्रभाग प्रभारी अशोक कुमार पांडेय के द्वारा सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। जिसके अंतर्गत एक परिचय आरपीडब्ल्यूडी एक्ट 2016 में परिभाषित दिव्यंगताओं पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए इनके सब कैटेगरी के आधार पर अति अल्प, अल्प श्रेणी के दिव्यांग बच्चों को विद्यालय में नामांकित करा कर लगातार अनुश्रवण के माध्यम से शिक्षा में बनाए रखना है। गंभीर एवं अति गंभीर श्रेणी के बच्चों के लिए गृह आधारित प्रशिक्षण के साथ साथ अन्य सहायक सामग्रियों को प्रदान करते हुए उनको विद्यालय से जोड़ा जाना है। आगामी 28,अगस्त 2023 से 3 सितंबर, 2023 तक जिले के सभी प्रखंडों में आयोजित होने वाले असेसमेंट कैंप के मेडिकल कैंप में ऐसे बच्चों को चिन्हित कर कैंप में उपस्थित होने हेतु सभी प्रभारी प्रधानाध्यापकों से अनुरोध किया गया। साथ ही इसका व्यापक प्रचार प्रसार करने को भी कहा गया। प्रशिक्षण उन्मुखीकरण के क्रम में दिव्यांगता श्रेणी एवं दिव्यांगता श्रेणी की पहचान रणनीति निर्माण एवं विद्यालय में बनाए रखने हेतु विशेष चर्चा की गई।बच्चों का सूक्ष्म अवलोकन करते हुए विद्यालयों में बनाए रखने हेतु उपाय एवं गृह आधारित गृह आधारित प्रशिक्षण प्रशिक्षण में कैसे जुड़ा जाना है इस पर विशेष चर्चा की गई। उपस्थित प्रतिभागियों के द्वारा उन्मुखीकरण कार्यक्रम कार्यक्रम के उद्देश्य के संबंध में की गई।

## कांग्रेस पार्टी में कार्यकर्ता का स्थान सर्वोपरि है : सुखैर भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला कांग्रेस कमिटी के निर्देशानुसार पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत आज दिनांक 19/08/23 को लोहरदगा जिला के पेशरार, लोहरदगा एवम भंडरा प्रखण्ड में संबंधित प्रखण्ड अध्यक्षों की अध्यक्षता में लीडरशीप डेवलपमेंट मिशन कार्यक्रम के तहत आवश्यक बैठक आयोजित की गई। आज की बैठक में जिला अध्यक्ष श्री सुखैर भगत एवम लोहरदगा विधानसभा के संयोजक श्री दीपक ओझा जी मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में कार्यकर्ता का स्थान सर्वोपरि है। कार्यकर्ता के बल पर ही समाज और पार्टी मजबूत होता है। लीडर शिप डेवलपमेंट मिशन कार्यक्रम के माध्यम से पार्टी के समर्पित और निष्ठावान कार्यकर्त्ताओं का चयन कर प्रदेश नेतृत्व को भेजना है। ताकि जो भी कार्यकर्ता समर्पित भाव से काम करते हैं उन्हें आगे बड़ने का अवसर मिले। संयोजक श्री दीपक ओझा ने कहा कि सभी कार्यकर्ता मिशन 2024 की तैयारी में लग जाए। समर्पित कार्यकर्ताओं के मान सम्मान में कोई कमी नहीं होगी। आप मन लगा कर काम करे।राहुल गांधी जी आपके साथ है। एक एक साथियों का ख्याल पार्टी रखती है। आने वाले समय में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। हमारी एकता देख कर नरेंद्र मोदी बौखला गए हैं। उनके विदाई का समय आ गया है।

## युवा सद्भावना मंच के तले हनहट व बण्डा के मुकाबले क्रिकेट मैच मे 15 रंन से बण्डा की टीम बिजयी




**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के सढाबे पंचायत के एडादोन गाँव में 19 अगस्त शनिवार को युवा सद्भावना मंच के तत्वधान में क्रिकेट मैच का आयोजन का आयोजन किया गया। जिसमें 10 ओवर में बंदा की टीम ने 120 रन बनाए इस लक्ष्य का पीछा करते हुए हनहट की टीम 105 रन ही बना सकी। मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो ने कहा कि सद्भावना मंच की ओर हर शनिवार को बॉलीबॉल, फुटबॉल, क्रिकेट आदि विभिन्न प्रकार के खेल और कार्यक्रम किये जाते है जिससे युवाओं में खेल के साथ आपसी संबंध बेहतर किया जा सके।साथ उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए वेलडर, पलम्बर, होटल मैनेजमेंट, हाउस किपिग इत्यादि कार्यक्रमों की प्रशिक्षण निशुल्क कराया जा रहा है। मौके पर प्रखंड कार्यालय से समन्यवक अमन शिखर, सद्भावना दूत जावेद अख्तर, जुबैर अंसारी, बंडा तथा हनहट टीम के सभी खिलाड़ी शाहनवाज, सहीद, जुनेद, फैज तकविम, कैफ, तसोवर, इमरान, सूफी, अल्तमस, राशिद लतीफ सैयद, शाहरुख आदि उपस्थित थे।

## खेल का मैदान आपसी सद्भावना का सबसे बड़ा पाठशाला है : विलियम कुजूर

**➲खिलाड़ी अनुशासन के दायरे में खेलें कामयाबी जरूर मिलेगी : शाहिद अंसारी**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** प्रखंड के हिरही में अमर शहीद शेख भिखारी फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य उद्घाटन हुआ। इस उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए आजसू पार्टी के जिला प्रधान सचिव विलियम कुजुर ने कहा कि फुटबॉल का मैदान आपसी सद्भावना और भाईचारा का सबसे बड़ा पाठशाला है जहां जाति-धर्म, ऊंच -नीच का भाव नहीं होता और सभी आपसी सद्भावना एवं भाईचारा का परिचय देते हुए खेल खेलते हैं और दर्शक भी काफी उत्साह के साथ मैच का आनंद लेते हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित आजसू पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष शाहिद अंसारी ने कहा कि खिलाड़ी अनुशासन के साथ खेलें निश्चित रूप से लक्ष्य हासिल करने में कामयाब होंगे। उन्होंने कहा कि वही टीम विजयी होता है ,जो एक दूसरे को पास देते हुए टीम भावना के साथ खेल का प्रदर्शन करता है। अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष समीम अंसारी ने कहा कि अमर शहीद शेख भिखारी के नाम से हिरही में मैच का आयोजन होना गांव के लिए स्वाभिमान का विषय है और हम सभी एक दूसरे का सहयोग करते हुए सफलतापूर्वक मैच का आयोजन भी करेंगे और आनंद भी उठाएंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से एजाज अंसारी, इम्तियाज अंसारी, रियाज अंसारी, सद्दाम अंसारी, हफीजुल अंसारी, हाशिम अंसारी, नजीर अंसारी, मुस्ताक अंसारी, अशफाक अंसारी, समसुल अंसारी, निजामुद्दीन अंसारी, आशिक अंसारी सहित गांव के प्रबुद्ध जन एवं भारी संख्या में खेलप्रेमी उपस्थित हुए।

## पंचायत सचिवालय स्वयं सेवकों को न्याय मिले उसके लिए करेंगे सार्थक पहल : सुखदेव भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ का एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक सुखदेव भगत के आवास पहुंचकर श्री भगत से मुलाकात कर उन्हें पांच सूत्री मांगों वाला ज्ञापन शॉपकर उसका निदान करने के मांग किये। ज्ञापन में दो वर्षों से बकाया प्रोत्साहन राशि का भुगतान कराया जाए,प्रोत्साहन राशि हटाकर उसके स्थान पर मानदेय दिया जाए, पंचायत सचिवालय स्वयंसेवकों को का समायोजन किया जाए, पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक को स्थाई किया जाए इत्यादि अनेक समस्या से उन्हें अवगत काराये।स्वयं सेवक संघ ने श्री भगत को बताया कि 2016 में प्रत्येक पंचायत में 4 सेवकों की बहाली करना था जिसके तहत लोहरदगा में 264 स्वयंसेवकों की बहाली किया गया था तब से वह लगातार कार्य कर रहे हैं ।दो वर्षो से प्रोत्साहन राशि नहीं मिला है साथ ही पहले ग्रामीण विकास विभाग के सभी कार्यो को करते थे लेकिन अब सिर्फ आवास योजना का कार्य का जिम्मेदारी दिया गया है इसलिए झारखंड सरकार पंचायत सचिवालय स्वयं सेवकों का समायोजन करें ताकि हम लोगों का भविष्य सुरक्षित रहे। मौके पर सुखदेव भगत ने स्वयंसेवक संघ के प्रतिनिधि मंडल के सभी बातों को गहराई से सुना तथा उन्होंने कहा कि पंचायत सचिवालय स्वयंसेवकों के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। उनकी जो न्यायोचित मांग है उसे पूरा कराने के लिए वे सार्थक प्रयास करेंगे। श्री भगत ने कहा कि झारखंड सरकार सभी वर्गो के हित में काम करती है। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि वे ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री से मिलकर आप सभी के समस्याओं का निदान करने का प्रयास करेंगे।

## राज्य स्तरीय टीम द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का किया गया निरीक्षण



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मासिक बुजुर्ग स्वास्थ्य दिवस तथा तनाव मुक्त शिविर का कायोजन कर राज्य स्तरीय टीम के द्वारा किया गया निरीक्षण। राज्य स्तरीय टीम के द्वारा स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। वही टीम के द्वारा निरीक्षण के क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य व्यवस्था का जायजा लेते हुए डाक्टर एवं स्वास्थ्य कर्मियों से स्वास्थ्य से संबंधित चर्चा किया गया। इस क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर दिव्या निशि के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में की गई व्यवस्था के बारे बताते हुए राज्य स्तरीय टीम को जानकारी दिया गया। वही स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्देश देते हुए कहा गया। की प्रत्येक महीना के तीसरे शनिवार को मासिक बुजुर्ग स्वास्थ्य दिवस तथा तनाव मुक्त शिविर का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित करने का निर्देश दिया गया। शिविर में बुजुर्गों का बीपी,हृदय रोग,मधुमेह, कैंसर सहित अन्य तरह की बीमारियों का जांच कर इलाज करने के बारे में भी निर्देश दिया गया है। वही बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर ध्यान देते हुए सभी तरह की सुविधा मुहैया कराने का निर्देश राज्य स्तरीय टीम के द्वारा डाक्टर एवं स्वास्थ्य कर्मियों को दिया गया।

## प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी द्वारा बूथ का निरीक्षण कर दिया गया आवश्यक दिशा निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** अंचल अधिकारी सह प्रखंड सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के द्वारा बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बूथ का निरीक्षण किया गया। बिशुनपुर विधानसभा अन्तर्गत डाडू ग्राम के बूथ संख्या 57 एवं 58 में मतदाता सूची का पन्ना वेरिफिकेशन तथा बीएलओ के द्वारा किए जा रहे डोर टू डोर कार्य का सत्यापन किया गया। इस दौरान मतदाताओं से मतदाता सूची में अंकित विवरणी का सत्यापन किया गया। और उपस्थित बीएलओ को नाम पता सुधार हेतु प्रपत्र 8 भरने का निर्देश दिया गया। अंचलाधिकारी सह प्रखंड सहायक निर्वाची पदाधिकारी विजय कुमार द्वारा घरों में चिपकाए गए स्टीकरों का अवलोकन करते हुए उसमे सभी वांछित सूचनाओं को सही तरीके से भरने का बीएलओ को निदेश दिया। मौके पर मौजूद बीएलओ सुपरवाइजर अधीश खाखा को नियमित अनुश्रवण का निदेश देते हुए कि सभी योग्य व्यक्तियों का शत प्रतिशत निबंधन कराते हुए कार्य में गति लाने का निर्देश दिया गया। जिसे ससमय कार्य संपन्न किया जा सके साथ ही बीएलओ को मृत मतदाताओं का नाम सूची से हटाने का निदेश दिया गया। मौके पर पंचायती राज पदाधिकारी सत्यकाम श्रीवास्तव, बीएलओ अनवरी बेगम एवं शालो कुमारी उपस्थित थे।

## राज्य नोडल अधिकारी राहुल कुमार ने भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** जिले के भंडरा प्रखंड में आयुष चिकित्सा और योग के जरिए रोग मुक्त करने को लेकर शनिवार को राष्ट्रीय आयुष मिशन के राज्य नोडल अधिकारी राहुल कुमार ने भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रत्येक माह की तीसरे शनिवार को आयुष चिकित्सा कार्यक्रम के तहत इलाज रत मरीज से स्वास्थ्य व्यवस्था का हाल जाना। साथ उन्होंने भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डा. संजय कुमार से भंडरा प्रखंड में आयुष चिकित्सा के तहत संचालित हेल्थ वेलनेस सेंटर के कार्यो की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि आयुष के तहत नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल और चिकित्सा प्रदान करना हमारा संकल्प है। इसमें आयुर्वेदिक, योग, यूनानी सिद्धांत एवं होम्योपैथी के माध्यम से इलाज किया जाता है। साथ ही उन्होंने होम्योपैथी, आयुर्वेदिक की दवाई की सटॉक की भी जानकारी लिया। मौके पर भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डाक्टर संजय कुमार ने कहा कि भंडरा प्रखंड में चार आयुष चिकित्सक हैं,जो फिलहाल भंडरा प्रखंड के सेमरा, भौंरो, मसमानो व मलंग टोली के हेल्थ वेलनेस सेंटर में कार्यरत है। साथ ही उन्होंने आयुष डॉक्टरों द्वारा क्षेत्र में बेहतर कार्य करने की बात कही है।

## मिशन बदलाव की टीम ने की असहाय परिवार की मदद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जलडेगा :** जलडेगा प्रखंड के ओडगा पंचायत अंतर्गत ढेलसेरा कुम्हार टोली में मृत परिवार को मिशन बदलाव सिमडेगा टीम ओडगा के द्वारा खाद्य सामग्री तथा कुछ नगद राशि देकर सहयोग किया गया। जानकारी के अनुसार विगत 9 अगस्त को ढेलसेरा कुम्हार टोली निवासी लुदकी देवी 36 वर्षीय मवेशी को रेल पर करने के क्रम में दर्दनाक रेल हादसा हो गया। वहीं मृतक के चार छोटे-छोटे बच्चे हैं। मृतक के 10 कारमा पर मिशन बदलाव सिमडेगा ओडगा टीम के द्वारा खाद्य सामग्री तथा कुछ नगद राशि देकर सहयोग किया गया तथा पीड़ित परिवार को हर संभव मदद करने की बात कही। इस मौके पर रवि गोप, वार्ड सदस्य रोहित राणा, मुकेश साहू उपस्थित थे।

## पीडीएस दुकान के माध्यम से 36 लाभुक को दिया गया सोना सोबरन योजना का लाभ



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुटी पंचायत में सोना सोबरन योजना के तहत 36 कार्ड धारक के बीच कैम्प आयोजन कर धोती साड़ी व लूंगी का वितरण किया गया। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के बुटी पंचायत भवन में जन वितरण प्रणाली द्वारा सोना सोबरन योजना के तहत कैम्प का आयोजन किया गया। आयोजित कैम्प में 20 सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम,प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अमूल तिर्की, रिजवान अख्तर निमय महतो सहित जनवितरण संचालक द्वारा 36 कार्ड धारक के बीच वितरण किया गया। जिसमें बुटी जनवितरण प्रणाली संचालक अनिल कुमार जयसवाल के द्वारा 9 कार्डधारक को दिया गया जबकि झखरा पीडीएस संचालक मोहम्मद इंतसार अंसारी द्वारा 7 लाभुक को बुटी जितिया टोली पीडीएस संचालक द्वारा 10 लाभुक को तथा कंडरा गुलाबी महिला मंडल पीडीएस संचालक द्वारा 10 लाभुक के बीच धोती साड़ी तथा लुंगी का वितरण किया गया। वितरण के दौरान 20 सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम ने कहा योजना का सदुपयोग करते हुए जरूरत मंद तक पीडीएस संचालक पहुंचाने का कार्य कर रहें है। जिससे सरकार की महत्वकांक्षी योजना सफल होते हुए धरातल पर दिख रहा है। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने सभी पीडीएस संचालक को निर्देश देते हुए कहा कि धोती साड़ी एवं लुंगी वितरण की उपयोगिता कार्यालय में ससमय वितरण के पश्चात जमा करें मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम, उप मुखिया सुनील उराँव, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अमूल तिर्की, रिजवान अख्तर, निमय मेहता सहित पीडीएस संचालक एवं लाभुक उपस्थित थे।

**रोशनी उरांव बनी एक दिन की प्राचार्य**

## छात्र-छात्राओं ने किया अध्यापन सहित कॉलेज की संपूर्ण व्यवस्था का संचालन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शनिवार को विद्यालय की संपूर्ण व्यवस्था का संचालन छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया। कक्षा 12वीं की छात्रा रोशनी उरांव एक दिन की प्राचार्य बनाई गई। जिनके नेतृत्व में कक्षा 12 वीं के छात्र-छात्राओं द्वारा विद्यालय की संपूर्ण व्यवस्था के संचालन में अध्यापन का कार्य भी किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने बताया कि कन्या भारती एवं तरुण भारती द्वारा नेतृत्व क्षमता विकास की दृष्टि से प्रत्येक वर्ष इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। छात्र-छात्राएं इस माध्यम से न सिर्फ विद्यालय संचालक की जिम्मेवारियों को समझते हैं बल्कि उनमें कार्य कुशलता और नेतृत्व क्षमता का विकास भी होता है। अध्यापन कार्य में ईशा कुमारी, अवंतिका पुजारी, बबली कुमारी, निशा उरांव, शशि कच्छप, अंकित कुमार साहू, सुषमा अभिषेक लकड़ा, पायल वर्मा, रोहित कुमार साहू, अमन टोप्पो, रोशन उरांव, रोशनी उरांव, नेहा कुमारी, विशाल शिखर, अल्फा कुजूर, आदित्य उरांव, चंदन महतो, पूनम कुमारी थे। प्राचार्य बनी रोशनी उरांव ने आरंभ में वंदना सभा में दीप प्रज्वलन किया और समापन बेला में अपना अनुभव कथन भी रखा। इस बीच उसने अर्थशास्त्र में 2 घंटी अध्यापन का भी कार्य किया। अंत में असेंबली में भैया बहनों के बीच अपना अनुभव रखते हुए उसने कहा कि एक प्राचार्य का काम चुनौतियों भरा होता है। जिसमें अपने महाविद्यालय के प्राचार्य प्रत्येक दिन खरा उतरते हैं और नित्य नवीन प्रयोगों से भैया बहनों का चहुमुखी विकास कैसे हो इस पर योजनाएं बनाते है और सभी का मार्गदर्शन करते हैं। एक दिन के प्राचार्य के रूप में समय और अनुशासन के साथ-साथ नेतृत्व एवं कुशल प्रबंधन के गुर सीखते हुए उसका महत्व समझ में आया।

## बोलबा में हुआ पुलिस पब्लिक हॉकी व फुटबॉल टूर्नामेंट खेल प्रतियोगिता का फाईनल मैच



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बोलबा :** सिमडेगा जिले के बोलबा प्रखण्ड के अवगा हाई स्कूल मैदान में पुलिस पब्लिक हॉकी एवं फुटबॉल टूर्नामेंट खेल प्रतियोगिता का फाईनल मैच खेला गया।फाइनल मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने फुटबॉल को कीक मार कर किया।उद्घाटन के पूर्व अतिथियों ने दोनों टीम के खिलाड़ियों से एक-एक कर परिचय प्राप्त किया।वही विशिष्ट अतिथि के रूप में युवा जिला अध्यक्ष सन्देश एक्का, जिला परिषद् अध्यक्ष - रोश प्रतिमा सोरेंग, जिला परिषद् सदस्य बोलबा अनिता सोरेंगज़ झा.पा पार्टी जिला अध्यक्ष मतियस बागे मौजूद रहे।हॉकी फाइनल मैच सकजोर जीवन ज्योति टीम Vs सक्जोर जीवन ज्योति टीम के बीच खेला गया।जिसमें विजेता टीम सकजीर जीवन ज्योति टीम. 2 गोल से विजय हुई। वही फुटबॉल फाइनल मैच बोलबा पाकर बहार डूब्य तलसेरा उडिसा के बीच फाइनल मैच खेला गया। जिमसें विजेता टीम तलसेरा उड़िसा ने पेनाल्टी शॉटऑट में 3 गोल से जीत हासिल किया।उपस्थित खिलाड़ी एवं दर्शकों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने उन्होंने झारखंड पार्टी हमेशा से खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने का काम किया है और आगे भी करेगी ताकि यहां के खिलाड़ी आगे बढ़े और नाम रोशन करें। उन्होंने कहा वर्तमान समय में पढ़ोगे लिखोगे बनोगे नवाब खेलोगे कूदोगे तो बनोगे खराब का जो परिभाषा है वह बदलकर अब खेलकूद के क्षेत्र में आगे बढ़ने का रास्ता बन चुका है जहां पर कई खिलाड़ी आगे बढ़ रहे हैं।इस मौके पर उपस्थित खिलाड़ी एवं उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते सन्देश एक्का ने कहा कि खेल से आपसी सद्भावना एवं प्रेम बढ़ती है जो भी टीम इस टूर्नामेंट में भाग ले रहे हैं सभी टीम के खिलाड़ी आपसी सद्भावना एवं प्रेम के साथ अपना खेल का प्रदर्शन करें तथा अपना तथा अपने क्षेत्र का नाम रोशन करें। हमारे जीवन में जिस तरह पढ़ाई बहुत जरूरी है उसी प्रकार खेल भी बहुत जरूरी है।वही जिला परिषद् अध्यक्ष - रोश प्रतिमा सोरेंग ने कहा ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के टूर्नामेंट के आयोजन से खिलाड़ियों का मनोबल ऊंचा होने के साथ प्रतिभा भी सामने आती है।

## बानो प्रखंड के आरसी उच्च विद्यालय बांकी के बच्चों के साथ बेरहमी से मारपीट करना गलत : तुलसी कुमार साहू

**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बानो प्रखंड के आरसी उच्च विद्यालय बांकी में विद्यालय के प्रिंसिपल के द्वारा दो नाबालिक बच्चों को बेरहमी से मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री तुलसी कुमार साहू के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल सिमडेगा उपायुक्त के कार्यालय में ज्ञापन सौंपते हुए कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि प्रिंसिपल द्वारा दो नाबालिक बच्चों के साथ बेरहमी से मारपीट किया है बताया गया की 14 अगस्त को विद्यालय के प्रिंसिपल द्वारा दो नाबालिक बच्चे मयंक कुमार साहू एवं शनि महतो को किसी बात को लेकर डांट फटकार करने के दौरान इतनी बेरहमी से मारपीट किया कि दोनों बच्चों के पैर में खून का रिसाव होने लगा। तुलसी कुमार साहू ने कहा की बच्चों ने किसी प्रकार का अपराध किया था तो अभिभावक को बुलाकर बच्चों को समझाना चाहिए था ताकि वह दुबारा इस तरह का कोई गलती ना हो। लेकिन इस तरह से कानून को हाथ में लेते हुए शिक्षक के द्वारा बच्चे को बेरहमी से मारपीट करना शर्मनाक और निंदनीय है। उन्होंने उपायुक्त से मांग कीया है कि जिला स्तरीय कमेटी का गठन कर गंभीरतापूर्वक जांच करते हुए गलत पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाए ताकि इस तरह की घटना की पुर्नवृत्ति ना हो ज्ञापन सौंपने में सिमडेगा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा, कोलेबिरा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सुजान मुंडा, मंडल सांसद प्रतिनिधि दीप नारायण दास शामिल थे।

## चलते चलते एक नजर

### विफल है केंद्र सरकार की उड़ान योजनाः खड़गे



**नई दिल्ली :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आरोप लगाया है कि केन्द्र सरकार की उड़ान योजना पूरी तरह विफल रही है।खड़गे ने शनिवार को देश के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की ऑडिट रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि सस्ते किराए में हवाई यात्रा करवाने का दावा करने वाली केन्द्र सरकार की उड़ान योजना विफल रही है।मोदी सरकार का हवाई चप्पल पहन, हवाई सफ़र करने का वादा उनके हर वादे की तरह हवा-हवाई ही रहा है। उन्होंने कहा कि सीएजी की रिपोर्ट बताती है कि योजना के तहत 93 फीसदी रूट्स पर फ्लाइट का संचालन ही नहीं किया गया। खड़गे ने कहा कि इस योजना के तहत हेलीकॉप्टर सेवा शुरू की जानी थी। वह भी संभव नहीं हो पाई है। इस योजना के नाम पर लोगों के साथ सरकार ने छल किया है। सिर्फ सपने दिखाए हैं। अगले चुनाव में देश की जनता इस सरकार को माफ नहीं करेगी।

### शिवसेना को मजबूत करने का लिया संकल्प



**हरिद्वार :** शिवसेना किसान मोर्चा जिला कार्यालय पर एक सभा हुई। इसमें विभिन्न विधानसभाओं, नगर, ग्राम से आए शिव सैनिकों ने हिस्सा लिया।नूतन उपाध्याय ने सभा को संबोधित करते हुए बताया कि शिवसेना एकमात्र हिंदू संगठन है, जो राजनीतिक रूप से हिंदुत्व के पक्ष में एवं समाज हित में काम करता है। सच्चाई पर चलकर बाला साहब की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के कार्य में लगा है। सभा की अध्यक्षता करते हुए देवेंद्र प्रजापति ने सभी को शिवसेना उत्तराखंड मैदानी क्षेत्र के सभी जिलों, विधानसभा, नगर, ग्राम, वार्ड एवं बूथ स्तर पर शिवसेना को मजबूत करने का संकल्प दिलाया।सभा की अध्यक्षता राज्य मंडल प्रमुख उत्तराखंड मैदानी क्षेत्र देवेंद्र प्रजापति और संचालन जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा नूतन उपाध्याय ने किया।सभा में महंत रमेश नाथ, शिवसेना विधि प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अंशुल सिंह, चंद्रशेखर चौहान, प्रदेश सचिव राजू राठौर, ग्राम प्रमुख टांडा मझादा अजय राजपूत, विधानसभा प्रमुख रानीपुर जिला सचिव सिंह राठौर, पंकज सैनी, सुरेंद्र सैनी, मेघनाथ सैनी, राम बहादुर सैनी, अमरपाल निखिल आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चेन स्नैचिंग करने के आरोप में महिला सहित तीन गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** । हाल के दिनों में चेन स्नैचिंग का मामला बढ़ रहा है। वही पुलिस भी इस पर अंकुश लगाने के लिए पूरी तरह से मेहनत कर रही है। इसी के परिणाम स्वरूप 17 अगस्त को अरगोड़ा थाना क्षेत्र से सोहराई भवन के पास एक मोटरसाइकिल में जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच01 डीके 7157 है । इस पर दो युवक सवार है, वही चैन स्नैचिंग करता था, जिसे पुलिस ने पकड़ लिया। गिरफ्तार युवक में मोहम्मद फहीम है और मोहम्मद नौशाद उर्फ बंदर । इन लोगों के पास से चेन स्नैचिंग के 14 ग्राम सोना गला हुआ अवस्था में , एक लाल रंग का टीवीएस अपाची मोटरसाइकिल जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच01 केडीके 71 57 जब्त किया गया है। करीब 22 मामलों में आरोपी है जगन्नाथपुर ,धुर्वा , पुनदाग थाना में भी इसके मामले दर्ज हैं। पहले भी जेल जा चुका है। सिटी एसपी शुभांशु जैन ने बताया कि फहीम और नौशाद स्नैचिंग का काम करते थे ,इसके साथ एक महिला है शबनम उर्फ चांदनी है जो इन लोगों द्वारा लूटा हुआ जेवर सुनार दुकान में बेचती थी। लोअर बाजार थाना क्षेत्र के कांटाटोली स्थित जेवर दुकान के अजय वर्मा उर्फ अजय सोनी के जेवर दुकान में यह लोग भेचती थी वहां से अजय वर्मा को भी गिरफ्तार किया गया है। वही मुख्य आरोपी देवा अभी पुलिस की गिरफ्त से फरार है।



**लक्ष्मण की मेहनत से पकड़ा**

**गया:** बता दें कि इन दो आरोपियों को पकड़ने में अरगोड़ा थाना के जवान लक्ष्मण यादव ने पूरी मेहनत की उसके प्रयास से दोनों चेन स्नेचिंग करने वाले पकड़ा गया । दोनों मोटरसाइकिल में आ रहा था, वही लक्ष्मण यादव एक ठेला के पास खड़े थे तभी आरोपी ने लक्ष्मण को पहचान लिया । बावजूद इसके लक्ष्मण दोनों के ऊपर कूद गया और दोनों गिर गया दोनों को दबोच लिया , जिसमें मोटरसाइकिल के चक्का घूमने से उसके पैर में चोट आ गई लेकिन उसने दोनों आरोपियों को पकड़े रखा।

### गोस्सनर कॉलेज के विद्यार्थियों ने सीखे फोटोग्राफी के गुण

**रांची:** विश्व फोटोग्राफी दिवस पर गोस्सनर कॉलेज मास कम्युनिकेशन विभाग ने शनिवार को टैगोर हिल में फोटोग्राफी प्रैक्टिकल कार्यक्रम का आयोजन किया। विद्यार्थियों को मोबाइल फोटोग्राफी संबंधित एवं मोबाइल की तकनीक का इस्तेमाल कर फोटो को किस प्रकार उत्कृष्ट बनाया जा सकता है की महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। प्रैक्टिकल का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को फोटोग्राफी में इस्तेमाल होने वाले सात शॉट्स, लो एंगल, हाई एंगल सहित कैमरे की तकनीकी जानकारी देना था। कार्यक्रम में प्रोफेसर संतोष कुमार सहित सेमेस्टर-2 के सौरभ सिंह, गुलशन कुमार, कुलेश्वर कुमार महतो सहित अन्य शामिल रहे।

# पूर्व विधायक अमित महतो को मिली जमानत




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अपर न्यायायुक्त मो. शहजाद की अदालत ने शनिवार को जेल में बंद पूर्व विधायक अमित महतो को जमानत दे दी है। इससे पूर्व दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने गत गुरुवार को फैसला सुरक्षित रख लिया था। 17 जुलाई को सीजेएम कोर्ट में जमानत याचिका खारिज होने के बाद अमित महतो की ओर से अपर न्यायायुक्त की अदालत में चार अगस्त को जमानत याचिका दाखिल की गयी थी। उल्लेखनीय है कि अमित के खिलाफ वर्ष 2022 में विधानसभा घेराव कार्यक्रम के बाद रांची के धुर्वा थाना में कांड संख्या 208/2022 दर्ज की गयी थी। प्राथमिकी में सरकारी काम में बाधा डालने और बिना अनुमति के सड़क जाम करने सहित कई आरोप लगाये गये थे। इस मामले में अमित महतो को हाई कोर्ट से अग्रिम जमानत नहीं मिली थी।

इसके बाद 27 जून को अदालत में कोर्ट में सरेंडर किया था। कोर्ट ने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। अमित महतो फिलहाल खतियानी झारखंडी पार्टी के नेता

# एक साथ गांव पहुंचे 6 शवों को देख पसरा सन्नाटा

**एजेंसी**

**सिल्ली :** सिल्ली के पिस्का गांव शुक्रवार को पुलिस की छावनी में तब्दील रहा। पूरे दिन अधिकारियों और राजनीतिक दलों के नुमाइंदों का आना-जाना लगा रहा। पूरा गांव शोक में था। इसी माहौल के बीच छ शवों का उनके परिजनों ने गांव के ही समीप उरांग गढ़ा बजरंग मेरा श्मशान स्थल पर दाह संस्कार किया। जिसमे स्व रमेश मांझी, स्व गुरुपद मांझी स्व बहादुर मांझी तीन चिताएं को जलाया गया। वही स्व धनंजय मांझी स्व बिष्णु माझी स्व मंटू माझी तीन चिताएं को दफना दिया गया । दिन शुक्रवार पोस्टमार्टम के बाद गांव में शवों का पहुंचना देर रात से ही शुरू हो गया। छ शवों को उनके घरों में लाया गया। पूरे गांव की महिलाएं, पुरुष यहां शोक जताने को मौजूद रहे। बच्चों और महिलाओं के करुण क्रंदन से आसपास गम का माहौल रहा। उधर, हादसे को लेकर परिजनों में रोष भी नजर आया।




